



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


# नक्सल अभियान के बीच तेलंगाना में 'शांति' का शोर, पूर्व सीएम केसीआर बोले- नक्सलियों पर हो रहा अत्याचार, तुरंत रोके 'कगार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

- फोर्स के संकल्प अभियान रोकने केन्द्र व राज्य सरकार से की मांग
- केसीआर के बयान पर पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर ने किया पलटवार

नक्सलियों के खिलाफ बीजापुर-तेलंगाना सीमा स्थित करेंगुट्टा की पहाड़ी पर फोर्स द्वारा चलाए जा रहे नक्सल अभियान के बीच तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी व पूर्व सीएम केसीआर का बयान आया है। रविवार को केसीआर ने तेलंगाना में एक आम सभा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कगार से निर्दोष आदिवासियों की मौतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं केंद्र सरकार से ऑपरेशन कगार को बंद करने की अपील करता हूं।

केसीआर ने कहा कि नक्सली शांतिवार्ता का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ सरकार को भेज रहे हैं पर सरकार की ओर से कोई पहल नही की जा रही है इसलिए मैं केंद्र सरकार को ऑपरेशन रोकने के लिए पत्र लिखूंगा। केंद्र और राज्य सरकारें नक्सलियों पर क्रूरतापूर्वक ⏭ शेष पेज 7 पर



## केसीआर की बेटी का शांतिवार्ता को लेकर आया बयान

शांतिवार्ता व नक्सलवाद को लेकर केसीआर की बेटी और बीआरएस एमएलसी के कविता का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा नक्सलवाद एक विचारधारा है इसे केवल चर्चा से खत्म किया जा सकता है। आतंक को बल द्वारा खत्म करने का प्रयास किया जाएगा तो बढ़ता ही जाएगा। वहीं केसीआर ने कहा कि ऑपरेशन कगार को तुरंत रोका जाए। केंद्र व राज्य सरकारें शांतिवार्ता के लिए नक्सलियों को बुलाएं इससे देश की उन्नति होगी।

## तेलंगाना में मिल रहा समर्थन

नक्सलियों के शांतिवार्ता को तेलंगाना से समर्थन मिल रहा है। विपक्ष बीआरएस व सत्तासीन कांग्रेस सरकार माओवादियों से शांति वार्ता के पक्ष में खड़ी हो गई है। वहीं शांति समिति के सदस्यों ने भी गोलीबारी रोकने सीएम रेवंत से मुलाकात की। इस दौरान मौजूद समिति संयोजक पूर्व जस्टिस चंद्रकुमार, प्रोफेसर हरगोपाल, प्रोफेसर अनवर खान, दुर्गा प्रसाद, जम्पन्ना व रवि चंदर व अन्य ने मुख्यमंत्री से शांति वार्ता के पक्ष में पहल करने की अपील की है। शातिवार्ता को लेकर सीएम ने पूर्व मंत्री जना रेड्डी से मुलाकात की। इस दौरान सरकार के सलाहकार के केशव राव और वेम नरेंद्र रेड्डी भी बैठक में शामिल हुए। जना रेड्डी के आवास पर आधे घंटे तक चली बैठक के बाद शांतिवार्ता को लेकर चर्चा हुई।



## इधर, नेल्लोर की आपरेशन रोकने की अपील

करेंगुट्टा की पहाड़ी पर नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे संकल्प अभियान के बीच अब आंध्रप्रदेश के एक संगठन सामुदायिक मंच नेल्लोर ने छग सरकार से ऑपरेशन को रोकने की अपील की है। संगठन ने पत्र जारी कर लिखा कि मध्य भारत के दंडकारण्य में केंद्र व राज्य सरकारों ने सभी संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन किया है।

*आतंकी हमले के बाद सैन्य रणनीति पर बातचीत*

# पीएम से मिले रक्षामंत्री 'सुरक्षा' पर लंबा मंथन

- रक्षामंत्री इससे पहले सीडीएस जन. अनिल चौहान से भी मिले
- रक्षामंत्री व प्रधानमंत्री के बीच 40 मिनिट चली मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को देश की सुरक्षा तैयारियों के बारे में जानकारी दी। इससे पहले, राजनाथ सिंह ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान से भी मुलाकात की थी।

उन्होंने पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर चर्चा की। पीएम मोदी और रक्षा मंत्री के बीच 40 मिनट तक चली बैठक। रक्षा मामलों के संसदीय समिति की भी बैठक हुई जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई।



## चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से मुलाकात

पीएम मोदी से मिलने से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान से मुलाकात की थी। बीएसएफ के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी ने भी जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन पर चर्चा की।बता दें कि इससे पहले नेवी ने कई सफल एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग की हैं।

भारत ने की डिजिटल स्ट्राइक

## डॉन समेत 16 पाक यूट्यूब चैनल बैन

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर चौतरफा लगाम कसने की जारी पहल के तहत सरकार ने भारत के खिलाफ दुष्प्रचार प्रोपेगेंडा में शामिल पाकिस्तान के 16 यू-ट्यूब चैनलों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं सरकार ने विश्व के चर्चित न्यूज संस्थान बीबीसी की पहलगाम हमले के आतंकवादियों को उग्रवादी बताने की उसकी रिपोर्टिंग पर भी आपत्ति जताई है। साथ ही बीबीसी की कवरेज की मानटिरिंग करने का फैसला किया है। सरकार ने भारतीय सेना के आधुनिकीकरण तथा युद्ध क्षेत्र में घायल या शहीद हुए सैनिकों के लिए प्रतिदिन एक रुपया दान देने के व्हाट्सएप पर चल रहे एक झूठे-भ्रामक संदेश को भी ब्लॉक कर दिया है।

मंत्रालय में मैराथन बैठक, नक्सलियों से मोर्चा ले रहे जवानों को सराहा

# सीएम साय ने संभाली नक्सल अभियान की कमान, कहा- दबाव बनाकर रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा की। बैठक का मुख्य फोकस प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा स्थिति और नक्सल उन्मूलन अभियानों की प्रगति रहा। मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में प्रदेश को नक्सलमुक्त बनाने के संकल्प के साथ दृढ़ता से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा, मार्च 2026 तक नक्सलवाद का समूल उन्मूलन करना हमारा लक्ष्य है और इस दिशा में हम हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों के ⏭ शेष पेज 7 पर



**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने की नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा
- नक्सलवाद के खात्मे के लिए हरसंभव प्रयास जारी

## प्रदेश को पूरे देश में मिलेगी एक नई पहचान

उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा, सजगता और प्रतिबद्धता के साथ इस ऐतिहासिक लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा, आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त और विकासोन्मुख प्रदेश के रूप में पूरे देश में एक नई पहचान मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सुरक्षा बल, प्रशासनिक अमला और प्रदेशवासी एकजुट होकर इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करेंगे और 'विकसित छत्तीसगढ़' के सपने को साकार करेंगे।

## एडीजी नक्सल आपरेशन और बस्तर आईजी भी जुड़े

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में नक्सल आपरेशन का मोर्चा संभाल रहे एडीजी नक्सल आपरेशन विवेकानंद सिन्हा और बस्तर आईजी पी सुंदरराज से भी चर्चा की। दोनों वरिष्ठ अधिकारी आनलाइन जुड़े और आपरेशन के बारे में जानकारी दी। श्री विवेकानंद ने वर्तमान में चल रहे आपरेशन की चुनौतियों के ⏭ शेष पेज 7 पर

INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

गुजरात 209/4 VS राजस्थान 212/2

8 विकेट से जीता राजस्थान

101 रन, वैभव सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच


दिल्ली VS कोलकाता

समय : शाम 7.30 बजे

**खबर संक्षेप**

## गायिका नेहा के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज

**लखनऊ।** लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ राजद्रोह समेत कई गंभीर धाराओं में



लखनऊ के हजरतगंज थाने में मामला दर्ज किया गया है। इस बीच राठौर ने पलटवार करते हुए कहा कि सरकार उन पर प्राथमिकी दर्ज करवाकर असली मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है और आगे कहा कि अगर सवाल पूछना बगावत है तो वह बागी हैं।

# वापस किए जाएंगे मेडिकल कॉलेज को मिले टूटे हुए चिकित्सकीय उपकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेडिकल कॉलेज को डीएमएफ मद से मिले कुछ चिकित्सकीय उपकरण के खराब होने के मामले में उन्हें वापस करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे 38 मशीनें मेडिकल कॉलेज को सप्लाई की गई थी जिसमें से 25 मशीनें ही सही निकली हैं। खराब उपकरणों में खून जांच की सबसे महंगी मशीन ⏭ शेष पेज 7 पर

- डीएमएफ मद से हुई थी 38 मशीनों की आपूर्ति

## खराब उपकरण वापस किए जाएंगे

ब्लड स्प्लेटर मशीन खराब निकली है, कुल 38 सामग्री मेडिकल कॉलेज को मिली थी उसमें से 25 सामग्री सही है। शेष का परीक्षण कराया जा रहा है और भी उपकरण खराब निकलेंगे तो उन्हें भी वापस किया जाएगा। लगभग 46 लाख की लागत की मशीन है जिसे वापस किया जाएगा।

## नहीं हुआ बिल का भुगतान

जिस सप्लाई कंपनी के द्वारा 4 करोड़ के चिकित्सकीय उपकरण की आपूर्ति की गई थी उनके उपकरणों में तकनीकी खराबी को देखते हुए उनके बिल का भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में सप्लाई वाली कंपनी को भी उनके द्वारा भेजे गए उपकरणों में तकनीकी खराबी आने की सूचना भी भेज दी गई है और इसे देखते हुए मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों ने बिल भुगतान करने की कार्यवाही की है।

# खारुन एनीकट में डूबे दो युवक, एक को बचाने में चली गई दूसरे की भी जान




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खारुन नदी में बने सातपाखर एनिकट में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों मृतक अपने एक अन्य साथी के साथ रविवार देर शाम नदी में नहाने गए थे। इस दौरान दोनों युवक तेज बहाव के कारण पानी की गहराई में समा गए। मृतकों की उम्र 18 तथा 21 वर्ष है। मृतक नवा रायपुर तथा लभांडी के रहने वाले हैं। मुजगहन पुलिस ने सोमवार को एसडीआरएफ की मदद से पानी में डूबे दोनों मृतकों की लाश को पानी से बाहर निकाला। पानी में डूबने से नवा रायपुर निवासी अर्जुन यादव तथा लभांडी निवासी ⏭ शेष पेज 7 पर

- तीन दोस्त रविवार देर शाम नदी में नहाने गए थे, तब हुआ हादसा

## अंधेरा होने की वजह से नहीं कर पाए रेस्क्यू

नदी में डूब रहे अपने साथियों को बचाने मृतकों का तीसरा साथी लोगों से मदद मांगने के लिए गया, मौके पर जब लोग बचाने के लिए पहुंचे तब तक अर्जुन और उसका साथी पानी की गहराई में समा चुके थे। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर मुजगहन पुलिस पहुंची, अंधेरा होने की वजह से रात में युवकों की तलाश बंद कर दी गई। सुबह पुनः रेस्क्यू का काम चालू किया और दोनों मृतकों के शव को नदी से बाहर निकाल पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।



सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस, सरकार से मांगा जवाब

# सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट दिखाया तो खैर नहीं...

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और ओटीटी (ओवर द टॉप) प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील कंटेंट परोसने वालों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, उल्लू, एएलटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों जैसे एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब को एक जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें यौन सामग्री की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने की मांग की गई। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ⏭ शेष पेज 7 पर

## नए नियम लागू करने पर चल रहा विचार

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने बताया, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट के लिए रूल रेगुलेशन पहले से मौजूद हैं। सरकार इस संबंध में कुछ नए नियम लागू करने पर भी विचार कर रही है।






**युवाओं और बच्चों में पड़ रहा बुरा असर :** एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने दायर याचिका में कोर्ट को बताया कि ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिना किसी फिल्टर के अमर्यादित सामग्री दिखाई जाती है। युवाओं और बच्चों के मनमस्तिष्क इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बड़े बुजुर्ग भी कई बार इससे प्रभावित हो जाते हैं। ऐसी सामग्री के प्रकाशन पर रोक लगाई जानी चाहिए।

## याचिकाकर्ता की मांग

याचिकाकर्ता ने सोशल मीडिया कंटेंट की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली कमेटी गठित करने की मांग की है। कहा, कमेटी में एक्सपर्ट्स को भी शामिल किया जाए। यह कमेटी सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन की तर्ज पर सर्टिफिकेशन करेगी। याचिकाकर्ता ने भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त मनोवैज्ञानिकों और एक्सपर्ट्स की कमेटी बनाने की भी मांग की है। जो देश भर में अध्ययन कर अश्लील कंटेंट से समाज में पड़ने वाले दुष्प्रभावों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट बनाए।

प्राकृतिक और सुरक्षित
मातृत्व

www.borneohospitals.com

LAUNCHING

borneo®
MOTHER & CHILD CARE HOSPITAL
ADVANCED • AFFORDABLE • ACCESSIBLE

Chhattisgarh's
1st Comprehensive
Mother and Child Care
Hospital

#Delivering Happiness

TUE, 29th APRIL 2025 | 10 AM ONWARDS

Offering Specialized Care in

Gynecology • Maternity • Fertility • Neonatal • Child Care • NICU
PICU • Maternity ICU • Garbh Sanskar and Ayurveda

CHIEF GUEST
Hon'ble Shri Vishnu Deo Sai Ji
Chief Minister of Chhattisgarh

CHAIR PERSON
Hon'ble Shri Dr. Raman Singh Ji
Chairman, Chhattisgarh Legislative Assembly

SPECIAL GUESTS

Hon'ble Shri Shyam Bihari Jaiswal Ji
Health Minister, Chhattisgarh

Hon'ble Shri Sunil Soni Ji
Legislator, Raipur (South)

Hon'ble Shri Brijmohanji Agrawal
MP, Raipur

Hon'ble Shri Motilal Sahu Ji
Legislator, Raipur (Rural)

Hon'ble Shri Rajesh Munat Ji
Legislator, Raipur (West)

Hon'ble Shri Purandar Mishra Ji
Legislator, Raipur (North)

Hon'ble Shrimati Meenal Choubey Ji
Mayor, Raipur

HOSTED BY

Wallfort Group
Nimai Group
Sumeet Bazar

86696-68641
DAVDA COLONY, PACHPEDI NAKA, RAIPUR (C.G.)

MAHESHWARI



रायपुर
मंगलवार, 29 अप्रैल 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 281
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 38.4
न्यून. 22.2

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# गरीबों के मकान तो बना दिए, अब बकाया अंशदान वसूली में फंसा पेंच, अरबों रुपए जाम

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एएचपी घटक के तहत राज्य के सभी नगर निगम और कुछ नगरपालिका क्षेत्रों में गरीबों के लिए मकान तो बना दिए गए, लेकिन अब इन्ही हितग्राहियों से उनके हिस्से की अंशदान की राशि वसूलना निकायों के गले की हड्डी बन गया है। खास बात ये है कि बिलासपुर, रायपुर, कोरबा, भिलाई जैसे बड़े शहरों में ही हितग्राहियों पर अरबों रुपए बकाया हो गए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संबंधित निकायों के अधिकारियों के लिए कहा है कि ये निर्देशों के प्रति उदासीनता है। यही नहीं, अधिकारियों पर इसकी जिम्मेदारी तय कर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

### नगरीय प्रशासन ने जारी किया आदेश

इस मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव ने संबंधित निकायों के लिए आदेश जारी किया है। ये बताया गया है कि किस निकाय में हितग्राही अंशदान की कितनी राशि वसूल किया जाना बाकी है। आदेश में ये भी कहा गया है कि हितग्राही अंशदान की बकाया राशि वसूलने के लिए के संबंध में जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। निकायों द्वारा राशि की वसूली में रुचि नहीं ली जा रही है। हितग्राही अंशदान संकलन की स्थिति में शासन के निर्देशों के प्रति निकायों की उदासीनता का प्रतीक है।

### वसूली न होने के लिए अफसरों की उदासीनता को माना जिम्मेदार




■ सरकार ने कहा- अधिकारी नहीं मान रहे हैं शासन के निर्देश

### ...तो नहीं मिलेगी वित्तीय सहायता

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने ये भी कहा है कि ऐसी स्थिति में विभाग द्वारा स्वीकृत परियोजना में केंद्रांश एवं राज्यांश के अनुदान के अतिरिक्त किसी प्रकार की वित्तीय सहायता निकायों को नहीं दी जाएगी। परियोजना में शेष राशि का वहन निकायों के हितग्राही अंशदान से ही करना होगा। वसूली न होने की नगर निगमों के आयुक्त एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नोडल, सहायक नोडल अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है एवं इसका मूल्यांकन संबंधित अधिकारी की गोपनीय चरित्रावली में अंकित किया जाएगा।

### 3.25 लाख रुपए होता है अंशदान

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, एएचपी घटक के हितग्राहियों से अंशदान की राशि कितनी वसूली जाती है। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत एएचपी (भागीदारी में किफायती आवास) घटक के लिए हितग्राहियों से अंशदान राशि 3.25 रुपए लाख वसूली जाती है। यह अंशदान प्रति आवास की लागत रुपए 4.75 लाख को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है, जिसमें शासन द्वारा अनुदान की राशि निश्चित है। एएचपी घटक के तहत, हितग्राही अपने स्वयं के भूमि पर घर बना सकते हैं या योजना में भागीदारी कर सकते हैं।


### किस निकाय में कितना बकाया - राशि करोड़ में

| | |
|---|---|
| रायपुर- | 74. 61 |
| भिलाई- | 62.92 |
| राजनांदगांव- | 38.98 |
| कोरबा- | 72.01 |
| जगदलपुर- | 14.55 |
| रायगढ़- | 18.67 |
| बिलासपुर- | 98.23 |
| बीरगांव- | 9.50 |
| भिलाई चरौदा- | 15.51 |
| दुर्ग- | 37.90 |
| रिसाली | 16.59 |
| धमतरी- | 5.15 |
| अंबिकापुर- | 3.64 |
| आरंग पालिका- | 2.0 |
| कांकेर- | 0.82 |
| दंतेवाड़ा- | 2.28 |

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कोर्ट ने 12 दिन और बढ़ाई तहव्वुर राणा की रिमांड



**नई दिल्ली।** मुंबई में 26/11 को हुए हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद सोमवार 28 अप्रैल को दिल्ली की एक अदालत में पेश किया गया। इस दौरान एनआईए की टीम ने कोर्ट से राणा की 12 दिन की हिरासत मांगी।

### अंधेरे में डूबा यूरोप! ट्रैफिक मोबाइल, रेल पर लगा ब्रेक




**नई दिल्ली।** यूरोपीय देश स्पेन और पुर्तगाल में बड़ी बिजली कटौती की खबर मिली है। इन देशों की राजधानियों में भी बिजली गुल है। फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल सहित कुछ अन्य शहर भी इस ब्लैकआउट से प्रभावित हुए हैं। बिजली जाने से इन जगहों का ट्रैफिक, मोबाइल नेटवर्क सहित रेल सेवाएं भी ठप हो गईं थीं।

### मुंबई में 8.15 करोड़ की ड्रग्स बरामद, दो पकड़ाए



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने सीमेंट के एक गोदाम से 8.15 करोड़ रुपये का मेफेड्रोन जब्त की है और इस सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बांद्रा के सादिक सलीम शेख और मीरा रोड के सिराज पंजवानी को साकीनाका के काजूपाड़ा इलाके से पकड़ा गया था। यह मादक पदार्थ कालूराम चौधरी अपने सीमेंट गोदाम में बनाता है।

### झारखंड के दुमका में पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार



**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में पांच साइबर अपराधियों को लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दुमका एसपी खेरवार ने कहा कि आरोपियों के पास से 14 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया है। आरोपियों में से एक करीब 10 साल से साइबर अपराध में लिप्त है।

### पूर्व सब-पोस्टमास्टर को पांच साल की कैद

**जबलपुर।** जबलपुर जिले की विशेष सीबीआई अदालत ने सागर में एक पूर्व उप-पोस्टमास्टर को ग्राहकों के कई खातों से धोखाधड़ी से 30 लाख निकालने का दोषी पाया और उसे पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। नौ साल पहले हुए धोखाधड़ी के इस मामले में फैसला सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश रूपेश कुमार गुप्ता ने पिछले सप्ताह आरोपी विशाल कुमार अहिरवार पर 36,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## भारी गर्मी से मिली राहत, अधिकतम तापमान चार-पांच डिग्री तक लुढ़का

# कोरबा, पेंड्रा, बेमेतरा में बरसे ओले
# रायपुर समेत कई शहरों में बौछारें

*पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सोमवार को एक बार फिर प्रदेश का मौसम बिगड़ गया। दोपहर बाद राजधानी रायपुर, राजनांदगांव समेत कई इलाकों में तेज बारिश हुई। इसके पूर्व कोरबा, पेंड्रा और बेमेतरा में ओलावृष्टि भी हुई।*

*बादल-बारिश और तेज हवा के असर से प्रदेश में अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री की गिरावट हुई है, जिससे गर्मी से राहत मिल गई है। विक्षोभ का असर जारी रहने के कारण मौसम सुधरने में दो से तीन दिन का वक्त लगने की संभावना है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश का मौसम पिछले तीन दिनों से प्रभावित है। दोपहर बाद होने वाली बारिश की वजह से रात को ठंडकता महसूस हो रही है और दिन का अधिकतम पारा भी ज्यादा गर्म नहीं हो पा रहा है। सोमवार को भी प्रदेश के अनेक हिस्से में इसी तरह की स्थिति बनी रही। सुबह कोरबा, पेंड्रा इलाके में मौसम बदला और तेज बारिश के साथ काफी देर तक ओलावृष्टि हुई। काफी मात्रा में ओले गिरने से वहां का जनजीवन प्रभावित हुआ एवं आम की फसलों को भी नुकसान हुआ। दोपहर बाद राजधानी में मौसम का रुख बदला और यहां भी तेज हवा के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया जो आधे घंटे तक जारी रहा। बारिश का प्रभाव का तेज था और पड़ रही बड़ी बूंदों की वजह से सड़कों पर आवाजाही थम गई थी। राजधानी के साथ बेमेतरा में भी बारिश हुई और वहां भी ओले पड़े। बारिश होने की वजह से 44 डिग्री तक पहुंच चुका प्रदेश का ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ ओले गिरने से आम की फसलों को हुआ नुकसान

### पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी, मौसम सुधरने में वक्त लगने के आसार

**मौसम बदलने वाली द्रोणिका सक्रिय**

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश का मौसम बदलने वाली द्रोणिका अभी भी सक्रिय है। दक्षिण पश्चिम राजस्थान से उत्तर मध्य महाराष्ट्र तक द्रोणिका विस्तारित है। इसके अलावा उत्तर दक्षिण द्रोणिका पश्चिम विदर्भ से उत्तर केरल तक मौजूद है। दोनों सिस्टम के प्रभाव से बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के कारण आने वाले दो दिनों तक प्रदेश में गरज- चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओलावृष्टि होने की संभावना बनी हुई है।



### 44.4 वाला पारा 38.4 पर पहुंचा

6 दिन पहले दस साल का रिकार्ड तोड़कर 44.4 डिग्री तक पहुंचने वाला अधिकतम तापमान अब लुढकाकर 38.4 डिग्री सेल्सियस में सिमट गया है। सोमवार को यह प्रदेश का अधिकतम तापमान था। इसके अलावा दोपहर बाद होने वाली बारिश की वजह रात का न्यूनतम तापमान भी 6 से 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे उतर चुका है।

**सोमवार का तापमान**


| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 38.4 | -2.7 |
| माना | 37.6 | -3.4 |
| बिलासपुर | 35.2 | -7.3 |
| पेंड्रा | 33.4 | -5.3 |
| अंबिकापुर | 32.6 | -6.2 |
| जगदलपुर | 35.4 | -2.3 |

### दस राज्यों में कहर बरपाएगी प्रचंड लू, कई जगह पारा 45 के पार

*नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पंजाब हरियाणा समेत उत्तर पश्चिम और आसपास के मध्य भारत के 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश इस समय प्रचंड गर्मी और भीषण लू की चपेट में हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश व ओलावृष्टि हुई। दिल्ली-एनसीआर में न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है, जबकि, राजस्थान समेत कई राज्यों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया है।पूर्वोत्तर के सभी सातों राज्यों, पश्चिम हिमालयी क्षेत्र के पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है और पूर्वी भारत के राज्यों में आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि का प्रकोप बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार महाराष्ट्र में पांच दिन तक पारा क्रमिक रूप से तीन डिग्री तक चढ़ सकता है। वहीं, पूर्वी भारत में अगले तीन दिन के दौरान पारा 3-5 डिग्री तक गिर सकता है। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में भी अलग-अलग स्थानों पर तापमान में गिरावट आने की संभावना है।*

■ 30 अप्रैल से मौसम में कुछ बदलाव आने के आसार

## पर्यटकों को सुरक्षा देना मेरा काम था, मैं नहीं कर पाया : उमर



एजेंसी ▶▶| जम्मू

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले पर चर्चा के लिए सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया। इसमें मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा बैसरन घाटी में 21 साल बाद इतने बड़े पैमाने पर हमला किया गया है। मेजबान होने के नाते पर्यटकों को सुरक्षित वापस भेजना मेरा पहला कर्तव्य था, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सका। मेरे पास माफी मांगने के लिए शब्द नहीं हैं। विशेष सत्र में सभी विधायकों ने हमले में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि दी और 2 मिनट का मौन रखा। इसके बाद उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी ने हमले की निंदा कर एक प्रस्ताव पेश किया, जिसे बहुमत से पारित कर दिया गया।

### माफी मांगने के लिए शब्द नहीं

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों और उनके राज्यों के नाम पढ़ते हुए कहा, हमने पहले भी ऐसे कई हमले होते देखे हैं। हमले अमरनाथ यात्रा के कैंप पर और डोडा के गांवों में लोगों पर हमले होते देखे हैं। बैसरन घाटी में 21 साल बाद इतने बड़े पैमाने पर हमला किया गया है। मुझे नहीं पता कि मृतकों के परिवारों से कैसे माफी मांगू। मेरे पास माफी मांगने के लिए भी शब्द नहीं बचे हैं।

### किस मुंह से मांगूं पूर्ण राज्य का दर्जा

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा, इस मौके पर मैं जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग नहीं करूंगा। मैं किस मुंह से यह मांग कर सकता हूं। हम हमेशा राज्य के दर्जे की मांग करेंगे, लेकिन आज यदि मैं ऐसी मांग करूं तो मुझ पर लानत है। उन्होंने कहा, मेरी राजनीति इतनी सस्ती नहीं है कि मैं 26 निर्दोष लोगों की जान की कीमत पर केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा मांगूं। उन्होंने कहा जान की परवाह किए बिना आदिल ने पर्यटकों की जान बचाई, स्थानीय लोगों ने मदद की पूरी कोशिश की। ये मौका आतंकवाद के खात्मे की शुरुआत है।

## अपॉइंटमेंट से लेकर स्टांप खरीदी-दस्तावेज बनाना नामांतरण सब घर बैठे

### पंजीयन कार्यालयों में नई सुविधाएं जल्द होंगी शुरू

■ वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पंजीयन विभाग की ली बैठक, अधिकारियों-कर्मचारियों से की नई सुविधाओं पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने में आने वाली कई तरह की परेशानियों से लोगों को जल्द राहत मिलेगी। नई सुविधाओं के तहत अब ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने से लेकर आवेदन के लिए दस्तावेज बनाने, स्टांप खरीदने, रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण सभी काम आसानी से होंगे। इनमें कई काम तो घर बैठे ही हो जाएंगे, जिससे लोगों को वकील, डीड राइटर एवं स्टांप वेंडर आदि के चक्कर भी काटने नहीं पड़ेंगे। पंजीयन कार्यालयों में ये सारी सुविधाएं जल्द शुरू हो जाएंगी। इसके लिए सोमवार को वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पंजीयन विभाग के अधिकारियों व ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड की सुविधा

ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड की सुविधा भी अब आम लोग कर पाएंगे। अभी तक रजिस्ट्री की जानकारी के लिए पंजीयन कार्यालय में स्वयं या वकील के माध्यम से उपस्थित होकर सर्च करना पड़ता है। इस प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। अब कोई भी संपत्ति खरीदने से पहले उसकी भलि-भांति जांच पड़ताल स्वयं कर सकेगा। निर्धारित शुल्क का भुगतान कर खसरा नम्बर से पूर्व की सभी रजिस्ट्री का ब्योरा एक क्लिक में दिखेगा। सर्च कर प्रति को डॉउनलोड भी किया जा सकेगा। इससे धोखाधड़ी भी नहीं हो पाएगी।

### पंजीयन कार्यालय में 10 नई सुविधाएं मिलेंगी

पंजीयन कार्यालयों में लोग आसानी से रजिस्ट्री करा पाएं, इसके लिए शासन 10 नई सुविधाएं शुरू करने जा रहा है। इन सुविधाओं में पक्षकारों की सुविधा के लिए होम विजिट के माध्यम से पंजीयन कराये जाने की सुविधा तथा अत्यधिक आवश्यकता के कारण तत्काल अपॉइंटमेंट का प्रावधान की व्यवस्था रहेगी, वहीं पारिवारिक दान, हकत्याग आदि में पंजीयन फीस मात्र पांच सौ रुपए लिया जाएगा।

## स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी, 13 हजार टीचर्स का होगा तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य की स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेसी ने इस संबंध में राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी है। बताया गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप शालाओं ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ स्वामी आत्मानंद और पीएम श्री स्कूलों का समायोजन नहीं



### समिति का होगा गठन

शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए निम्नानुसार दो समितियों का गठन किया जाएगा। विकासखण्ड स्तरीय समिति समिति के पदाधिकारी इस प्रकार होंगे। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अध्यक्ष, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सदस्य सचिव, सदस्य के रूप में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विख स्रोत समन्वयक, ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कम दर्ज संख्या वाली शालाओं में ये होगा

10 से कम दर्ज संख्या वाली प्राथमिक या पूर्व माध्यमिक शालाओं का निकटस्थ शालाओं में समायोजन किया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं दूरस्थ वनांचल के विद्यालयों के लिए युक्तियुक्तकरण हेतु निर्धारित मापदण्ड के बावजूद जिला समिति के अध्यक्ष कलेक्टर का यह ▶▶|शेष पेज 7 पर

## आईपीएल को मिला 14 साल का शतकवीर वैभव




**वैभव ने रचा इतिहास**

**जयपुर।** आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल में एक ऐतिहासिक पारी खेलकर इतिहास रच दिया। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मात्र 35 गेंदों में शतक लगाकर रिकॉर्ड कायम कर दिया। इसी के साथ वह टी20 क्रिकेट के इतिहास में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ये ऐतिहासिक पारी 14 साल 32 दिन की उम्र में खेली। क्रिकेट के इतिहास में किसी भी फॉर्मेट में शतक लगाने वाले भी सबसे युवा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मप्र के छिंदवाड़ा पहुंची चेक गणराज्य की राजकुमारी जित्का की खो गई थी शादी की अंगूठी

# सात समंदर पार से आई राजकुमारी की 22 लाख की अंगूठी खोजकर लौटाई, 5 लाख के ईनाम को ठुकराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

सात समंदर पार से मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा पहुंची चेक गणराज्य की राजकुमारी जित्का क्लेट की खोई हुई शादी की अंगूठी को पातालकोट के आदिवासियों ने खोजकर ईमानदारी की अनोखी मिसाल पेश की है। इस अंगूठी की कीमत करीब 22 लाख रुपए थी और इसे खोजने के लिए राजकुमारी ने 5 लाख रुपए के इनाम का ऐलान किया था। आदिवासियों ने इसे अपनी मेहमान और बहन मानते हुए केवल 41 हजार रुपए ही स्वीकार किए। यह घटना देश-विदेश में चर्चा का विषय बन गई है। यह पूरा मामला छिंदवाड़ा के प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य प्रकाश इंडियन ▶▶|शेष पेज 7 पर

### लाइलाज बीमारी का शिकार थीं राजकुमारी

आयुर्वेदाचार्य प्रकाश इंडियन टाटा ने बताया कि इस दौरान उनकी मुलाकात चेक गणराज्य की प्राग निवासी राजकुमारी और फैशन डिजाइनर जित्का क्लेट से हुई। जित्का स्पाइन की गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं। जिसका इलाज वैज्ञानिक चिकित्सा में संभव नहीं था। प्रकाश टाटा ने आयुर्वेदिक दवाओं से उनका इलाज शुरू किया, और छह महीने में उन्हें काफी राहत मिली।



### ठीक होने के बाद मिलने पहुंचीं छिंदवाड़ा

जित्का ने प्रकाश टाटा से पातालकोट की अनमोल जड़ी-बूटियों के बारे में सुना था और इसे देखने की इच्छा जताई। इसके बाद 16 अप्रैल 2025 को वे दिल्ली से नागपुर और फिर छिंदवाड़ा पहुंचीं। प्रकाश टाटा ने उन्हें अपने घर पर ठहराया और अगले दिन 17 अप्रैल को जिले के पर्यटन स्थलों की सैर कराई।

### दुनिया में इतने ईमानदार लोग नहीं देखे : जित्का

राजकुमारी जित्का दे जब अंगूठी देखी तो वे खुश हो गई। उन्होंने कहा, दुनिया में इतने ईमानदार लोग कहीं नहीं देखे। जित्का तुरंत प्रकाश टाटा के साथ छोटा महादेव पहुंचीं और अंगूठी ली। उन्होंने आदिवासियों को 5 लाख रुपए देने की कोशिश की, लेकिन आदिवासियों ने कहा, आप हमारी मेहमान हैं, हमारी बहन हैं। हम आपसे इतना पैसा नहीं लेंगे। जित्का के आग्रह पर उन्होंने सिर्फ 41 हजार रुपए स्वीकार किए।

> दूसरे विश्वयुद्ध के बाद हथियार बनाने वाली जापानी कंपनियां अगर हथियार बनाना बंद नहीं करतीं, तो आज जापान जैसी हथियार टेक्नोलॉजी कहीं नहीं होती। चीन का खतरा बढ़ने के बाद जापान एक बार फिर से हथियार बनाने की दुनिया में ना सिर्फ प्रवेश कर चुका है, बल्कि टेक्नोलॉजिकल चमत्कार भी कर रहा है। पिछले हफ्ते जापान ने एडवांस इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन का समुद्री टेस्ट किया है, जिसे चीन और उत्तर कोरिया परेशान हो गये हैं।

# अमेरिका जो नहीं कर पाया जापान ने कर दिखाया, बना डाला भविष्य का हथियार 'रेलगन'

**टोक्यो।** जापान ने अपने इस हथियार को चीन, उत्तर कोरिया और रूस की हाइपरसोनिक मिसाइलों का मुकाबला करने के लिए तैयार किया है। जापान की डिफेंस मिनिस्ट्री ने इस हफ्ते रेलगन की तस्वीरें जारी की हैं

रेलगन को नेक्स्ट जेनरेशन हथियार माना जाता है, जिसे इस महीने की शुरुआत में योकोसुका बंदरगाह में JS असुका पर समुद्री परीक्षण के लिए रवाना होने से पहले देखा गया था। ऑब्जर्वर्स का कहना है कि जापान अपनी एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने के लिए एडवांस हथियारों का निर्माण कर रहा है। इसके साथ ही जापान के पास सबसे एडवांस हथियारों वाली नौसेना हो सकती हैं। रैंड कॉर्पोरेशन के एक वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय रक्षा शोधकर्ता टिमोथी हीथ के मुताबिक, ₹इस तकनीक का जापानी विकास, चीन की लगातार अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने की वजह से लिया गया है।

## चीनी हाइपरसोनिक मिसाइल भी होगी फेल



जापान बनाया नेक्स्ट जेनरेशन हथियार 'रेलगन'

टिमोथी हीथ के मुताबिक, चीन के पास बैलिस्टिक और हाइपरसोनिक मिसाइलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जापान ने इसे बनाया है। ये देश जापान को निशाना बना सकते हैं।₹ हालांकि, पूर्व पीएलए प्रशिक्षक सोंग झोंगपिंग ने साउथ चायना मॉर्निंग पोस्ट से कहा कि ₹पारंपरिक तोपखाने की तुलना में, विद्युत चुम्बकीय बंदूक ₹लक्ष्यों पर हमला करने के लिए एक नए सिद्धांत का उपयोग करती है, और इसकी हमला करने की शक्ति और सटीकता काफी ज्यादा होती है।₹

## चीन समेत कई और देश इसे बनाने की कर रहे कोशिश

अगर जापान इस प्रकार का हथियार विकसित करता है और इसे तैनात करता है, तो इसका मतलब होगा कि जापान एक आक्रामक रणनीति को शुरू कर चुका है, जो अन्य देशों और क्षेत्र के लिए खतरा काफी गंभीर होगा। आपको बता दें कि जापान का रेल गन विकास कार्यक्रम 2016 में शुरू हुआ था। जबकि चीन समेत कई और देश इसे बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक बना नहीं पाए हैं। अमेरिकी नौसेना ने जहां थककर 2021 इस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया था, वहीं चीन अभी भी रेलगन बनाने की कोशिश कर रहा है।



## रेलगन को क्यों कहा जाता भविष्य का हथियार?

रेलगन एक विद्युतचुंबकीय हथियार प्रणाली है, जो पारंपरिक विस्फोटकों के बजाय विद्युतचुंबकीय फोर्स का इस्तेमाल करता है। इसके जरिए वो प्रोजेक्टाइल को हाईस्पीड से दागती है। **JS Asuka** पर स्थापित यह प्रणाली 40 मिमी स्टील प्रोजेक्टाइल को लगभग 2,500 मीटर/सेकंड (लगभग 5,600 मील/घंटा) की गति से दागने में सक्षम है, जो ध्वनि की गति से लगभग 6.5 गुना तेज है। इसका वजन करीब 8 टन है और इसके बैरल की लंबाई 20 फीट है। इसके प्रोजेक्टाइल का वजन 320 ग्राम और स्पीड 2500 मीटर प्रति सेकंड है। ये लड़ाकू विमान और हाइपरसोनिक मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम है।

## रोचक खबरें

## कढ़ाई में एक साथ बना डाली रोटी-सब्जी देसी जुगाड़ का वीडियो वायरल



सोशल मीडिया पर अक्सर देसी जुगाड़ के वीडियो वायरल होते रहते हैं। वीडियो देख यूजर्स हैरान हो जाते हैं। उन्हें समझ नहीं आता कि इस पर प्रतिक्रिया क्या दें, एक पल को वो हैरान हो जाते हैं। वहीं, दूसरे पल में उनकी हंसी निकल जाती है। वह वीडियो देख हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। ऐसा ही एक वीडियो इनदिनों भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**रोटी और सब्जी दोनों एक साथ बना रहा :** वीडियो जिसे mr_umesh0018 नाम के यूजर्स ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है में दिखाया गया है कि एक शख्स एक ही कढ़ाई में एक ही समय पर रोटी और सब्जी दोनों बना रहा है। कढ़ाई जिसे आमतौर पर सब्जी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है में शख्स रोटी भी पका रहा है। वो भी सब्जी के साथ ही।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि शख्स ने कढ़ाई के अंदरूनी हिस्से को दो भाग में बांट रखा है। उसने गूंथे हुए आटे से कढ़ाई के अंदर एक पार्टिसन बना रखा है। एक तरफ वो आलू की सब्जी बना रहा है। वहीं, दूसरी तरफ वो रोटियां सेंक रहा है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया। पोस्ट किए जाने के बाद से अब तक वीडियो को लाखों लोग देख चुके हैं। वीडियो को एक लाख से अधिक लोगों ने लाइक किया है।

### काश हमने ये पहले देखा होता

वीडियो पर टिप्पणी करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'सब्जी अगर लीक हुई तो रोटी पूरी बन जाएगी।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'गजब की टेक्नोलॉजी। इंडिया में कुछ भी हो सकता है।' तीसरे यूजर ने लिखा, 'दोस्तों ये टेक्नोलॉजी भारत से बाहर नहीं जानी चाहिए। पैसे और टाइम दोनों की बचत।' वहीं, एक अन्य यूजर ने कहा, 'एक पंथ, दो काज का सही उदाहरण।

## जानवरों से लड़ते थे रोमन ग्लेडिएटर्स... प्राचीन कब्रिस्तान से मिला योद्धा का कंकाल

**लंदन।** वैज्ञानिकों ने ब्रिटेन में एक दिलचस्प खोज की है। वैज्ञानिकों को इंग्लैंड के यॉर्क शहर में एक पुराना कब्रिस्तान मिला है। यह कब्रगाह 1,825 से 1,725 साल पुरानी है। इसमें एक युवक का कंकाल मिला है, जिसकी मौत के समय उम्र 26 से 35 साल के बीच रही होगी। उसके कंकाल पर किसी बड़े जानवर के काटने के निशान हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह निशान शेर के काटने का है। इस खोज के आधार पर वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि रोमन साम्राज्य का प्रभाव ब्रिटेन तक फैला था। इससे यह भी पता चलता है कि उस समय ग्लैडिएटर्स (योद्धाओं) और जानवरों के बीच लड़ाई होती थी।



एक रिपोर्ट के मुताबिक, यॉर्क आर्कियोलॉजिकल ट्रस्ट के नेतृत्व में 2010 में इस कब्रगाह की खोज हुई थी। शुरुआत में वैज्ञानिकों को लगा कि युवक की पेल्विस यानी कूल्हे की हड्डी पर निशान किसी मांसाहारी जानवर के हैं। काफी लंबी जांच के बाद पता चला कि ये निशान शेर के काटने के हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क की मालिन होल्स्ट ने कहा कि इस खोज से पता चलता है कि कब्रगाह में दफन लोग ग्लैडिएटर्स थे, ये सैनिक या गुलाम नहीं थे।

## 34 हजार में खरीद लिया फर्स्ट वर्ल्ड वॉर के जहाज का मलबा

सोशल मीडिया पर कभी-कभी ऐसे सौदे हो जाते हैं जो सुनकर यकीन करना मुश्किल होता है। ऐसा ही कुछ हुआ ब्रिटेन के डॉम रॉबिन्सन के साथ, जिन्होंने सिर्फ 34 हजार रुपये (300 पाउंड) में एक वर्ल्ड वॉर-1 के डूबे हुए जहाज का मलबा खरीद लिया। जी हां, ये सौदा हुआ फेसबुक मार्केटप्लेस पर और जहाज भी कोई मामूली नहीं, बल्कि 330 फुट लंबा और 3,300 टन वजनी कार्गो शिप एसएस एलमंड ब्रांच था। ब्रिटेन के डॉम रॉबिन्सन को जहाजों से बचपन से लगाव रहा है। वो समुद्र में डूबे जहाजों की खोज करते हैं और खुद डाइविंग कर के उन्हें देखते हैं। एक दिन फेसबुक पर उन्हें एसएस एलमंड ब्रांच का विज्ञापन दिखा जो 1917 में जर्मन सबमरीन द्वारा डुबो दिया गया था। डॉम ने बिना देर किए 300 पाउंड देकर इसे खरीद लिया। डॉम कहते हैं, 'जब आप किसी डूबे जहाज में उतरते हैं और जानते हैं कि उसका मालिक आप हैं तो उसका अलग ही एहसास होता है।' वो बताते हैं कि उन्होंने पिछले कुछ सालों में करीब 20 से 25 शिपव्रेक खोज निकाले हैं और हर जहाज के पीछे एक अनोखी कहानी होती है। जहां डॉम इस खरीद से बेहद खुश हैं वहीं उनकी पत्नी सुजी का रिएक्शन बिल्कुल अलग था। डॉम ने मजाक में कहा, 'जब मैंने उसे बताया कि मैंने जहाज खरीद लिया है तो वो गुस्से से लाल हो गई। उसने इसे पैसे की बर्बादी कहा।' हालांकि डॉम को मलबे से पैसे कमाने की उम्मीद नहीं है, लेकिन वो एसएस एलमंड ब्रांच की घंटी ढूंढना चाहते हैं। उनका कहना है, 'अगर किसी को घंटी मिले, तो उसे सरकार के 'रिसीवर ऑफ व्रेक' को बताना होगा और मुझसे पूछा जाएगा कि क्या मैं उसे रखना चाहता हूं।





## सेलिब्रेट

# आईपीएल में चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए कितने पैसे मिलते हैं?

### एमआई, सीएसके या आरसीबी कौन सी टीम देती है सबसे ज्यादा रकम

**नई दिल्ली।** आईपीएल में चौके-छक्के पड़ें या कोई विकेट गिरे, किसी न किसी टीम के लिए सेलिब्रेशन का मौका बन ही जाता है। इस मौके को फैंस तो सेलिब्रेट करते हैं, साथ ही स्टेडियम में फायर क्रैकर्स के जरिए भी टीम का उत्साह नजर आता है। साथ ही हर एक टीम की चीयरलीडर्स भी अपनी टीम के लिए खुशी से नाचती नजर आती हैं। सभी टीम अपनी फ्रेंचाइजी के लिए चौके-छक्के सेलिब्रेट करने के लिए चीयरलीडर्स हायर करती हैं। मैच के दौरान दोनों टीमों के चीयरलीडर्स स्टेडियम में मौजूद होते हैं। बल्लेबाजी करने वाली टीम के चौके-छक्के पड़ते हैं तो उस टीम के चीयरलीडर्स खुशी से नाचने लगते हैं। वहीं अगर गेंदबाजी करने वाली टीम विकेट ले लेती है तो इस बात का सेलिब्रेशन चीयरलीडर्स के डांस मूव में नजर आता है।





### चीयरलीडर्स को मिलते हैं ये बेनिफिट्स

चीयरलीडर्स को सैलरी के अलावा भी एडिशनल बेनिफिट्स मिलते हैं। कुछ फ्रेंचाइजी टीम के जीतने पर या चीयरलीडर्स के परफॉर्मेंस पर एडिशनल बेनिफिट्स भी देती हैं। इसके अलावा चीयरलीडर्स के आने-जाने का खर्च और खाने-पीने का खर्च भी फ्रेंचाइजी ही उठाती हैं। चीयरलीडर्स की सैलरी के ये आंकड़े पिछले आईपीएल सीजन के मुताबिक हैं। आईपीएल 2025 के लिए चीयरलीडर्स की सैलरी में कुछ अंतर हो सकता है।

### चीयरलीडर्स को मिलते हैं कितने पैसे?


आईपीएलएसएन डॉट कॉम के मुताबिक, चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए 12 हजार रुपये से लेकर 24 हजार रुपये तक मिलते हैं। चीयकलीडर्स की सैलरी में टीम के मुताबिक बदलाव देखने को मिलता है। कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी चीयरलीडर्स को सबसे ज्यादा सैलरी देती है। KKR चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए करीब 24 हजार रुपये देती है।



### एक मैच के लिए 20 हजार

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। आरसीबी और एमआई अपनी टीम की चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए करीब 20 हजार रुपये देती हैं। वहीं आईपीएल की बाकी टीमें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) समेत सभी फ्रेंचाइजी अपनी टीम की चीयरलीडर्स को एक मैच के लिए 12 हजार रुपये से 17 हजार रुपये के बीच में देती हैं।

## सफेद घोड़े पर सवार होकर सजी धजी दुल्हन ने मारी एंट्री



शादी में दूल्हे के घोड़ी पर सवार होकर आना तो आम बात है। मम्मियां भी अपनी बेटियों को कहानियां सुनाती हैं कि सफेद घोड़ी पर होकर एकदिन तेरा राजकुमार आएगा और तुझे भी घोड़ी पर बैठा कर ले जाएगा। लेकिन अब जमाना बदल गया है। अब दुल्हन अलग-अलग तरीके से अपने राजकुमार के सामने एंट्री मारती है।

**दुल्हन की असाधारण एंट्री का वीडियो वायरल :** सोशल मीडिया पर इनदिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सजी धजी दुल्हन खुद सफेद रंग के घोड़े पर एंट्री मारते दिख रही है। सोलह श्रृंगार कर दुल्हन घोड़ी पर बैठकर वेडिंग वेन्यू में एंट्री मारती है। दुल्हन के इस असाधारण एंट्री को देख रिश्तेदार और शादी में आए गेस्ट हैरान रह जाते हैं।

कुछ यूजर्स ने दुल्हन की असाधारण एंट्री की तारीफ की है, जबकि कुछ ने इसे ड्रामा बताया है। वीडियो पर टिप्पणी करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'ये देखना बाकी था कि लड़की अब घोड़े पर एंट्री मारेगी।' दूसरे यूजर ने कहा, 'हे भगवान, क्या ड्रामा मचा रखा है आजकल लोगों ने शादी के नाम पर।' तीसरे यूजर ने कहा, 'यह शास्त्र विरुद्ध है।

### यूजर्स, कहा – बड़े दुख के साथ हंसना पड़ रहा है

वीडियो जिसे सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर विक्रमपनवार नाम के यूजर ने शेयर किया है, देखते ही देखते वायरल हो गया। वीडियो को अब तक 60 हजार से अधिक यूजर लाइक कर चुके हैं। पोस्ट किए जाने के बाद से इसे अब तक हजारों लोगों ने देखा है। वीडियो के कमेंट सेक्शन में यूजर दो धड़ों में बंटे दिख रहे हैं।

## प्लेन के अंदर होता है सीक्रेट कमरा, पर कभी नहीं आता नजर

**नई दिल्ली।** जब भी आप प्लेन में यात्रा करते होंगे, तो आपने हमेशा देखा होगा कि एयर होस्टेस पूरे वक्त या तो खड़ी रहती हैं, या फिर वॉशरूम के पास एक पतली सी सीट पर बैठे दिख जाती हैं। इसी प्रकार पायलट भी कॉकपिट के अंदर ही बैठते हैं। तो क्या आपने कभी सोचा है कि फ्लाइट के ये कर्मी आखिर आराम कैसे करते होंगे, खासकर तब, जब फ्लाइट लंबी दूरी की हो? इसके लिए वो प्लेन के अंदर मौजूद खुफिया कमरों का इस्तेमाल करते हैं। क्या आप जानते हैं कि ये कमरा कहां होता है और नजर में क्यों नहीं आता?

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार जो लंबी दूरी के प्लेन होते हैं, उनमें सीक्रेट रूम होते हैं। इन रूमों में कर्मचारी जाकर आराम कर सकते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि इन कमरों को आम यात्री नहीं देख सकते हैं।



### डेढ़ घंटे तक करती हैं आराम

एयर होस्टेस ने कहा कि ये कमरे काफी आरामदायक होते हैं, लेकिन अगर किसी का कद 6 फीट से ज्यादा होता है, तो उनके लिए इसमें फिट होना काफी मुश्किल होता है। हालांकि, कुछ एयरक्राफ्ट में बिस्तर नहीं होते. उनमें सिर्फ रिक्लायनर होते हैं, पर्दे लगे होते हैं। फिनएयर की एक फ्लाइट अटेंडेंट ने सीएनएन को बताया कि 6 घंटे से ज्यादा लंबी फ्लाइट में 10 पर्सेंट का वक्त कर्मियों के आराम के लिए होता है, जिसमें वो यात्रियों की समस्याओं का समाधान भी नहीं करती हैं, वो सिर्फ आराम करती हैं।

### खुफिया कमरे में करते हैं आराम

नए विमानों में ये बेडरूम मुख्य केबिन के ऊपर होता है वहीं पुराने प्लेनों में ये कॉकपिट के पास होता है। यूनाइटेड एयरलाइन्स फ्लाइट अटेंडेंट सुजैन कार ने सीएनएन से बात करते हुए कहा कि वो बोइंग 787, 777 और 767 विमान में आए दिन यात्रा करती हैं। एयर होस्टेस ने कहा कि कई बार यात्रियों को लगता है कि उन कमरों के दरवाजे असल में वॉशरूम के दरवाजे हैं, इसलिए वो अंदर जाने की कोशिश करते हैं पर फिर उन्हें वो सही रास्ता दिखा देती हैं।

## फिल्म

### लोग थियेटर में हो जाते थे बेहोश, करते थे उल्टियां, बाहर खड़ी रहती थी एंबुलेंस

# 50 सालों में नहीं बन पाई इससे भयानक हारर मूवी, कई देशों में बैन

जब भी हॉरर फिल्मों की बात होती है, तो यह जॉनर सबसे रोमांचक माना जाता है। लोग डर का एक्सपीरियंस लेने के लिए हॉरर फिल्में देखते हैं, और हॉलीवुड इस जॉनर में काफी आगे रहा है। भारत में भी हॉलीवुड की हॉरर फिल्में खूब पसंद की जाती हैं। साउथ में जहां हॉरर-थ्रिलर फिल्में देखेन को मिलती हैं वहीं बॉलीवुड में हॉरर-कॉमेडी का चलन बढ़ा है। स्त्री, मुंज्या, रूही जैसी कई हॉरर-कॉमेडी फिल्मों ने अपना जलवा बॉक्स ऑफिस पर दिखाया है। लेकिन हॉरर फिल्मों के इतिहास में एक फिल्म ऐसी भी है, जिसे अब तक की सबसे डरावनी फिल्म माना जाता है और ये फिल्म एकलौती हॉरर मूवी है जिसे ऑस्कर अवार्ड भी मिला है। फिल्म का नाम है 'द एक्सोरसिस्ट' जिसे 1973 में रिलीज किया गया था। इसे हॉरर जॉनर की सबसे प्रभावशाली और खौफनाक फिल्मों में से एक माना जाता है। यह फिल्म इतनी डरावनी थी कि इसे कई देशों में बैन कर दिया गया था।





ऑस्कर जीतने वाली हॉरर फिल्म 'द एक्सोरसिस्ट'

'द एक्सोरसिस्ट' हॉरर जॉनर की पहली ऐसी फिल्म बनी जिसे ऑस्कर अवार्ड से नवाजा गया। इस फिल्म को कई कैटेगरी में नॉमिनेशन मिले थे और इसे **Best Adapted Screenplay** के लिए ऑस्कर दिया गया। यह हॉरर फिल्मों के लिए एक ऐतिहासिक पल था, क्योंकि आमतौर पर इस जॉनर की फिल्में ऑस्कर की दौड़ में कम ही शामिल होती हैं।

**कहां देख सकते हैं 'द एक्सोरसिस्ट' :** अगर आप असली हॉरर का एक्सपीरियंस लेना चाहते हैं तो 'द एक्सोरसिस्ट' जरूर देखें। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है, लेकिन इसे देखने के लिए आपको अलग से 119 रुपये का रेंट देना होगा, भले ही आपके पास प्राइम का सब्सक्रिप्शन हो। आप इसे यूट्यूब पर 120 रुपये में और एप्पल टीवी पर 129 रुपये में देख सकते हैं।

### सच्ची घटना पर आधारित है फिल्म 'द एक्सोरसिस्ट'

द एक्सोरसिस्ट विलियम पीटर ब्लैटी के नॉवेल पर आधारित है, जिसे उन्होंने खुद स्क्रिप्ट में तब्दील किया था। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म एक सच्ची घटना से प्रेरित है। जब यह फिल्म रिलीज हुई, तो हॉलीवुड के मेकर्स को इसकी सफलता को लेकर शक था। इसलिए इसे पहले सिर्फ 25 सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। लेकिन फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और फिर इसे दुनियाभर में रिलीज किया गया। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है कि, द एक्सोरसिस्ट इतनी डरावनी थी कि इसे देखने के दौरान सिनेमा हॉल में कई दर्शकों की हालत बिगड़ गई थी।

## ऐसा मंदिर जहां भगवान के दर्शन की इजाजत नहीं



**देहरादून।** उत्तराखंड को देवभूमि यूं ही नहीं कहा जाता है। यहां हर पहाड़, नदी, मंदिर अपने आप में कोई न कोई रहस्य समेटे हुए है। उत्तराखंड में कई खूबसूरत हिल स्टेशन तो है ही साथ ही, यह राज्य देवों का भी स्थान है। देवभूमि में कई ऐसे मंदिर है, जो सालों से लोगों के बीच रहस्य बने हुए हैं। खासकर गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्रों में ऐसे कई मंदिर हैं जिनसे जुड़ी मान्यताएं लोगों को हैरान भी करती हैं और आस्था से जोड़ती भी हैं। आज हम बात कर रहे हैं गढ़वाल के चमोली जिले में स्थित एक बेहद रहस्यमयी मंदिर की, जिसे लाटू देवता का मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर की खास बात ये है कि यहां कोई भी श्रद्धालु मंदिर के अंदर नहीं जा सकता न पुरुष, न महिला। यहां तक कि मंदिर के पुजारी भी आंखों और मुंह पर पट्टी बांधकर पूजा करते हैं।

### मंदिर का इतिहास

लाटू मंदिर उत्तराखंड के चमोली जिले में देवाल ब्लॉक के वांण गांव में स्थित है। इस मंदिर में लाटू देवता की पूजा होती है। ये जगह नंदा देवी राजजात यात्रा का एक अहम पड़ाव भी है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, लाटू देवता नंदा देवी के धर्म भाई हैं। दरअसल वांण गांव में हर 12 साल में बड़ी पैदल यात्रा होती है जिसे नंदा देवी राजजात कहा जाता है उसमें वांण गांव 12वां पड़ाव होता है और माना जाता है कि लाटू देवता खुद इस यात्रा में अपनी बहन नंदा देवी का स्वागत करने आते हैं और उन्हें हेमकुंड तक पहुंचाते हैं।

### साल में एक बार खुलते हैं कपाट

इस मंदिर की एक और विशेषता है कि इसके द्वार साल भर में केवल एक बार ही खुलते हैं। दरअसल, लाटू देवता मंदिर के कपाट वैशाख महीने की पूर्णिमा तिथि के दिन खुलते हैं। कपाट खुलते ही यहां श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती है। लेकिन उस दिन भी कोई श्रद्धालु मंदिर के अंदर नहीं जा सकता। जब पुजारी मंदिर खोलते हैं तो वे अपने आंखों और मुंह पर पट्टी बांधते हैं।

### इस वजह से आंख पर पट्टी बांधकर की जाती है पूजा

लाटू मंदिर से जुड़ी सबसे बड़ी मान्यता यह है कि मंदिर के भीतर नागराज अपनी चमत्कारी मणि के साथ विराजमान हैं। इसे देख पाना किसी के बस की नहीं है। यह मणि इतनी तेज रोशनी छोड़ती है कि अगर कोई उसे देखे तो अंधा हो सकता है। यही वजह है कि पुजारी भी आंखों पर पट्टी बांधकर मंदिर में प्रवेश करते हैं। वहीं, मुंह पर पट्टी बांधने का कारण यह है कि पुजारी की सांस या कोई भी गंध नागराज तक न पहुंचे और उनकी विषैली गंध पुजारी को नुकसान न पहुंचाए। कहा जाता है कि अगर कोई इंसान इस मणि को छुड़ा दे, तो दुनिया का कल्याण हो सकता है। लेकिन अब तक ऐसा करना किसी के बस की बात नहीं रही है।

*जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकियों की ओर से किए गए हमला को सोमवार को सात दिन हो गए हैं। सुरक्षाबल आतंकियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चला रहे हैं। एनआईए तेजी से जांच को आगे बढ़ा रही है। वहीं, अब घटनास्थल का एक और नया वीडियो सामने आया है, जिसमें आतंकियों की ओर से दूर से लोगों पर फायरिंग की जा रही है।*

## पहलगाम आतंकी हमले का नया वीडियो आया सामने

# गोलियों की तड़तड़ाहट और डर से बिलखते पर्यटक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गोली की आवाज सुनकर लोग बचने के लिए कपड़े के स्टॉल के पीछे छुपते दिख रहे हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले का एक नया 28 सेकेंड का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में मैदान में पर्यटकों के बीच आतंकवादी के आने और फायरिंग करने की तस्वीरें साफ नजर आ रही है। जिस वक्त आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू की थी तब कुछ ही दूरी पर कई लोग यहां पर खड़े नजर आ रहे हैं। जो खुद को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

**आतंकियों की फायरिंग से मचा हड़कंप :** वीडियो में दिख रहा है कि आतंकियों के हमले से वहां अफरा-तफरी मच गई। लेकिन जो आतंकवादी हैं वो बड़े आराम से फायरिंग करते स्पॉट की तरफ आते हुए नजर आ रहे हैं, जहां लोग छुपे थे। कई लोग कपड़े के स्टॉल के पीछे खुद को बचाते हुए दिखे, इनमें घोड़े वाले और अन्य स्थानिय लोग भी हैं। घोड़े वाले भागे नहीं। वो भी पर्यटकों के साथ नजर आए। घोड़े वाले उनको बोल रहे हैं की आप झुकिये, आप नीचे बैठिए, आप दाएं जाइए। वो भी कोशिश कर रहे हैं की उनकी जान बचाई जाए।

### चीख-पुकार और गोलियों की आवाज

आतंकियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग नहीं की गई थी. जो फायरिंग वहां सुनाई दी, वह पर्यटकों पर लक्षित था। उन मासूम पर्यटकों, जो केवल अपने जीवन के कुछ खुशनुमा पल बिताने आए थे, उनके लिए वह स्थान कब्रगाह बन गया।




### सरकार और पुलिस पर सवाल

सरकार का कहना है कि टूर ऑपरेटर्स ने जब ये जगह पर्यटकों के लिए खोली तो टूरिज्म को लेकर पुलिस को अंदाजा नहीं था। जम्मू कश्मीर पुलिस को नहीं बताया गया था कि वहां पर पर्यटक ले जाए जाएंगे।

**टूरिस्ट के कैमरे में कैद गोलीबारी का खौफनाक मंजर :** पहलगाम हमले का एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है, जो 22 अप्रैल का बताया जा रहा है। यह वीडियो एक पर्यटक के कैमरे में अनजाने में कैद हो गया, जो हमले के वक्त मौज-मस्ती कर रहा था, जबकि उसके पीछे गोलियां चल रही थीं और लोग दहशत में भाग रहे थे। वीडियो में कथित तौर पर लोगों को इकट्ठा करते, गोलियों की आवाजें सुनते और कम से कम दो लोगों को गोली लगते हुए देखा जा सकता है।

### पीओके में लॉन्च पैड करवाए जा रहे खाली

*सुरक्षा एजेंसियों के हवाले से खबर है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकवादी लॉन्च पैड्स खाली करवाए जा रहे हैं। पाकिस्तान आर्मी ने कथित तौर पर आतंकवादियों को आर्मी शेल्टर और बंकरों में जाने को कहा है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने कुछ लॉन्च पैड्स की पहचान की थी, जिनमें किल सर्दी, दुदनियाल, अतमुखम, झुरा, लिपा, पोटली मंधार, निकल चमन कोट और जान कोट शामिल हैं, जहां से आतंकियों को शिफ्ट किया जा रहा है। यह कदम पाकिस्तान द्वारा भारत की संभावित कार्रवाई के डर से उठाया जा रहा है।*

## खबर संक्षेप

### चार धाम यात्रा गैर हिंदुओं के प्रवेश पर लगे पूर्ण प्रतिबंध



**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के ऋषिकेश में स्वामीनारायण घाट पर एक न्यूज चैनल के धर्म संसद के 'देवभूमि की महिमा' सेशन में जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि, ऋषिकेश के जगन्नाथ धाम के महंत लोकेश दास और साध्वी जया भारती ने शिरकत की। प्रबोधानंद गिरि ने कहा कि इस यात्रा में गैर हिंदू का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जाए। प्रयागराज महाकुंभ में गैर हिंदू के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध था। चार धाम यात्रा के मार्ग पर गैर हिंदू का प्रवेश प्रतिबंधित होना चाहिए।


### यूट्यूबर इलाहाबादिया को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर और पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने महाराष्ट्र साइबर क्राइम ब्यूरो से इलाहाबादिया के पासपोर्ट को लौटाने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद इलाहाबादिया विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। इधर महाराष्ट्र और असम ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि इलाहाबादिया के संबंध में दर्ज एफआईआर की जांच पूरी हो चुकी है।



### पाक में बड़ा धमाका, भीषण विस्फोट में मारे गए 7 लोग

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को एक भीषण बम धमाका हुआ। साउथ वजीरिस्तान के वाना नाम के शहर में सरकार समर्थक शांति समिति के कार्यालय के बाहर हुए इस ब्लास्ट में सात लोग मारे गए और 16 लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस प्रमुख उस्मान वजीर ने इस घटना पर बताया कि ये हमला पाकिस्तानी तालिबान के गढ़ में हुआ, जो खुले तौर पर शांति समिति का विरोध करता रहा है। वहीं इस हमले में घायल हुए लोगों की हालत गंभीर है। ये बम विस्फोट ऐसे वक्त में हुआ है जब एक दिन पहले ही पाकिस्तानी सेना ने दावा किया था कि उसने एक बड़े ऑपरेशन में 54 आतंकवादियों को मार गिराया है।



### उदित राज ने थरूर को बताया 'भाजपा का वकील'

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने पहलगाम आतंकी हमले के संदर्भ में पार्टी सांसद शशि थरूर की एक टिप्पणी को लेकर सोमवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि आखिर वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वकील कैसे बन गए। थरूर ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा में रहे पूर्व सांसद उदित राज यह बेहतर समझते हैं कि सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से कौन बोलता है। थरूर ने पहलगाम आतंकी हमले का हवाला देते हुए रविवार को कहा था कि सुरक्षा में कुछ चूक जरूर हुई है।



## पहलगाम हमले को लेकर कांग्रेस नेताओं की बेलगाम बयानबाजी पर हो रही किरकिरी

# सीडब्लूसी, राहुल व अध्यक्ष का बयान ही पार्टी का आधिकारिक स्टैंड

*पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही पूरा देश गुस्से में है। पूरा देश पाकिस्तान के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई चाहता है। विपक्षी दलों ने भी मोदी सरकार से कहा है कि वह कार्रवाई करे और पूरा देश सरकार के साथ है। लेकिन कुछ कांग्रेस के नेताओं ने ऐसा बयान दिया जिससे उसकी किरकिरी हो रही है। कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बयान दिया है।*

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पार्टी की लगातार हो रही किरकिरी के बाद जारी किया बयान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव और सांसद जयराम रमेश ने कहा, 'कुछ कांग्रेस नेता जो पहले महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं, वरिष्ठ नेताओं ने कुछ विचार व्यक्त किए हैं। कांग्रेस पार्टी का इन विचारों से कोई लेना-देना नहीं है। हम इन विचारों से खुद को अलग करते हैं। ये व्यक्तिगत विचार हैं। कांग्रेस के विचार सीडब्लूसी के प्रस्ताव में व्यक्त किए गए विचार हैं। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जो विचार व्यक्त किए हैं, वही पार्टी का स्टैंड है। इस सबसे संवेदनशील समय में जैसे-जैसे स्थिति विकसित होगी, कांग्रेस कार्यसमिति, कांग्रेस अध्यक्ष, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पार्टी की स्थिति को स्पष्ट करेंगे।'

### कांग्रेस नेताओं के बिगड़े बोल



आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैफुद्दीन सोज ने कहा, 'पाकिस्तान के लिए सिंचाई और पीने के लिए पानी बहुत जरूरी है। अगर नदी के पानी को डायवर्ट नहीं किया गया तो पंजाब और जम्मू-कश्मीर राज्य पूरी तरह डूब जाएंगे। सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच कई युद्धों के बाद भी बनी हुई है। यह जल संधि पाकिस्तान की जीवन रेखा है।

#### युद्ध की कोई जरूरत नहीं है



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा था कि सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को होना ही चाहिए था, लेकिन वे तब बिहार के चुनावी प्रचार में व्यस्त चल रहे थे। उन्होंने कहा था, 'सवाल तो उठता है कि उनके लिए ज्यादा महत्वपूर्ण क्या है। वे लोगों को टोपी पहना रहे हैं।

#### यह कहा था अय्यर ने



मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि क्या 22 अप्रैल को हुआ आतंकी हमला 'विभाजन के अनसुलझे सवालों' का नतीजा था। उआज तक हम उस बंटवारे के नतीजों के साथ जीने को मजबूर हैं। आज के हिंदुस्तान में क्या एक मुसलमान को लगता है कि उसे स्वीकार किया जाता है?

### छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक मिंज की टिप्पणी



छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता यूडी मिंज एक सोशल मीडिया पोस्ट के चलते विवादों में घिर गए हैं। कुनकुरी के पूर्व विधायक यूडी मिंज के सोशल मीडिया अकाउंट से एक विवादित पोस्ट दिखी। इसमें लिखा था कि भारत-पाकिस्तान के युद्ध में भारत की हार सुनिश्चित है। सोशल मीडिया पोस्ट के कंटेंट में भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद होने वाले सिचुएशन और चीन के दबाव को लेकर कई तथ्यात्मक बातें थीं। अंत में ये भी लिखा था कि जो लोग पाकिस्तान से युद्ध करना चाहते हैं, उन्हें अग्निवीर बनाकर सेना में भेज देना चाहिए। इस पर सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें गद्दार जैसे कई कमेंट करते हुए बुरी तरह से ट्रोल कर दिया। चारों तरफ से घिरे यूडी मिंज ने फिर एक पोस्ट कर लिखा कि, मेरा अकाउंट हैक हो गया था। किसी पोस्ट, मैसेज को ध्यान ना दें।

### बीजेपी ने विपक्षी नेताओं के बयान पर साधा निशाना



पहलगाम हमले के संबंध में कुछ विपक्षी नेताओं के बयानों की बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने आलोचना की थी. रवि शंकर प्रसाद ने कहा, '... कुछ कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयानों का उद्देश्य क्या है?... पाकिस्तान टीवी पर कांग्रेस नेताओं के बयान चला रहा है।.. कर्नाटक के मंत्री आरबी तिम्मापुर ने कहा कि आतंकवादियों ने लोगों को गोली मारने से पहले उनका धर्म नहीं पूछा... यह शर्मनाक है।..' रवि शंकर प्रसाद ने आलोचना करते हुए कहा, 'कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहते हैं कि आतंकवादियों के पास लोगों को मारने से पहले उनका धर्म पूछने का समय नहीं था... मृतकों के परिवार रो रहे हैं और तथ्य बता रहे हैं लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा के विपक्ष के नेता ऐसे बेशर्मी वाले बयान दे रहे हैं जो असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है।..'

#### पाक नेताओं के जैसे बयान



बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्षी नेताओं के बयानों पर कहा, 'दुर्भाग्य और दुख की बात है, मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस के कुछ नेता वही शब्द दोहरा रहे हैं जो पाकिस्तानी मंत्री कह रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि युद्ध कोई विकल्प नहीं होना चाहिए। ये वही शब्द हैं जो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और गृह मंत्री कह रहे हैं।'

## जम्मू-कश्मीर में आतंक पर प्रहार, डोडा में 13 ठिकानों पर छापेमारी



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इन कार्रवाइयों का लक्ष्य आतंकियों के ठिकानों का भंडाफोड़ करना है और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों पर कानूनी शिकंजा कसना है। 22 अप्रैल को पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक नेपाली था। इस हमले में बहुत से लोग घायल हो गए। घटना के बाद से घाटी की सुरक्षा और अधिक बढ़ा दी गई है।

■ सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

साथ ही, श्रीनगर पुलिस ने आतंकियों के नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की, शहर में कई स्थानों पर छापेमारी करते हुए। यह छापेमारी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ओवरग्राउंड वर्कर्स और उनके सहयोगियों के घरों पर हुई।

#### छापे का लक्ष्य

पुलिस ने बताया कि कुल 63 लोगों के घरों में छापे डाले गए।पुलिस ने कहा कि गवाहों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तलाशी अभियान किया गया था। इसका लक्ष्य हथियार, दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री बरामद करना है और आतंकवादी गतिविधियों की साजिशों का पता लगाना है। कटड़ा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वजीर ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में पहलगाम हमले से पर्यटन भी प्रभावित हुआ है। उनका कहना था कि अब तक लगभग 35 से 37% होटल बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। अमरनाथ यात्रा में भी यात्रियों की संख्या 45,000 से घटकर 20,000 से 22,000 तक रह गई है।

## पाकिस्तान की कस्टडी में लिए गए बीएसएफ जवान की पत्नी बोलीं

# 'मैं आपको बता नहीं सकती मैं कितने तनाव में हूं'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के रहने वाले बीएसएफ जवान पूर्णम साहू गलती से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गए और वहां के रेंजर्स ने उन्हें हिरासत में ले लिया। उनका परिवार गहरे तनाव में है। अब उनकी पत्नी रजनी अपने पति को वापस लाने के लिए पंजाब के फिरोजपुर जा रही हैं। सोमवार सुबह रजनी अपने बेटे और तीन अन्य परिजनों के साथ कोलकाता से चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट से रवाना हुईं। वहां से वह फिरोजपुर पहुंचेंगी। रजनी ने कहा कि बीएसएफ अधिकारियों से बातचीत के बाद भी उन्हें कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है। सिर्फ यही कहा जा रहा है कि चिंता न करें। रजनी ने कहा, "मैं बेहद तनाव में हूं। इतने दिनों से कोई ठोस खबर न मिलने के कारण मेरा दिल बेचैन है। गर्भवती होने के बावजूद मैंने यह सफर तय करने का फैसला किया है।' उन्होंने साफ किया कि अगर फिरोजपुर में भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो वह दिल्ली जाकर गृह मंत्रालय के अधिकारियों से मिलेंगी। पूर्णम साहू फिरोजपुर में बीएसएफ की 182वीं बटालियन में तैनात थे।



### हो चुकी है दो-तीन बार फ्लैग मीटिंग

बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि भारतीय और पाकिस्तानी सीमा बलों के बीच फ्लैग मीटिंग भी हो चुकी है, लेकिन साहू की रिहाई को लेकर अभी तक परिवार को कोई जानकारी नहीं दी गई है। साहू के माता-पिता भी बेहद चिंतित हैं। उनकी मां ने कहा, "मैं बस अपने बेटे की सुरक्षित वापसी की दुआ कर रही हूं और सरकार से गुहार लगाती हूं कि उसे जल्द घर लाया जाए।' परिवार की उम्मीदें अब भारत सरकार और बीएसएफ के प्रयासों पर टिकी हैं। पूरा परिवार बेसब्री से साहू के लौटने का इंतजार कर रहा है।

## सैलानियों में उत्साह...



**गुलमर्ग।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी सैलानी आतंकवाद से डरे नहीं हैं। जम्मू और कश्मीर के बारामुल्ला जिले के गुलमर्ग में सोमवार को एक गोंडोला केबल कार स्टेशन पर लगी पर्यटकों की कतार इस बात का सुबूत कही जा सकती है।

### राहुल के खिलाफ मानहानि मामला अगली सुनवाई 17 को

**सुल्तानपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा के एक नेता की ओर से दायर मानहानि के मामले में सोमवार को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले की विशेष एमपी/एमएलए अदालत में एक गवाह से जिरह की गई। भाजपा नेता विजय मिश्रा के वकील संतोष कुमार पांडेय ने गवाह अनिल मिश्रा को पेश किया, जो कोतवाली देहात के पीतांबरपुर कला का रहने वाला है। राहुल के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने गवाह से जिरह की, जो पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद, विशेष न्यायधीश शुभम वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 मई की तारीख निर्धारित की।



## केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले होती है खास यात्रा

# भोलेनाथ की पंचमुखी मूर्ति की निकाली जाती है डोली यात्रा

### कपाट खुलने से पहले निभाई जाती हैं कई परंपराएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हिंदू धर्म में चार धाम यात्रा का बहुत ही खास महत्व माना गया है। ऐसा माना जाता है कि जो भी भक्त इस यात्रा को पूरी श्रद्धा से करते हैं, उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। चार धाम यात्रा में यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के दर्शन किए जाते हैं। इनमें से केदारनाथ धाम भगवान शिव का बहुत पावन स्थल है और यह 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक माना जाता है। हर साल लाखों भक्त बाबा केदार के दर्शन करने आते हैं। मान्यता है कि बाबा केदार के दर्शन से सभी दुख-दर्द दूर हो जाते हैं और भोलेनाथ की कृपा से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले डोली यात्रा क्यों निकाली जाती है? आइए जानते हैं इसका धार्मिक महत्व।



**केदारनाथ मंदिर और डोली उत्सव की परंपरा :** इस साल यानी 2025 में केदारनाथ मंदिर के कपाट 2 मई को भक्तों के लिए खोले जाएंगे। कपाट खुलने से पहले कई परंपराएं निभाई जाती हैं। सबसे पहले बाबा भैरवनाथ की पूजा की जाती है, फिर बाबा केदारनाथ की पंचमुखी डोली को उखीमठ से केदारनाथ धाम ले जाया जाता है। इसके बाद विधि-विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले जाते हैं और भक्तों को दर्शन का अवसर मिलता है।

#### क्या है पंचमुखी डोली की खासियत?

जब हर साल सर्दियों में केदारनाथ के कपाट बंद हो जाते हैं, तो बाबा केदार की भोग मूर्ति को पंचमुखी डोली में रखकर उखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर लाया जाता है। वहां भगवान छह महीने तक विराजते हैं। पंचमुखी डोली का मतलब है कि इसमें भगवान केदारनाथ के पांच मुख दर्शाए गए हैं। इस डोली में चांदी की सुंदर मूर्ति होती है, जिसकी विशेष पूजा होती है। फिर जब केदारनाथ धाम के कपाट खुलने का समय आता है, तो बाबा की डोली को फिर से केदारनाथ मंदिर ले जाया जाता है।

#### यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व

केदारनाथ यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व है। यह बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है और चार धाम यात्रा का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मान्यता है कि यहां भगवान शिव ने पांडवों को दर्शन दिए थे और पापों से मुक्ति प्रदान की थी। केदारनाथ धाम की यात्रा को शुभ माना जाता है और यह मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग बताया जाता है। मान्यता है, केदारनाथ धाम की यात्रा एक महत्वपूर्ण धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है। यह भक्तों को न केवल भगवान शिव के दर्शन करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि उन्हें मानसिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग भी दिखाता है।

## पाकिस्तानी डिप्लोमैट तैमूर के 'एक्शन' की जांच शुरू

एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्रिटेन में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर जो हुआ, उसने एक बार फिर पाकिस्तान की जहरीली मानसिकता को बेनकाब कर दिया। भारतीय मूल के लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था। लेकिन पाकिस्तान ने अपनी घिनौनी हरकतों से इस विरोध को अपमानित करने की शर्मनाक कोशिश की। सबसे शर्मनाक हरकत की पाकिस्तानी डिप्लोमैट कर्नल तैमूर ने। लंदन के पाकिस्तान हाई कमीशन की बालकनी पर खड़े होकर उन्होंने भारतीय प्रदर्शनकारियों की तरफ गला रेतने का इशारा किया। हाथ में विंग कमांडर अभिनंदन वर्द्धमान की तस्वीर पकड़कर 'चाय शानदार थी' जैसे घटिया तंज कसते हुए वे मुस्कराते रहे. इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और अब मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। भारतीय समुदाय के लोगों का गुस्सा जायज था।

■ भारतीय प्रदर्शनकारियों को गला काटने का किया था इशारा



## चिंतन

# राफेल मरीन से समंदर में मजबूत होगा भारत

भारत अपनी सैन्य ताकत में लगातार इजाफा कर रहा है। इसी कड़ी में फ्रांस के साथ राफेल मरीन फाइटर जेट की डील काफी महत्वपूर्ण है। भारत फ्रांस से 63 हजार करोड़ रुपये में 26 राफेल मरीन विमान खरीदेगा। इन विमानों की तैनाती आईएनएस विक्रांत पर होगी। अभी मिग-29 तैनात है। मिग-29 की अपेक्षा राफेल मरीन काफी उन्नत और प्रभावी है। राफेल मरीन की एडवांस रडार टेक्नोलॉजी, ज्यादा हथियार ले जाने की क्षमता, बेहतर सेंसर इसे मिग-29 विमान से बेहतर बनाते हैं। भारत की नौसेन्य जरूरतों को राफेल मरीन पूरा करेगा। तीन वर्ष बाद इसकी आपूर्ति शुरू होगी और वर्ष 2030 तक सभी विमान मिल जाएंगे। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान बढ़े तनाव के बीच हुई इस डील का सीधा संदेश है कि भारत सेना व वायुसेना के साथ अपने नौसेना को भी मजबूत कर रही है। भारत के पास आईएनएस विक्रमादित्य व आईएनस विक्रांत दो युद्धपोत हैं, जबकि पाकिस्तान के पास ऐसा कोई युद्धपोत नहीं है। हाल के वर्षों में परमाणु पनडुब्बी से समेत कई पनडुब्बियां भारत ने अपने नौसैन्य बेड़े में शामिल की हैं। इस वक्त भारत हिंद महासागर, अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में काफी मजबूत है। राफेल मरीन के आने से भारत के पास समंदर में छिपे दुश्मन की पनडुब्बियों को मार गिराने की क्षमता में वृद्धि होगी। राफेल मरीन विमान परमाणु बम दागने की क्षमता से लैस होंगे। हथियारों की खरीद के मामले में यह फ्रांस के साथ भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील है। इससे पहले भारत ने फ्रांस के साथ ही 58 हजार करोड़ रुपये में 36 राफेल जेट विमान की खरीद वायुसेना के लिए की थी। अभी नौसेना के लिए भारत को कम से कम 57 फाइटर प्लेन की आवश्यकता है, जिनमें से 26 राफेल मरीन की डील हुई है, बाकी स्वदेशी स्तर पर निर्माण होंगे। राफेल-एम (मरीन) का उपयोग नौसेना के विमान वाहक पोत में होगा। यह पाकिस्तान के एफ-16 और चीन के जे-20 से ज्यादा बेहतर है। यह उड़ान भरने के बाद 3700 किमी दूर तक हमला करने में सक्षम है। यह बहुत कम जगह पर भी लैंड कर सकता है। राफेल-एम में शक्तिशाली एंटी शिप मिसाइलें लगाई जा सकती हैं, जो हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने में सक्षम हैं। यह विमान पनडुब्बियां खोजकर ध्वस्त करने वाले विशेष रडार से लैस होता है। खास बात यह है कि राफेल-एम में बीच हवा में ही रीफ्यूलिंग की जा सकती है। इस फाइटर जेट से नभ, थल और जल में नौसेना की पकड़ और मजबूत होगी। भारत की वायुसेना के पास पहले से ही राफेल विमान हैं। ऐसे में इसके उपकरणों और रखरखाव के लिए ट्रेनिंग में ज्यादा समस्या नहीं आएगी। यह डील भारत और फ्रांस के संबंधों को मजबूत करने की एक पहल भी है। ड्रोन के बढ़ रहे प्रचलन के बीच लड़ाकू विमान सटीक हमले करने और दूर तक स्ट्राइक करने की अपनी क्षमता के लिहाज से अहम हैं। भारत ने इससे पहले 1997-98 में रूस से सुखोई विमान ख़रीदा था। सुखोई के बाद लड़ाकू विमानों की तकनीक काफ़ी बदल चुकी है और इस लिहाज़ से राफेल बहुत ही आधुनिक लड़ाकू विमान है। विश्व के शक्तिशाली देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत को सामरिक रूप से ताकतवर देखना चाहते हैं, यह डील उस आकांक्षा को पूरी करती है। भारत के ध्यान में पाकिस्तान से अधिक चीन है, इसलिए मजबूत रक्षा तैयारी आवश्यक है। भारत को युद्धपोत बढ़ाने की भी आवश्यकता है और मरीन लड़ाकू विमान भी। हालांकि भारत को एआई बेस्ड ड्रोन और लेजर गन पर भी ध्यान देना चाहिए।


## चारधाम साइबर स्कैम

डॉ. मोनिका शर्मा



# यात्रा धोखाधड़ी से बचें श्रद्धालु

देश के हर हिस्से में हो रहे साइबर स्कैम चिंता का विषय बन गए हैं। हाल ही में केंद्र सरकार ने चारधाम यात्रा से जुड़ी ऑनलाइन बुकिंग की धोखाधड़ी के मामलों को लेकर भी श्रद्धालुओं को चेताया है। ध्यातव्य है कि 30 अप्रैल को चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही अक्षय तृतीया के दिन से यह धार्मिक यात्रा शुरू होगी। 2 मई को केदारनाथ और 4 मई को बद्रीनाथ के कपाट खुलेंगे। कपाट खुलने की यह धार्मिक परंपरा भारतीय तीर्थ यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर वर्ष चारधाम यात्रा को लेकर न केवल श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने मिलता है, बल्कि देशभर से लाखों श्रद्धालु इस धार्मिक यात्रा के लिए पंजीकरण भी करवाते हैं। हालिया दिनों में चारधाम यात्रा के नाम पर ठगी के बहुत से तरीके सामने के बाद श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सचेत किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार चारधाम यात्रा संबंधित जालसाजी में नकली वेबसाइटों, सोशल मीडिया पेजों और व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से विभिन्न सेवाएं देने का दावा करते हुए बुकिंग की जा रही है। श्रद्धालु सजग रहें, क्योंकि आस्थावान लोगों से धोखाधड़ी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले ठगों के ये सभी साइबर ठिकाने एकदम पेशेवर दिखते हैं। साथ ही सोशल मीडिया मंचों से लेकर गूगल जैसे सर्च इंजनों पर इनके भ्रामक विज्ञापन भी मौजूद हैं। दरअसल, चारधाम यात्रा से जुड़ी सेवाओं और सुविधाओं के आरक्षण के नाम पर यह धोखाधड़ी हो रही है। इस जालसाजी में हेलिकॉप्टर बुकिंग, तीर्थयात्रियों के लिए होटल आरक्षण, ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग और धार्मिक पर्यटन पैकेजेज लेने की गतिविधियां शामिल हैं। देश एक हर हिस्से में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से सस्ती सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दावों वाली यह जालसाजी और आसान हो जाती है, इसीलिए हर मोर्चे पर सजगता आवश्यक है। चारधाम की यात्रा में होने वाली साइबर ठगी पर लगाम लगाने के लिए उत्तराखंड एसटीएफ ने एक टीम को तैनात किया है। बाकायदा न्यायालय से आदेश लेकर यह टीम फेसबुक और अन्य माध्यमों पर नजर रखने के साथ ही इन फर्जी वेबसाइटों को बंद भी करा रही है। समझना जरूरी है कि साइबर ठग नकली वेबसाइट और वर्चुअल मीडिया प्रोफाइल्स के माध्यम से श्रद्धालुओं की जाली बुकिंग कर देते हैं। बुकिंग के अनुसार बद्रीनाथ और केदारनाथ पहुंचने पर तीर्थयात्रियों को पता चलता है कि बुकिंग हुई ही नहीं है। ये मामले धन गंवाने के ही नहीं आस्था से भी खिलवाड़ करने वाले मामले हैं। यही वजह है कि कई नकली वेबसाइटों, विज्ञापनों तथा सोशल मीडिया खातों पर रोक भी लगाई जा रही है। नागरिकों की सुरक्षा और सहूलियत के लिए बरती जा रही सख्ती के बावजूद ठगी के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। ऐसी घटनाएं आर्थिक नुकसान ही नहीं श्रद्धालुओं ही सुरक्षा से भी जुड़ी हैं। एक ओर धन की ठगी होती है तो दूसरी ओर वहां पहुंचने पर कोई सुविधा न मिलने से कई कठिनाइयां सामने आती हैं। बड़े-बुजुर्गों के मामले में तो स्थितियां और भी चिंतनीय हो जाती हैं। जहां एक ओर तकनीकी विस्तार से पंजीकरण एवं आवश्यक जानकारियां जुटा पाना आसान हुआ है तो वहीं दूसरी ओर भ्रामक सूचनाओं और धोखाधड़ी के मार्ग भी खुल गए हैं। ऐसे में भुगतान के बाद सेवाएं न मिलने की जालसाजी से बचने के लिए सतर्कता आवश्यक है। श्रद्धालुओं को चाहिए कि किसी भी तरह की छूट का लालच देने वाले पोर्टल के बजाय आधिकारिक सरकारी पोर्टल से ही बुकिंग करवाएं। यात्रा से जुड़ी सुविधाओं के पंजीकरण के लिए विश्वसनीय संस्थाओं का चुनाव करना चाहिए। इतना ही नहीं भुगतान से पहले इनकी प्रामाणिकता की पुष्टि करना भी आवश्यक है। इस तरह की धोखाधड़ी से बचाव के लिए गूगल या किसी भी दूसरे सोशल मीडिया मंच पर कोई प्रायोजित या अज्ञात लिंक को खोलने से पहले सत्यापित किया जाना बहुत जरूरी है। गौरतलब है कि इस मोर्चे पर पुलिस भी आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रही है। चारधाम यात्रा को देखते हुए नैनीताल पुलिस द्वारा 'साइबर क्राइम एक, चेहरे अनेक' स्लोगन द्वारा उत्तराखंड के लोगों और यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को सजग किया जा रहा है। समझना मुश्किल नहीं है कि तीर्थयात्रियों की सतर्कता से ऐसे प्रशासनिक प्रबंध और प्रभावी साबित हो सकते हैं।



(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



वेव्स 2025

डॉ. एल. मुरुगन

# वैश्विक रचनात्मक नेतृत्व की ओर भारत

प्रथम विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) जो 1 से 4 मई 2025 तक आयोजित होगा, भारत को वैश्विक रचनात्मकता के केंद्र में रखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्पित, वेव्स एक परिवर्तनकारी आंदोलन है और यह मीडिया तथा मनोरंजन (एमएंडई) परिदृश्य को फिर से पारिभाषित करेगा। भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2.7 ट्रिलियन रुपये के करीब पहुंच चुका है, ऐसे में वेव्स रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता में अग्रणी होने के हमारे संकल्प का संकेत देता है। यह अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, तकनीकी कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने का एक बहुत ही शानदार अवसर है।

भारत ने सदैव कहानी कहने की कला में उत्कृष्टता हासिल की है। रामायण और महाभारत जैसे कालातीत महाकाव्यों ने पीढ़ियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। हमारी कथाएं इन गाथाओं से आगे बढ़ती हैं और सांस्कृतिक आधारशिला के रूप में कार्य करते हुए उन्हें यह आकार देती हैं कि हम दुनिया को किस तरह से देखने के साथ-साथ रचनात्मकता व्यक्त करते हुए कलाकारों एवं दूरदर्शी लोगों की पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। कहानी कहने का यह अंतर्निहित उत्साह एक सशक्त रचनात्मक आकांक्षा के रूप में विकसित हुआ है और अब यह भारत को वैश्विक मीडिया पावरहाउस के रूप में उभरने में भी सहायता कर रहा है। 1 से 4 मई 2025 तक आयोजित होने वाला प्रथम विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) भारत को वैश्विक रचनात्मकता के केंद्र में रखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्पित, वेव्स एक परिवर्तनकारी आंदोलन है और यह मीडिया तथा मनोरंजन (एमएंडई) परिदृश्य को फिर से पारिभाषित करेगा। भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2.7 ट्रिलियन रुपये के करीब पहुंच चुका है, ऐसे में वेव्स 2025 रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता में अग्रणी होने के हमारे संकल्प का संकेत देता है।

अब पारंपरिक मीडिया से एक संपन्न डिजिटल-प्रथम इकोसिस्टम में परिवर्तित हो चुका है। इसके साथ-साथ अब यह स्ट्रीमिंग सेवाओं, सोशल मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से वैश्विक संपर्क का भी विस्तार कर रहा है। भारत में विदेशी फिल्म निर्माण के लिए प्रोत्साहन, सह-निर्माण समझौते और फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ) जैसी सरकारी पहल वैश्विक रचनाकारों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करती है।

वेव्स 2025 भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक नए युग के शुभारंभ का प्रतिनिधित्व करता है। दुनियाभर के अभिनवकर्ताओं, नीति निर्माताओं, कलाकारों और उद्योग जगत प्रमुखों को एक साथ लाकर, शिखर सम्मेलन सहयोग के वातावरण को बढ़ावा देता है। इसके साथ-साथ यह मनोरंजन के निर्माण, वितरण और अनुभव को एक नया रूप देगा। इस परिवर्तन के केंद्र में वेवैक्स 2025 और वेव्स बाज़ार जैसी पहल हैं। वेवैक्स 2025 गेमिंग, एनिमेशन, एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर), जनरेटिव एआई और नेक्स्ट-जेन कंटेंट प्लेटफ़ॉर्म जैसी उभरती हुई तकनीकों में कार्य करने वाले स्टार्टअप को सशक्त बनाता है। यह पहल स्टार्टअप के लिए अपने विचारों को प्रदर्शित करने, मेंटरशिप हासिल करने और उद्यम पूंजीदाता और सेलिब्रिटी एंजेल निवेशकों के साथ वार्तालाप के माध्यम से सुरक्षित वित्त पोषण के लिए एक आधार तैयार करती है। दूसरी ओर, वेव्स बाजार एक गतिशील ई-मार्केटप्लेस के रूप में कार्य करता है जिसे रचनाकारों, खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ने के लिए तैयार किया गया है। 5,500 से अधिक खरीदारों, 2,000 विक्रेताओं और




फिल्म, टेलीविज़न, गेमिंग, विज्ञापन के अलावा 1,000 पंजीकृत परियोजनाओं के साथ यह बाज़ार सहज सहयोग और अवसर खोज के लिए एक स्थल है। एआई-संचालित मैचमेकिंग यह सुनिश्चित करती है कि परियोजना और पेशेवरों को सही कनेक्शन, नवाचार और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में विकास को बढ़ावा मिले। ये प्लेटफॉर्म एक कार्यक्रम के संचालन से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ एक परिवर्तनकारी इकोसिस्टम है जो वेव्स के समापन के बाद भी मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र को प्रभावित करता रहेगा। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एक और महत्वपूर्ण उपलबिध सिद्ध होगा।

हमारा सबसे बड़े जनसांख्यिकीय लाभ के रूप में भारत के युवा, वेव्स पहल से अत्यंत लाभान्वित होंगे। 29 वर्ष की औसत आयु के साथ, भारत न केवल दुनिया का सबसे युवा देश है बल्कि रचनात्मकता और नवाचार के मामले में सर्वाधिक जीवंत राष्ट्र भी है। वेव्स 2025 युवाओं को अपने दृष्टिकोण में अग्रणी रखने के साथ-साथ कौशल विकास, उद्यमिता और वैश्विक सहयोग के लिए मार्ग भी प्रशस्त करता है। क्रिएट इन इंडिया चैलेंज इस प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। 1,100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों सहित लगभग 1,00,000 पंजीकरणों के साथ इस चुनौती ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक प्रतिभाओं के एक विविध समूह को आकर्षित किया है। क्रिएटोस्फीयर के हिस्सा के रूप में फाइनल प्रतिभागियों को उद्योग प्रमुखों से जुड़ने, मास्टरक्लास में भागीदारी करने और वैश्विक प्रदर्शन हासिल करने के शानदार अवसर प्राप्त होंगे।

इसके अलावा, मुंबई में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की स्थापना भारत के युवाओं के भविष्य में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतीक है। कौशल विकास और नवाचार के लिए उत्कृष्टता के एक वैश्विक केंद्र के रूप में, आईआईसीटी रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी के बीच के अंतर को दूर करते हुए यह सुनिश्चित करेगा कि युवा भारतीयों के पास मीडिया और मनोरंजन उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा करने से जुड़ी विशेषज्ञता हासिल हो।सतत विकास के लिए वैश्विक सहयोग शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद भी शामिल होगा, जिसमें वैश्विक प्रमुखों, नीति निर्माताओं, कलाकारों और उद्योग जगत के पेशेवर एक साथ भागीदारी करेंगे। यह संवाद केवल चर्चाओं के संदर्भ में ही नहीं है, अपितु अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नैतिक कार्य प्रणालियों और नवाचार के लिए रणनीति विकसित करने से जुड़ी कार्यवाही के लिए भी है।

प्रधानमंत्री मोदी के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग हितधारकों के साथ निर्धारित संवाद से प्रभावशाली साझेदारी शुरू होने की आशा है, जिससे आने वाले वर्षों में भारत लाभान्वित होगा। विकसित भारत के लिए दृष्टिकोण वेव्स 2025 केवल एक आयोजन नहीं है, यह विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो एक विकसित राष्ट्र के तौर पर रचनात्मकता और नवाचार में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। विविधता को बढ़ावा देने, प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने और युवाओं को सशक्त बनाने के माध्यम से, वेव्स 2025 भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था के सतत विकास में सक्षम प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित करता है।

वेव्स 2025 रचनात्मक उद्योग की अनंत संभावनाओं का सुदृढ़ीकरण है। यह अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, तकनीकी कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। यह परंपरा और प्रौद्योगिकी के संगम के माध्यम से वैश्विक रचनात्मक इकोसिस्टम को फिर से पारिभाषित करने के भारत के दृष्टिकोण का प्रमाण भी है।

(लेखक केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# मुक्ति के लिए पहले मोक्ष का मर्म समझें




संकलित

**दर्शन**

मन ही बंधन का कारण है, तो वही मोक्ष का माध्यम भी। पूरी दुनिया सदियों से मोक्ष यानी बंधन से मुक्ति का मार्ग तलाश रही है। पर, वेदांत सिद्धांत कहता है कि आत्मा ही शुद्ध है और यह संसार भ्रम। जो इस बात को समझने में सफल हो गया, उन्हें बंधन से मुक्ति का मार्ग भी मिल जाता है। मन एव मनुष्याणां कारणं बंधमोक्षयो' यानी मन ही तुम्हारे बंधन और मोक्ष का कारण होता है। मन से ही बंधन होता है और मन से ही मुक्ति होती है। बंधा कौन है? जो विषयों की आसक्ति में है। मुक्त कौन है? जिसका मन निर्विषय हो गया। सामान्य धारणा यही होती है कि मुक्ति का मतलब है कि दोबारा जन्म न हो। इसी संदर्भ में रवीन्द्रनाथ टैगोर कहते थे कि जब मैं प्रभु को प्यार करता हूं तो फिर प्रभु की सृष्टि को भी प्यार कैसे न करूं? एक बार नहीं, मैं तो हजारों बार इसी धरा पर जन्म लेना चाहूंगा। उस प्यारे की जो सृष्टि है, वह भी प्यारी है। ऐसे ही एक ज्ञानी से किसी ने पूछा कि क्या आपको मुक्ति नहीं चाहिए? ज्ञानी ने कहा कि अगर मुक्ति का मतलब यह है कि जन्म नहीं होगा तो जाओ, मुझे तुम्हारी मुक्ति भी नहीं चाहिए। लोग अमूमन यही सोचते हैं कि संसार बुरी जगह है और यहां दोबारा पैदा न होना मुक्ति है। जबकि ज्ञानी की दृष्टि है कि विषय की आसक्ति न रहे, यही मुक्ति है। संसार असार है, यह जानना ही मुक्ति है। कबीर जी सारी जिंदगी बनारस में रहे और शरीर जाने का जब समय आया तो जाकर मगहर में बस गए। लोगों ने कहा, 'कबीर जी! क्या करते हो?

# क्रोध को वश में करने से जीवन सहज और सरल



संकलित

**प्रेरणा**

आमतौर पर, हम क्रोध या घृणा की ज्यादा परवाह नहीं करते, इसलिए यह सहजता से आ जाते हैं। परंतु यदि हम इन भावनाओं के विषय में सजग हो जाएं, तो हमारा क्रोध व घृणा के प्रति यह अनिच्छापूर्ण रुख ही उन्हें हमसे दूर रखने के लिए पर्याप्त होगा। घृणा के विनाशकारी प्रभाव स्पष्ट और तुरंत दिखाई दे जाते हैं। उदाहरण के लिए, जब आपके अंदर घृणा का अत्यंत तीव्र भाव उत्पन्न होता है, तो उसी क्षण, वह आपके ऊपर पूरी तरह से हावी हो जाता है और आपकी मानसिक शांति को भंग कर देता है; आपकी बुद्धि काम करना बंद कर देती है। क्रोध और घृणा के तीव्र भाव आपके दिमाग के सबसे बेहतरीन हिस्से, यानी सही व गलत तथा आपके कार्यों के अल्पकालिक व दीर्घकालिक प्रभावों में अंतर करने की क्षमता को बिलकुल मिटा देते हैं। निर्णय लेने की योग्यता पूरी तरह निष्क्रिय हो जाती है। आप लगभग पागल जैसे हो जाते हैं। यह क्रोध और घृणा आपको दुविधा की स्थिति में डाल देते हैं, जिससे आपकी समस्याएं और परेशानियां और बढ़ जाती हैं। शारीरिक स्तर पर भी, घृणा से व्यक्ति में बहुत गंदा, अनाकर्षक शारीरिक बदलाव आ जाता है। क्रोध व घृणा के तीव्र भाव जाग्रत होने पर, व्यक्ति कितना भी अच्छा दिखने की कोशिश करे, उसका चेहरा भद्दा और विरूपित दिखाई देता है। घृणा की तुलना शत्रु से की जाती है। यह भीतरी दुश्मन नुकसान पहुंचाने के अलावा कुछ नहीं करता। यह हमारा पक्का दुश्मन, हमारा सबसे बड़ा शत्रु है।

## स्वर्ण मंदिर में रोशनी



अमृतसर में सोमवार को दस सिख गुरुओं में से दूसरे गुरु, गुरु अंगद देव की जयंती पर स्वर्ण मंदिर को रोशनी से सजाया गया।

## आज की पाती

### स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी। *-सोहन कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### खिताब हासिल करने पर बधाई

भारतीय टीम को कुल 87 पदक जीतने और दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप में खिताब हासिल करने के लिए बहुत-बहुत बधाई। यह उपलब्धि हमारे एथलीटों के समर्पण को दर्शाती है, जिन्होंने योग की समृद्ध विरासत को सम्मानित किया है।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री



### चिकित्सा आपूर्ति भेजी

हमारी संवेदनाएं ईरान में हुए दुखद विस्फोट से प्रभावित लोगों के साथ हैं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति गहरी संवेदनाएं। डब्ल्यूएचओ ने घायलों के इलाज के लिए आपातकालीन चिकित्सा आपूर्ति भेजी है।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक



### हम पर टिप्पणी कर रहे

पीयूष गोयल ने कहा कि हमारे देश में 140 करोड़ लोग हैं, लेकिन उनमें देशभक्ति की कमी है। यानी वो देश के लोगों को चुनौती दे रहे हैं। आज़ादी के लिए लड़ाई लड़ने वाले गांधीजी की हत्या कर दी गई, लेकिन बीजेपी के लोग हम पर टिप्पणी कर रहे हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष



### रोबोट आगे निकल जाएंगे

रोबोट 5 साल के भीतर सबसे अच्छे मानव सर्जनों से भी आगे निकल जाएंगे। न्यूरालिंक को मस्तिष्क-कंप्यूटर इलेक्ट्रोड सम्मिलन के लिए रोबोट का उपयोग करना पड़ा, क्योंकि मनुष्य के लिए आवश्यक गति और सटीकता प्राप्त करना असंभव था।

-एलोन मस्क, उद्योगपति



## करंट अफेयर

# '3 इडियट्स' से चर्चा में आए लद्दाख के स्कूल को मान्यता

लद्दाख के पहाड़ों में स्थित और 'रैंचो स्कूल' के नाम से मशहूर ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल को आखिरकार अपनी स्थापना के दो दशक से भी ज्यादा समय बाद सीबीएसई से मान्यता मिल गई है। कई वर्षों के विलंब और अस्वीकृतियों के बाद यह मान्यता दी गई। वर्ष 2009 में आमिर खान अभिनीत फिल्म '3 इडियट्स' से प्रसिद्धि पाने वाला यह स्कूल अब तक जम्मू-कश्मीर राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड (जेकेबीओएसई) से संबद्ध था। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में पारंपरिक 'रटंत शिक्षा' से हटकर नवीन शिक्षण तरीकों से पढ़ाई पर जोर देने के लिए सुधारों का प्रस्ताव किए जाने से बहुत पहले ही अपने नवीन शिक्षण तरीकों के लिए मशहूर यह स्कूल अब कक्षा 12 तक विस्तार करने की योजना बना रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्य मिंगुर आंगमो ने कहा, कई वर्षों की देरी के बाद हमें आखिरकार सीबीएसई से मान्यता मिल गई है और कक्षा 10 के हमारे पहले बैच के छात्र अब अपने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास सभी आवश्यक बुनियादी ढांचा, उत्कृष्ट परिणाम रिकॉर्ड और शिक्षण एवं सीखने के अभिनव तरीके होने के बावजूद इन वर्षों में कई प्रयासों के बाद भी हमें जेकेबीओएसई से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं मिली।



## ऑफ बीट

# लिथियम- आयन बैटरी की चुनौतियां कोई कम नहीं

लिथियम-आयन बैटरी दुनिया के बड़े हिस्से को बिजली दे रही हैं। इसका इलेक्ट्रिक वाहन और स्मार्टफोन जैसे उपकरणों में भी इस्तेमाल होता है। बैटरी से लोगों के ऊर्जा भंडारण और इस्तेमाल के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव आया है। लेकिन जैसे-जैसे ये बैटरी दैनिक जीवन का हिस्सा बनती जा रही हैं, वैसे-वैसे इनके प्रबंधन और ऊर्जा को सुरक्षित, कुशलतापूर्वक और विवेकपूर्ण ढंग से संग्रहीत करने की चुनौतियों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। लिथियम-आयन बैटरी को दोबारा रिजार्च किया जा सकता है। बैटरी सरल लग सकती हैं, लेकिन वे उतनी ही जटिल हैं, जितना कि वास्तविक दुनिया में लोग इनका इस्तेमाल करने के लिए सोचते हैं। मूलतः लिथियम-आयन बैटरी दो विद्युत ध्रुवों या इलेक्ट्रोड के बीच लिथियम तत्व के आवेशित कणों, जिन्हें आयन कहते हैं, की गति पर निर्भर करती हैं। ये बैटरी कितनी ऊर्जा संग्रहीत करती हैं और कितनी अच्छी तरह काम करती हैं, यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें तापमान और बैटरी की भौतिक संरचना शामिल है। दुनियाभर में, शोधकर्ता इनमें से प्रत्येक कारक के बारे में अलग-अलग और एक-दूसरे के साथ मिलकर सवालों के जवाब देने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ शोध बैटरी के खराब होने की गणना करने पर केंद्रित हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण और अश्विन को मिला पद्मश्री पुरस्कार, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को सोमवार को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान श्रीजेश और अश्विन को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। श्रीजेश और अश्विन को यह सम्मान खेल में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने 2025 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी जिसमें श्रीजेश और अश्विन का नाम भी शामिल था। अश्विन ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह भारत के सफल स्पिनरों में शामिल हैं। अश्विन ने टेस्ट में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज के तौर पर अपना करियर समाप्त किया। 106 टेस्ट मैचों में अश्विन ने 537 विकेट झटके और वह बस पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले से पीछे थे जिन्होंने अपने टेस्ट करियर में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन फिलहाल आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं और इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले पीआर श्रीजेश ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास का एलान किया था। फिलहाल वह जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं। 2010 विश्व कप में डेब्यू करने के बाद श्रीजेश भारत के लिए कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं, जिसमें 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण और जकार्ता-पालेमबांग में 2018 एशियाड में कांस्य पदक शामिल है। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के अलावा, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल चैंपियन टीम में भी थे। इसके अलावा वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2023 एशियाई चैंपियन ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 2022 एशियाई खेलों में उन्होंने भारत को स्वर्ण जीतने में मदद की थी। इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाया था। श्रीजेश को 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

### दो बार ओलंपिक पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे श्रीजेश



हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को मिला पद्म विभूषण।

### भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं अश्विन



क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को मिला पद्म श्री सम्मान।

### सुशील कुमार मोदी और पंकज उदास को मरणोपरांत पद्म भूषण

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत) को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी जेसी सुशील मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह पुरस्कार ग्रहण किया। वहीं गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उनकी पत्नी फरीदा ने लिया। इसके अलावा साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित एवं योग शिक्षा में अग्रणी, कुवैत की शेखा शेखा अली अल-जबर अल-सबा को चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया है। एक्टर और आंध्र प्रदेश के विधायक नंदमुरी बालकृष्ण को कला क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। कला के क्षेत्र में साउथ फिल्मों के एक्टर अजीत, डायरेक्टर शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### फिलिस्तीनियों की मानवीय मदद के लिए आईसीजे ने शुरू की सुनवाई



**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत 40 देशों की ओर से इस मामले पर सोमवार को सुनवाई शुरू हुई कि गाजा और कब्जे वाले 'वेस्ट बैंक' में फिलिस्तीनियों को अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए इजराइल को क्या करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय न्यायालय से इजराइल के कानूनी दायित्वों पर विचार करने के लिए कहा था। दरअसल इजराइल ने गाजा में सहायता मुहैया कराने वाली 'फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी' को काम करने से प्रभावी रूप से प्रतिबंधित कर दिया था।

### 'विजय दिवस' के अवसर पर 8-10 मई को युद्ध विराम नहीं करेंगे हम हमला

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कार्यालय 'क्रेमलिन' ने यूक्रेन में 8 से 10 मई तक पूर्ण युद्धविराम की सोमवार को घोषणा की। रूस ने द्वितीय विश्वयुद्ध में नाजी जर्मनी पर जीत के अवसर पर आयोजित 'विजय दिवस' के उपलक्ष्य में यह घोषणा की है। यह युद्धविराम आठ मई की मध्यरात्रि से शुरू होगा और 10 मई तक चलेगा। क्रेमलिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 9 मई को विजय दिवस के लिए 'मानवीय आधार' पर शत्रुतापूर्ण कार्रवाई को पूरी तरह से रोकने का आदेश दिया है।



### पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में बढ़ा तनाव

# पाक पीएम को बड़े भाई ने दी युद्ध से दूर रहने की सलाह, कहा- 'सब्र' से काम लें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान में तनाव की स्थिति उत्पन्न है। इधर, पीएम नरेंद्र मोदी ने इस हमले में मारे गए लोगों का बदला लेने की बात कही है। तो उधर, पाक में भी हलचल तेज है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ समेत कई नेता भारत के खिलाफ आग उगलने वाले बयान दे चुके हैं, जिसके बाद अब पूर्व पीएम शहबाज शरीफ ने अपने छोटे भाई शहबाज को खास सलाह दी है। दरअसल, पीएम शहबाज शरीफ ने रविवार को पीएमएल-एन के अध्यक्ष नवाज शरीफ को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी दी। यह बैठक कश्मीर के पहलगाम इलाके में आतंकवादी हमला होने के चलते भारत द्वारा सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने के बाद हुई थी।

नवाज शरीफ ने राजनयिक विकल्प का उपयोग करने को कहा | पाकिस्तान की सरकार शांति बहाल करने के लिए उठाए कदम

### नवाज शरीफ आक्रामक रूख अपनाने के इच्छुक नहीं





शहबाज शरीफ ने नवाज से उनके पारिवारिक आवास जति उमरा में मुलाकात की। इस दौरान पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज भी मौजूद थीं। शहबाज ने बड़े भाई नवाज को किसी भी मुश्किल स्थिति में सेना की तैयारी के बारे में जानकारी दी। पीएमएल-एन के एक सूत्र ने बताया कि नवाज शरीफ चाहते हैं कि उनकी सरकार दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच शांति बहाल करने के लिए कदम उठाए। उन्होंने शहबाज को भी सब्र से काम लेने को कहा है। नवाज ने शहबाज को सभी उपलब्ध राजनयिक विकल्पों का उपयोग करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि नवाज आक्रामक रुख अपनाने के इच्छुक नहीं हैं। उधर, पीएम शहबाज ने अपने बड़े भाई से कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आईडब्ल्यूटी को निलंबित करने के भारत के एकतरफा फैसले ने क्षेत्र में युद्ध के जोखिम को बढ़ा दिया है।

### तुर्किए ने पाक को की मदद, भेजे गोला-बारूद

*पाकिस्तान ने अपने मित्र-देश तुर्किए से मदद मांगी है। स्वतंत्र एजेंसी ओपन सोर्स इंटेलिजेंस के मुताबिक, तुर्किए का एक सी-130 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट पाकिस्तान पहुंचा है। माना जा रहा है कि इस विमान में तुर्किए ने पाकिस्तान के लिए गोला-बारूद भेजा है। तुर्किए ने पाकिस्तान को टीबी-2 बायरेक्टर ड्रोन मुहैया कराए हैं। इन बायरेक्टर ड्रोन को पाकिस्तान ने भारत सीमा के करीब लाहौर सेक्टर में तैनात किया है। दुनिया में गिने-चुने देश ही बचे हैं जो पाकिस्तान के आतंकवाद का समर्थन करते हैं। उनमें से एक तुर्किए है, जो संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर विवाद का मुद्दा उठाता रहता है। ऐसे में पाकिस्तान को तुर्किए का ही सहारा है।*

### यूएन में आतंकी संगठन टीआरएफ नाम हटाना चाह रहा पाक

*पाकिस्तान, चीन की मदद से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पेश होने वाले पहलगाम ड्राफ्ट से आतंकी संगठन टीआरएफ का नाम हटाने की साजिश रच रहा है। पाकिस्तान इस समय यूएनएससी में गैर स्थायी श्रेणी में सदस्य है और अपनी इस स्थिति का लाभ उठाने के लिए पाकिस्तान पहलगाम हमले में अपनी जवाबदेही से बचना चाहता है। दरअसल टीआरएफ को पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा का मुखौटा संगठन माना जाता है। ऐसे में पाकिस्तान को डर है कि अगर यूएनएससी में पहलगाम ड्राफ्ट में टीआरएफ का नाम हुआ तो वह फंस सकता है और उस पर टीआरएफ के खिलाफ कार्रवाई का दबाव बन सकता है।*

# 'बिहार में चुनावी भाषण दे सकते हैं, पर पहलगाम हमले पर सर्वदलीय बैठक में नहीं आ सकते'

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने किया पीएम मोदी पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम आतंकी हमले पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने इसे देश की बदकिस्मती बताते हुए कहा कि मोदी बिहार में चुनावी भाषण देते हैं, लेकिन दिल्ली में हो रही सर्वदलीय बैठक में नहीं आ सकते, यह शर्म की बात है। कांग्रेस अध्यक्ष राजस्थान के जयपुर में 'संविधान बचाओ रैली' को संबोधित कर रहे थे। खड़गे ने अपने भाषण की शुरुआत पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की और कहा कि राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर जाकर पहलगाम हमले में घायल हुए लोगों से मुलाकात की, लेकिन मोदी न तो सर्वदलीय बैठक में आए और न ही कश्मीर गए। उन्होंने मोदी के '56 इंच की छाती' और 'घर में घुसकर मारूंगा' जैसे बयानों पर तंज कसते हुए कहा कि बड़ी-बड़ी बातों के बजाय उन्हें बिहार से आकर दिल्ली में बैठक में शामिल होना चाहिए था और देश को अपनी योजना के बारे में बताना चाहिए था।

### आरएसएस से पूछा सवाल

खड़गे ने आरएसएस पर भी निशाना साधते हुए पूछा कि विभिन्न शहरों में करोड़ों की संपत्ति खड़ी करने के लिए उसके पास पैसा कहां से आया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी का कोई कार्यक्रम होता है तो उसके कार्यकर्ताओं को परेशान किया जाता है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस ने रायपुर अधिवेशन का आयोजन किया तो ईडी ने उसके नेताओं पर छापेमारी शुरू कर दी। अहमदाबाद अधिवेशन के सफल समापन के बाद ईडी ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। भाजपा को जैसे ही लगता है कि कांग्रेस मजबूत हो रही है, वह जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर उसे दबाने की कोशिश करने लगती है।

विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी

# अब रेलवे एग्जाम हॉल में मंगलसूत्र और जनेऊ के साथ मिलेगा प्रवेश

### विवाद बढ़ने के बाद विभाग ने बदला फैसला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों ने रेलवे भर्ती बोर्ड की नर्सिंग अधीक्षक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र और जनेऊ उतार कर परीक्षा भवन में प्रवेश करने संबंधी निर्देश पर सोमवार को कड़ी आपत्ति जताई, जिसके तुरंत बाद फैसले को वापस ले लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने अब स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश करने से पहले मंगलसूत्र और जनेऊ जैसे धार्मिक प्रतीकों को उतारने की आवश्यकता नहीं होगी। रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने स्पष्ट किया कि रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों पर पाबंदी नहीं रहेगी।

### धार्मिक भावनाओं का सम्मान होना चाहिए

उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि यह परीक्षा मंगलवार को मंगलुरु के बॉन्डेल में मनैल श्रीनिवास नायक बेसेंट विद्या केंद्र में आयोजित की जाएगी। शुरुआत में, प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों को परीक्षा देने से पहले मंगलसूत्र और जनेऊ उतारने का निर्देश दिया गया था।

# पुरी ने जताई खुशी, भाजपा सरकार में लोगों को मिलेगा भरपूर लाभ

### दिल्ली में 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' का वितरण



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयुष्मान वय वंदना कार्ड के वितरण पर खुशी जताई। दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में वय वंदना कार्ड के वितरण के लिए आयोजित समारोह से इतर मीडिया से बात करते हुए हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी। लेकिन अफसोस, दिल्ली में इसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के दो महीने बाद योजना को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की तारीफ की।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करने की तैयारी

# स्वीडन से भारतीय सेना को मिला एटी4 रॉकेट लॉन्चर



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच, स्वीडन से भारत को एक महत्वपूर्ण एंटी-आर्मर हथियार की डिलीवरी की गई है। यह वही हथियार है जिसे 2016 में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के लॉन्च पैड्स को नष्ट करने में इस्तेमाल किया गया था। सर्जिकल स्ट्राइक वाले कार्ल गुस्टाफ रॉकेट लॉन्चर की डिलीवरी की स्वीडन की साब कंपनी ने कहा कि हमें भारतीय सशस्त्र बलों को अपने एटी4 एंटी-आर्मर हथियार प्रणाली की सफल डिलीवरी की घोषणा करते हुए गर्व है। यह एटी4 रॉकेट लॉन्चर का एडवांस वर्जन है जो भारतीय सेना के लिए एक रणनीतिक ताकत बन सकता है। इस सिस्टम को खास तौर पर सीमित स्थानों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने कहा कि हमें गर्व है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने हमारे एटी4 सिस्टम को अपनाया है, जो अब भारतीय शस्त्रागार का हिस्सा बन गया है। स्वीडन से मिल रहे एटी4 रॉकेट लॉन्चर्स से भारतीय सेना की ताकत में नया इजाफा हुआ है।

### कार्ल-गुस्टाफ से हल्का और प्रभावी

एटी-4 रॉकेट लॉन्चर, कार्ल-गुस्टाफ की तुलना में हल्का और ज्यादा प्रभावी है। यह एक सिंगल-शॉट सॉल्यूशन के रूप में काम करता है, जो दुश्मन के बंकर और अन्य संरचनाओं को नष्ट करने के लिए अत्यंत प्रभावी है। सेना के लिए इसका फायदा यह है कि यह कंधे से फायर करने में आसान होगा और सैनिक इसे आसानी से अपने साथ ले जा सकेंगे। 2016 में, भारतीय सेना के पैरा-एसएफ कमांडो ने कार्ल-गुस्टाफ रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल करके पीओके में आतंकियों के लॉन्च पैड्स को नष्ट किया था। उस समय, सैनिकों ने कंधे पर रॉकेट लॉन्चर लादकर इन हमलों को अंजाम दिया था, जो उनकी सफलता का एक अहम हिस्सा साबित हुआ।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दाश M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज



# कोस्टाओ ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक्टिंग की बदौलत लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। उनका नाम चुनिंदा कलाकारों की लिस्ट में शामिल हैं, जो किरदार की जरूर को बखूबी निभाना जानते हैं। फिल्मी दुनिया से जुड़े मुद्दों पर एक्टर खुलकर अपनी बात रखने के लिए भी जाने जाते हैं। बड़े पर्दे के साथ-साथ ओटीटी पर भी उनका काम तारीफ के काबिल है। इन दिनों नवाजुद्दीन अपनी अपकमिंग फिल्म कोस्टाओ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जो ओटीटी पर रिलीज होगी। इसके प्रमोशन में एक्टर बिजी चल रहे हैं। इस बीच उन्होंने बताया कि इस मूवी के किरदार की क्या बात उन्हें अच्छी लगती है।

## लाइफ Style

# मौनी

## ट्रोलर्स ने कहा- सर्जरी की दुकान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मौनी रॉय अपनी आगामी फिल्म 'भूतनी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच वह एक इवेंट में पहुंचीं। अभिनेत्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें व्हाइट सैटिन की मिनी ड्रेस में नजर आईं। वीडियो के सामने आते ही अभिनेत्री एक बार फिर ट्रोलर्स के निशाने पर आ गईं।

यूजर्स ने उन्हें फिर से सर्जरी और बोटॉक्स कराने को लेकर ट्रोल किया। हालांकि, अभिनेत्री अपने एक हालिया बयान में कह चुकी हैं कि उन्हें इन सब चीजों से फर्क नहीं पड़ता। अभिनेत्री के नए लुक के वीडियो को देखकर ट्रोलर्स ने उन पर एक बार फिर निशाना साधा और सर्जरी कराने की बात कही। एक यूजर ने लिखा, 'सर्जरी की दुकान' एक अन्य ने लिखा, 'और थोड़े फिलर्स करवा लेती, तभी तो फ्लिक्स करने की जरूरत पड़ी है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, कूल बनने के चक्कर में बैड लुक आ गया सिर्फ बोटोक्स। अब इनका नाम बोटोक्स गर्ल है।' एक और ने लिखा, 'शरीर पर कुछ भी करते हैं।' हालांकि, मौनी रॉय के फैंस को उनका यह लुक काफी पसंद आया। उन्होंने कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफ भी की। एक यूजर ने लिखा, 'बहुत सुंदर लग रही हैं।' एक अन्य ने लिखा, 'बेबी डॉल' एक और यूजर ने लिखा, 'बहुत सुंदर।' मीडिया से बातचीत के दौरान अभिनेत्री मौनी रॉय से जब उनकी ट्रोलिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'कुछ नहीं, देखती ही नहीं। सबको अपना काम करने दो। मैं ऐसी टिप्पणियों पर ध्यान नहीं देती। अगर आप दूसरों को ट्रोल करने के लिए पर्दे के पीछे छिपते हैं और अगर आपको इसमें खुशी मिलती है तो ऐसा ही हो।'



## हॉलीवुड मसाला



# भारत में रिलीज होगी मिशन इम्पॉसिबल

**लॉस एंजिलिस।** क्रिस्टोफर मैक्वेरी के निर्देशन में बनी 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग का इंतजार दर्शक एक लंबे समय से कर रहे हैं। पांच महीने पहले जब पैरामाउंट पिक्चर ने टॉम क्रूज की 'मिशन इम्पॉसिबल-8' का फाइनल चैप्टर का टीजर रिलीज किया था, तभी से दर्शक इस फिल्म की थिएटर रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। टॉम क्रूज की फिल्मों को पसंद करने वालों की संख्या जितनी विदेशों में है, उतनी ही इंडिया में भी है। भारत में भी टॉम क्रूज की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार होता है।



# स्टीवर्ट ने लेस्बियन गर्लफ्रेंड से की शादी

**लॉस एंजिलिस।** ट्वाइलाइट फिल्म से पॉपुलर होने क्रिस्टन स्टीवर्ट फिल्मी प्रोजेक्ट्स से ज्यादा लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। बीते कुछ सालों से वह डायलन मेयर को डेट कर रही थी। आखिरकार अब उन्होंने रिश्ते को शादी का नाम दे दिया है। एक्ट्रेस ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड से शादी रचाई है। इसकी जानकारी सामने आने के बाद उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि अभिनेत्री ने रविवार को अपनी लंबे समय की गर्लफ्रेंड डायलन मेयर से शादी कर ली है। बता दें कि उन्होंने शादी स्टीवर्ट के लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर में एक निजी समारोह के तहत की है। इस कपल ने चार साल पहले अपनी सगाई की घोषणा की थी और अब शादी की।



# 'केजीएफ' फिल्म ने दी मुझे पहचान

**मुंबई।** 'केजीएफ' में अभिनेता यश के साथ नजर आईं अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'हिट 3' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच अभिनेत्री ने अपनी पहली फिल्म 'केजीएफ' को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने उनको 'केजीएफ' में फ्लावरपॉट कहे जाने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और बताया कि उन्हें आलोचनाओं व ट्रोलिंग से फर्क पड़ता है या नहीं। 'हिट 3' की रिलीज का इंतजार कर रहीं अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने हालिया बातचीत में अपनी पहली फिल्म 'केजीएफ' में उन्हें फ्लावरपॉट कहकर ट्रोल किए जाने पर बात करते हुए कहा, "मुझे 'केजीएफ' में फ्लावरपॉट बनने में कोई आपत्ति नहीं थी, क्योंकि जब यह आई तो यह मेरे लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट की तरह था। न कि यह कैसे होगा, ये मेरे लिए मायने रखता था। जब मैंने कहानी सुनी, तो मुझे पता था कि मेरी भूमिका केवल इतनी ही है।



## बाबुलनाथ मंदिर पहुंची 'ज्वेल थीफ' अभिनेत्री

**मुंबई।** अभिनेत्री निकिता दत्ता को हाल ही में 'ज्वेल थीफ' में देखा गया। उन्होंने सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ प्रमुख भूमिका निभाई। सोमवार को अभिनेत्री मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर पहुंची। फिल्म रिलीज होने के तीन दिन बाद सोमवार को अभिनेत्री को मंदिर में देखा गया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभिनेत्री ने शिव जी के मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि निकिता मंदिर के अंदर पूजा-अर्चना कर रही हैं। वह शिव मंदिरों में मनाए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठान के बाद नंदी के कान में फुसफुसाती भी नजर आ रही हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने लाल फूलों के प्रिंट वाली सफेद भारतीय पोशाक पहनी थी।

# 'रेड 2' पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अजय देवगन की मच अवेटेड फिल्म 'रेड 2' रिलीज को तैयार है। 1 मई को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अब सिर्फ दो दिनों का ही समय बाकी रह गया है। फिल्म की कास्ट इसके प्रमोशन में जुटी हुई है। इस बीच फिल्म पर सेंसर की कैंची चली है। जिसके बाद अब फिल्म सेंसर बोर्ड से भी पास हो गई है। जानकारी के मुताबिक, फिल्म में अधिक कट तो नहीं लगे हैं। हालांकि, फिल्म से अजय देवगन का एक डायलॉग जरूर हटाए जाने की जानकारी सामने आ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अजय देवगन की 'रेड 2' में सीबीएफसी यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने कोई विजुअल कट नहीं लगाया है।





हालांकि, फिल्म से अभिनेता अजय देवगन का एक आठ सेकंड लंबा डायलॉग सीबीएफसी ने काट दिया है। फिल्म की शुरूआत में आने वाला अजय देवगन का 'पैसा, ताकत और हथियार' वाला डायलॉग सीबीएफसी ने फिल्म से हटाने को कहा है। इसके अलावा सेंसर बोर्ड ने फिल्म से 'रेलवे मंत्री' शब्द भी हटाने को कहा है। उसकी जगह 'बड़ा मंत्री' शब्द इस्तेमाल करने को बोला है।

## टीवी मसाला

# नायरा : आपका फिगर साउथ मूवीज वाला है, सुझाव से परेशान

**मुंबई।** मशहूर टीवी अभिनेत्री नायरा बनर्जी साउथ सिनेमा का भी बड़ा नाम हैं। रियलिटी शो बिग बॉस 18 में भी वे हिस्सा ले चुकी हैं। नायरा ने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि जब वे फिल्मी दुनिया में आईं तो कास्टिंग डायरेक्टर्स उन्हें साउथ फिल्मों में जाने का सुझाव देते। नायरा का कहना है कि शुरुआत में उन्होंने लॉ स्कूल में दाखिला लिया, क्योंकि परिवार में वकीलों की कमी थी। मगर, उन्हें डांस का भी शौक था। उन्होंने इंडस्ट्री की तरफ रुख किया। नायरा बनर्जी का कहना है कि कास्टिंग डायरेक्टर अक्सर उनसे कहते थे कि वे साउथ की फिल्मों के लिए एकदम सही हैं। उन्होंने कहा, 'ये लोग बोलते कि आपका चेहरा और फिगर साउथ की फिल्मों वाला है'। नायरा ने आगे बताया कि शुरुआत में कास्टिंग डायरेक्टर्स ने उनके चेहरे और शारीरिक बनावट के चलते उन्हें साउथ की फिल्मों के लिए परफेक्ट पाया। उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा कास्टिंग डायरेक्टर्स को कहते सुना है, 'तुम्हारा चेहरा और शरीर साउथ इंडियन फिल्मों के लिए परफेक्ट है'। नायरा ने आगे कहा, 'उन दिनों में इतनी पतली नहीं थी। ये लोग बोलते कि आपके फिगर के हिसाब से साउथ की फिल्में हैं। मैंने कहा कि मैं यह नहीं करना चाहती। मैंने कभी साउथ की कोई फिल्म नहीं देखी। एक कास्टिंग डायरेक्टर ने श्रीदेवी और दूसरी दिग्गज अभिनेत्रियों के नाम लिए और बताया कि साउथ इंडियन फिल्में भी अच्छी होती हैं'। नायरा ने आगे कहा कि वे जब घर गईं और अपने माता-पिता के सामने यह बात रखी तो उनके पिता ने साफ मना कर दिया। वहीं, मां ने भी सलाह दी कि वे इस बारे में भूल जाएं, क्योंकि वे ऐसे किसी इंसान को नहीं जानते थे जो गाइड करे। साउथ फिल्मों को लेकर नायरा ने कहा कि साउथ सिनेमा में प्रतिस्पर्धा है।



# अनुपमा की बहू किंजल पर पैसा चुराने का आरोप



**मुंबई।** वसुंधरा कोठारी समझ चुकी है कि अनुपमा के खिलाफ लड़ाई में अनिल उसका साथ नहीं देगा। पहले ही कमजोर पड़ चुके अनिल की जगह वसुंधरा कोठारी अपने दामाद को खड़ा करेगी। रुपाली गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है जिसमें दिखाया गया है कि मोटी बा अकेले में अपने दामाद गौतम को बुलाएगी और उससे कहेगी कि अनिल पर हमें भरोसा नहीं रहा ऐसे में यह जिम्मेदारी हम तुम्हें सौंपते हैं। वसुंधरा कोठारी कहेगी कि कुछ भी करके राघव वाला केस तुम्हें बंद करवाना होगा। गौतम को यह कोठारी परिवार की नजरों में इज्जत कमाने का बड़ा मौका दिखेगा और वह फौरन शाह परिवार की दुखती रग तलाशना शुरू कर देगा। प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि एक रोज जब शाह परिवार में खुशियों भरा माहौल होगा तब गौतम वहां पुलिस लेकर पहुंच जाएगा और बताएगा कि किंजल ने दफ्तर से पैसे चुराए हैं।


# हरिभूमि क्लासिफाईड

तलाश की नई सुबह

epaper : www.haribhoomi.com

लघु विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड 50 ऊंचाई 5.5 इंच योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक (ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री) खाने की सुविधा दस्तावेज (आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंकसूची, बैंक पासबुक, 8 पासपोर्ट फोटो) **कार्यालय शॉप नं. 08 प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ फोन 0771-4036689 मों. 9770304037, 8120957510.** (RO-7305)

**आवश्यकता है-** रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5,8,10 पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहने, खाने की सुविधा, वेतन 14500 से 19000 तक MO. 8109070600. (RO-7086)

**आवश्यकता है-** सिलतरा रायपुर हेतु, फिल्ड अधिकारी 4, सुपरवाइजर 16, सुरक्षा गार्ड 110, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई (5.7) वेतन योग्यतानुसार **संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर 7747000019, 7746000016, 7747000016.** (RO-074)

### मालिश कार्य

**आवश्यकता है-** मालिश वाला चाहिए रायपुर शंकर नगर के पास पुरूष मालिश वाला रोज केवल 2 घंटे के लिए चाहिए जो पुरे शरीर की मालिश करें वेतन 4000/- शीघ्र संपर्क करें मों.- 7987402898. (RO-7321)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### फील्ड कार्य

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के सभी जिला ब्लॉक व ग्रामीण क्षेत्र में फील्ड कार्य करने के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन जल्द सम्पर्क करें- **हनुमंत क्रॉप केयर प्रा. लि. 415 गोल्डन ट्रेड सेंटर किशोर मॉल न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर (छ. ग.) मो. 9589076007, 9201754840** (RO-7320)

### गनमैन/सर्विस मैन

**Urgent Requirement-** *Kumhari Toll Plaza**Kumhari Raipur* Gunman - Ex-Service Men S.I. – Graduate Exp. 5 Year Sup. - 12 Pass Exp. 3 Year. TC - 12 Pass, Exp. 1 Year. (MSCIT) E-Mail us on hr.toll@kccgroup.co within 5 Days.WhatsApp @ 9209021876. (RO-7319)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) मे काम करने के लिए मेहनती स्टाफ लड़का / लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समेन की आवश्यकता है **मो.7067048454.** (RO-7318)

### गार्ड/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** भारी संख्या में अतिशीघ्र सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तत्काल **सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 7247244800, 07752448013.** (RO-37516)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### कारीगर

**आवश्यकता है-** अनुभवी महिला/पुरूष कारीगर की आवश्यकता है **पता - वस्त्र विन्यास , महोबा बाजार मो.न. - 9300037117, 9669000105.** (RO-4181)

### वेटर

**आवश्यकता है-** बार में कार्य हेतु अनुभवी वेटर की आवश्यकता है अनुभवी ही संपूर्ण बायोडाटा सहित संपर्क करें। **विनार बार एंड रेस्टोरेंट लिंक 1 के के रोड रायपुर - मोबाइल :- 9713577672.** (RO-7311)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रीक उपकरण पंखे, आयरन, गीजर, मोटर, मिक्सी, वगैरा सुधारने वाला मिस्त्री वेतन चार अंको में या अनुभव के हिसाब से **एस एस डी इलेक्ट्रिक मेन रोड पंडरी रायपुर जीवन बीमा मार्ग 9993455900.** (RO-352)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** सर्जिकल आफिस में सामान छोडने, लाने हेतु लडको की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी,स्वयं की बाईक अनिवार्य **संपर्क करेः- रामा मेडिटेक , गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर - 15/A, रायपुर 7089933233.** (RO-572)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-32, 10th, 12th पास जो आगरा, में रह कर काम कर सके वेतन 10,000/- + कमीशन + बोनस , रहना फ्री **शीघ्र संपर्क करे - 6395268809, 7252820491.** (RO-319)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है। योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास सैलरी 10,000 रहना खाना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15,000 से 20,000 स्थानः- म.प. उज्जैन । Co- **9630773028, 9691233111.** (RO-329)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, 18-30वर्ष लड़को की शीघ्र आवश्यकता है जो बाहर रहकर कार्य कर सके। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें-7611101122, 7611101133.** (RO-328)

### मिस्त्री/हेल्पर

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, खाना देने एवं बर्तन धोने हेतु महिला, पुरुष की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा फ्री। **सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.** (RO-37539)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास ग्रेजुएट लड़के - लड़कियां (22500-62500) महीना लोडर चैकर सुपरवाइजर रहना खाना फंड बोनस।- **8053979338.** (RO-843)

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

**फ्लैट बेचना है-** न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर मेन रोड में 3 बेडरूम अटैच लेट बाथ, 1 ड्राइंग रूम 1 हॉल ओपन किचन 2 बालकनी सेमी फर्निश्ड बेचना है। **संपर्क करें:- 9755387592.** (RO-075)

### मकान

**मकान बेचना है-** प्लाट साइज- 60x24 = 1440 कंस्ट्रक्शन एरिया- 3550 किराया- 30,000/- माह (तीनफ्लोर) वॉलफोर्ड के समीप रिंग रोड नंबर -01, भाटागांव रायपुर (नए बस स्टैंड के समीप) मूल्य- 90 लाख **मो. नंबर 9575086006.** (RO-7313)

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** दुर्ग बायपास टोलप्लाजा, किआ शोरूम के पास रेसिडेंशियल व कमर्शियल सर्व सुविधायुक्त प्लाट – विकसित क्लोज़्ड कैंपस, CC रोड, नाली, मंदिर, स्ट्रीट लाइट, मैरिज हॉल सहित। तुरंत मकान बना सकते हैं। **संपर्कः- 7247006610, 7247006609** (आरो न.- 7174)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज



- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड,सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

## जैकेट के शेष

### नक्सल अभियान के बीच...

अत्याचार कर रहे हैं और उनकी हत्या कर रहे हैं। इसमें निर्दोष ग्रामीण भी मर रहे हैं। वहीं तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भी शांतिवार्ता के अपील को लेकर अपने वरिष्ठ सहयोगियों से मुलाकात की है।

**केसीआर के बयान पर पूर्व मंत्री चन्द्राकर ने किया पलटवार** : करेंगुट्टा की पहाड़ी पर फोर्स द्वारा चलाए जा रहे सबसे बड़े संकल्प अभियान को लेकर केसीआर के बयान पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने पलटवार करते हुए कहा कि केसीआर के समय तेलंगाना में नक्सलियों की क्या स्थिति थी देश जानता है। केसीआर अब सत्ता से हट गए तो उन्हें कई बातें याद आ रही हैं। 10 साल तक जिन विषयों में केसीआर सक्रिय थे सब जानते हैं।

### सीएम साय ने संभाली...

अधिकारियों और जवानों के अदम्य साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा, उनकी बहादुरी के कारण आज प्रदेश के कई क्षेत्र नक्सल प्रभाव से मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों के मनोबल को और ऊंचा बनाए रखने के लिए उत्साहवर्धन करते हुए कहा, अंतिम सफलता अब बहुत निकट है। उन्होंने विशेष रूप से यह निर्देश दिया कि नक्सल विरोधी अभियानों में आपसी समन्वय और सूचना संकलन तंत्र को मजबूत करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा, नक्सल उन्मूलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के भविष्य को सुरक्षित करने का मिशन है, जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है। बैठक में गृहमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम, विशेष डीजी नक्सल ऑपरेशंस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**स्थानीय समुदाय का विश्वास जीतने संवाद बढ़ाएं** : मुख्यमंत्री ने कहा, बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जैसे जिलों में सुरक्षा और विकास दोनों को साथ लेकर चलना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतने के लिए संवाद बढ़ाया जाए और क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को यह महसूस होना चाहिए कि सरकार उनके लिए समर्पित है और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहती है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ अब निर्णायक मोड़ पर है।

### एडीजी नक्सल आपरेशन और...

बारे में बताया और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नक्सल आपरेशन सही दिशा में है और जल्द ही शासन की मंशा के अनुसार बस्तर नक्सल मुक्त हो जाएगा। वहीं आईजी बस्तर ने वर्तमान में चल रहे सबसे बड़े आपरेशन को लेकर जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नक्सलियों से पूरी सख्ती से निपटा जाए लेकिन साथ में ग्रामीणों की सुरक्षा की चिंता भी की जाए।

### वापस किए जाएंगे मेडिकल...

ब्लड स्प्लेटर भी शामिल हैं। मेडिकल कॉलेज को सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार उसे आधुनिक मेडिकल मशीनों से अपडेट किया जा रहा है, कहीं राज्य शासन के मद से तो कहीं डीएमएफ मद से। 4 करोड़ 30 लाख की लागत से तमाम तरह की मेडिकल मशीनें मेडिकल कॉलेज को सप्लाई की गई थी जो विभिन्न तरह की जांच में शामिल हैं। ऐसे मशीनों की सप्लाई हुए 6 माह का लंबा समय बीत चुका है और जब उसका परीक्षण का काम शुरू हुआ तो उन उपकरणों में तकनीकी खराबी सामने आने लगी। इनमें हमर लैब के लिए आपूर्ति की गई ब्लड स्प्लेटर मशीन प्रमुख रूप से शामिल है। मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों का कहना है कि उक्त मशीन को शिफ्ट करने के दौरान नुकसान हुआ है। जबकि सूत्र बताते हैं कि उक्त मशीन टूटी हुई आई थी जो परीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ है। खराब चिकित्सकीय उपकरण के मामले में कलेक्टर अजीत वसंत ने संज्ञान लेते हुए ऐसे चिकित्सकीय उपकरण को वापस करने के निर्देश दिए हैं।

### खारुन एनीकट में डूबे...

भूषण मुंडे की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों युवक अपने एक अन्य साथी के साथ घटना दिनांक को नदी में नहाने के लिए गए थे। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नदी में नहाने गए युवकों को तैरना नहीं आता था। नदी में नहाने के दौरान एक युवक पानी की गहराई में फंसकर डुबने लगा, मौके पर मौजूद एक अन्य युवक अपने साथी को पानी से निकालने की कोशिश करते खुद पानी की गहराई में समा गया। अर्जुन और उसका साथी पानी के तेज बहाव में बह गए और दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई।

### सोशल मीडिया पर अश्लील...

इससे जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और संबंधित कंपनियों से जवाब तलब किया है।

# आपरेशन की शुरुआत करने वाले जवानों की हो रही वापसी

## रिजर्व फोर्स को किया जा रहा कंटीन्यू, भेजा जा रहा करेंगुट्टा की पहाड़ी पर

## अब तक 150 से अधिक आईईडी किया गया डिफ्यूज, बीयर बॉटल बम भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर व तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ चल रहे सबसे बड़े ऑपरेशन के सातवें दिन भी जवानों ने नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए कई आईईडी बरामद कर मौके पर डिफ्यूज किया। करेंगुट्टा पहाड़ इलाके से अब तक नक्सलियों द्वारा प्लांट किये गए 150 से अधिक आईईडी बरामद किया जा चुका है। संकल्प अभियान में शामिल जवान हेलीकाप्टर व ड्रोन की मदद से पूरे इलाके पर नजर रखे हुए है। वहीं आपरेशन की शुरूआत में तैनात जवानों की लगातार वापसी हो रही है उनकी जगह पर रिजर्व फोर्स को कन्टीन्यू करते हुए भेजा जा रहा है।




गौरतलब है कि छग व तेलंगाना की सीमा पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ को तीन राज्यों के हजारों जवानों ने सप्ताह भर से घेर रखा है। जवानों द्वारा आसमान से ड्रोन व हेलीकाप्टर से पहाड़ी पर नजर रखी जा रही है। ऑपरेशन की निगरानी के लिए ड्रोन और सैटेलाइट का उपयोग किया जा रहा है जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में चल रहे इस अभियान की पूरी जानकारी सुरक्षाबलों तक पहुंचाई जा रही है। वहीं जमीन पर फोर्स लगातार पहाड़ को घेरने प्रयासरत है। आपरेशन के दौरान रविवार को जवानों का एक विडियो सोशल मिडिया में वायरल हो रहा है जिसमें जवान नक्सलियों द्वारा लगाए गए बीयर बम को बरामद कर निष्क्रिय कर रहे है।

### चारों ओर से घिरे नक्सली

जवानों द्वारा चलाए जा रहे सबसे बड़े अभियान के दौरान लगातार नक्सलियों को घेरने प्रयास किया जा रहा है। चारों ओर से घिरे नक्सली अगर पहाड़ियों से नीचे उतरते हैं तो जवानों की गोलियों का शिकार हो जाएंगे और अगर जवानों से डर कर लंबे समय तक पहाड़ियों पर ही छुपे रहते हैं तो कहीं ना कहीं डिहाइड्रेशन का शिकार होकर मारे जाने का डर भी निश्चित ही नक्सलियों को सता रहा होगा। दूसरी ओर सरकार और जवान भी इस ऑपरेशन पर तब तक डटे रहने पर अड़े हैं। जब तक वो उन पूरी पहाड़ियों पर कब्जा नहीं कर लेते जिन पहाड़ियों में इस समय नक्सली छिपे हुए हैं।

## पेज एक के शेष

### कोरबा, पेंड्रा, बेमेतरा में बरसे...

पारा लुढ़ककर 35 से 38 डिग्री तक आ गया है। तापमान में गिरावट होने की वजह से प्रदेश में ग्रीष्मलहर की स्थिति पूरी तरह टल गई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि भारी गर्मी मई के दूसरे सप्ताह में भी पड़ने की उम्मीद बन रही है।

### अपॉइंटमेंट से लेकर...

कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने पंजीयन कार्यालयों में शुरू की जाने वाली नई सुविधाओं पर चर्चा की।

मंत्री ने बैठक में विगत वित्तीय वर्ष में किये गये कार्यों की समीक्षा की, जिसमें मुख्य रूप से प्राप्त राजस्व आय, पंजीबद्ध दस्तावेजों तथा मुद्रांक एवं आरआरसी प्रकरणों के विषय में जिलेवार चर्चा की, साथ ही विभाग में प्रचलित तकनीकी सेवाओं के संबंध में अधिकारियों से फील्ड लेवल पर आ रही समस्याओं को सुना तथा और ज्यादा सुविधाजनक बनाये जाने के संबंध में सुझाव लिए।

**आधार डाटा बेस से होगी पक्षकार की पहचान** : आधार आधारित प्रमाणीकरण सुविधा वर्तमान में पंजीयन कार्यालय में पक्षकारों की शिनाख्ती (पहचान) दो गवाह द्वारा की जाती है। अक्सर देखने में आता है कि अमुक व्यक्ति की संपत्ति दूसरे व्यक्ति ने बेच दिया है। इससे वास्तविक भूमि स्वामी को सालों कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन अब आधार लिंक होने से बायोमैट्रिक के माध्यम से पक्षकार की पहचान आधार डाटा बेस से की जाएगी।

**भारमुक्त प्रमाण पत्र की सुविधा** : पक्षकार को नई सुविधा से संपत्ति पर किसी प्रकार का भार या बंधक तो नहीं है, या फिर किसी अन्य को पूर्व में विक्रय तो नही की गई है, इसकी जानकारी भी आनलाइन सर्च के साथ भारमुक्त प्रमाणपत्र भी जारी किया जाएगा। इसके लिए पक्षकार को ऑनलाईन आवेदन करना होगा।

**एकीकृत कैशलेस भुगतान की सुविधा** : वर्तमान में रजिस्ट्री ऑफिस में पंजीयन शुल्क का भुगतान नकद किया जाता है। इसे कैशलेस बनाया गया है। स्टांप और पंजीयन शुल्क का भुगतान पक्षकार अपनी सुविधानुसार क्रेडिट डेबिट कार्ड, पीओएस मशीन, नेट बैंकिंग या यूपीआई से कर सकेंगे। पक्षकार को स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का भुगतान अलग-अलग करना पड़ता था, जिसमें पक्षकारों के साथ विभाग को भी कैश हैंडलिंग की समस्या होती थी। अब इंटीग्रेटेड कैशलेस पेमेंट सिस्टम से दोनों शुल्क एक साथ भुगतान हो सकेगा।

**व्हाट्सएप मैसेज सर्विसेज की सुविधा** : पंजीयन प्रणाली में पक्षकारों को व्हाट्सएप के माध्यम से नोटिफिकेशन भेजने के संबंध में वाट्सअप मैसेजिंग सर्विस की सुविधा भी मिलेगी। इससे पक्षकारों को आवेदन प्रस्तुति स्लॉट बुकिंग, पंजीकरण की प्रगति और पंजीकरण पूर्ण होने के संबंध में रियल टाइम जानकारी मिल पाएगी।

**डिजीलॉकर की सुविधा** : रजिस्ट्री दस्तावेजों को भारत सरकार के डिजिलॉकर सुविधा के माध्यम से सुरक्षित स्टोर किया जा सकेगा। वर्तमान में शासन एवं निजी क्षेत्र के विभिन्न सेवाओं के लिए रजिस्ट्री पेपर की आवश्यकता पड़ती है, जिसके लिए पक्षकार को रजिस्ट्री ऑफिस आना पड़ता है। डिजिलॉकर के माध्यम से इसका एक्सेस और नकल प्राप्त किया जा सकेगा।

**आटो डीड जनरेशन की सुविधा** : वर्तमान पंजीयन प्रक्रिया में पक्षकार को दस्तावेज बनाने, स्टांप खरीदने, अपॉइंटमेंट लेने तथा पंजीयन के लिए प्रस्तुत करने के बीच अलग अलग लोगों जैसे डीड राइटर, स्टांप वेंडर आदि का चक्कर लगाना पड़ता है। जनता की सुविधा के लिए रजिस्ट्री को पेपर लेस बना दिया गया है। इस प्रक्रिया में विलेख प्रारूप का चयन कर कंप्यूटर में एंट्री करने के दौरान दस्तावेज स्वतः तैयार हो जाता है और वही दस्तावेज पेपरलेस होकर उप पंजीयक को ऑनलाइन प्रस्तुत होगा। रजिस्ट्री करने के बाद दस्तावेज स्वतः ही ऑनलाइन मिलेगा।

**डिजीडॉक्यूमेंट की सुविधा** : कई ऐसे दस्तावेज होते हैं, जिसमें स्टाम्प लगाना जरूरी है, लेकिन पंजीयन नहीं होता, जैसे शपथ पत्र, अनुबंध पत्र। कानूनी भाषा की जटिलता के कारण लोगों को स्वयं ऐसे दस्तावेज तैयार करने में कठिनाई होती है इसके निराकरण के लिए डिजीडॉक सेवा विकसित किया गया है। इस सेवा के माध्यम से आम नागरिक दैनिक उपयोग में आने वाले दस्तावेज तैयार कर सकेंगे। डिजीडॉक सुविधा के तहत डिजीटल स्टाम्प के साथ दस्तावेज तैयार जाता है।

**स्वतः नामांतरण की सुविधा** : नई सुविधा के तहत पक्षकार को अब रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण कराने के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे। रजिस्ट्री के बाद दस्तावेज स्वतः ही ऑनलाइन हो जाएंगे। इससे नामांतरण भी स्वतः हो जाएगा।

**बिचौलियों से भी मुक्ति मिलेगी** : नई सुविधाओं से न केवल पक्षकारों को श्रम एवं आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी, बल्कि बिचौलियों से भी मुक्ति मिलेगी।

### स्कूलों और शिक्षकों के ...

एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। शासन द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के लिए संशोधित समय सारिणी भेजी गई है। जानकारों का मानना है कि इस प्रक्रिया के माध्यम से करीब 13 हजार शिक्षकों का तबादला होगा। साथ ही स्कूलों को मर्ज किया जाएगा। खास बात ये है स्कूलों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में स्वामी आत्मानंद हिंदी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों, पीएम श्री स्कूलों का समायोजन नहीं किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए जारी निर्देश में शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बारे में बताया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप शालाओं में शिक्षकों की उपलब्धता, बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में होनी चाहिए। प्रदेश की विभिन्न स्तर की शालाओं में सैकड़ों शिक्षक अतिशेष हैं। शालाओं एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाना छात्रहित में उचित है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों में एक ही परिसर में अथवा निकट में दो या दो से अधिक शालाएं संचालित हैं, ऐसे शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जाना है, साथ ही अतिशेष शिक्षकों का शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में युक्तियुक्तकरण किया जाना है।

**कैबिनेट के निर्णय पर इस तरह होगा अमल** : शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण करने के लिए मंत्रिपरिषद के निर्णय 9 जून 2024 के संबंध में कार्यवाही के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। शालाओं का युक्तियुक्तकरण- प्रदेश में लगभग बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों का संचालन एक ही परिसर में हो रहा है। एक ही परिसर में संचालित विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता की दृष्टि से किया जाएगा। एक ही परिसर में संचालित शालाओं का युक्तियुक्तकरण, एक ही परिसर में संचालित दो या दो से अधिक प्राथमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण।

2. एक ही परिसर में संचालित दो या दो से अधिक पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण।

**शालाओं का चिन्हांकन एवं युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया** : विकासखण्ड स्तरीय समिति युक्तियुक्तकरण किए जाने वाली शालाओं का चिन्हांकन करेगी। यह समिति एक ही परिसर में संचालित होने वाले समस्त विद्यालयों का भौतिक परीक्षण करेगी। समिति पूर्व माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी में कार्यरत शिक्षकों की जानकारी विषयवार सूचीबद्ध करेगी। विकासखण्ड स्तरीय समिति 10 से कम दर्ज संख्या वाली शालाओं की सूची बनाएगी, जिससे इनका समायोजन निकट की शाला में किया जा सके। विकासखण्ड स्तरीय समिति शहरी क्षेत्र के लिए 30 से कम दर्ज संख्या वाले तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए 10 से कम दर्ज संख्या वाले प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की सूची भौतिक परीक्षण कर बनाएगी। ऐसे विद्यालयों की परस्पर दूरी शहरी क्षेत्र के लिए 500 मीटर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 01 किलोमीटर से कम होगी। कम दर्ज संख्या के मान से समीप के दो प्राथमिक या पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के युक्तियुक्तकरण की स्थिति में अधिक दर्ज संख्या वाले विद्यालय में कम दर्ज संख्या वाले विद्यालय का समायोजन किया जाएगा। समायोजन के पश्चात विद्यालय का संचालन अच्छी अधोसंरचना वाले भवन में किया जाएगा। समस्त अभिलेखों एवं सामग्री का संधारण बड़ी दर्ज संख्या वाले विद्यालय के संस्था प्रमुख करेंगे।

**ऐतिहासिक महत्व के स्कूलों का नहीं होगा युक्तियुक्तकरण** : यदि कोई विद्यालय ऐतिहासिक महत्व का है, किंतु दर्ज संख्या कम हो तो भी इस विद्यालय का युक्तियुक्तकरण किसी अन्य विद्यालय में नहीं होगा, बल्कि इस विद्यालय को यथावत रखते हुए उसी परिसर अथवा निकट के अन्य विद्यालय का समायोजन इस ऐतिहासिक महत्व वाले विद्यालय में किया जाएगा। समस्त अभिलेखों एवं सामग्रियों का संधारण ऐतिहासिक महत्व वाले शाला के संस्था प्रमुख करेंगे। युक्तियुक्तकरण उपरांत समायोजित की गई शाला भवन का उपयोग आवश्यकतानुसार उसी परिसर में किया जाएगा। यदि अलग-अलग परिसर हो तो यह विद्यालय भवन स्कूल शिक्षा विभाग के आधिपत्य में ही रहेगा। ऐसे भवनों का उपयोग शासन की अनुमति से आवश्यकतानुसार विभाग के हित में किया जाएगा। जिस शाला का समायोजन किया गया है, उस शाला के समस्त अभिलेख एवं सामग्री समायोजित शाला के संस्था प्रमुख द्वारा शाला में सुरक्षित एवं संधारित रखे जाएंगे। समायोजन पश्चात शालाओं के अभिलेख एकीकृत होंगे। एक ही परिसर में संचालित होने वाली प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का समायोजन होगा, यानी प्राथमिक शाला का युक्तियुक्तकरण पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुख सुरक्षित एवं संधारित करेंगे।

**शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण** : शालाओं के युक्तियुक्तकरण के फलस्वरूप अतिशेष हुए शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण इस प्रकार होगा। युक्तियुक्तकृत विद्यालयों से पृथक अन्य विद्यालय, जहां दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षक अतिशेष कार्यरत हैं, का युक्तियुक्तकरण। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में एक विषय के लिए स्वीकृत पद के विरुद्ध एक से अधिक कार्यरत व्याख्याता में से अतिशेष का युक्तियुक्तकरण। यदि किसी हाईस्कूल या हायर सेकेण्डरी स्कूल में अतिथि शिक्षक पदस्थ है तो उस विद्यालय के नियमित व्याख्याता को अतिशेष की श्रेणी में रखा जाएगा।

**अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन** : विकासखण्ड स्तरीय समिति एक ही परिसर में स्थित दो या दो से अधिक प्राथमिक या पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की दर्ज संख्या एवं कार्यरत शिक्षकों की विद्यालय में पदस्थापना तिथि के आधार पर अतिशेष शिक्षकों की जानकारी सूचीबद्ध करेगी, साथ ही समिति निकट के कम दर्ज संख्या वाले विद्यालयों के अतिशेष शिक्षकों की सूची भी तैयार करेगी। विकासखंड स्तरीय समिति द्वारा दर्ज संख्या के अनुपात में रिक्त पदों की विद्यालय सूची बनाई जाएगी। अंतिम रूप से तैयार सूची के आधार पर जिला स्तरीय समिति अतिशेष शिक्षकों का रिक्त पदों पर पदांकन काउंसिलिंग के माध्यम से करेगी।

### समिति का होगा...

परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास शामिल होंगे। इसी प्रकार जिला स्तरीय समिति कलेक्टर की अध्यक्षता में होगी, जिसमें जिला पंचायत के सीईओ सदस्य, जिला मुख्यालय के नगर निगम आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

### कम दर्ज संख्या वाली...

विवेकाधिकार होगा कि वे ऐसे विद्यालयों का स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए युक्तियुक्तकरण पर विचार कर सकेंगे। एक ही स्तर के दो विद्यालय, जिनके बीच की दूरी कम हो तथा दर्ज संख्या भी कम हो, उनका समायोजन किया जाएगा। ऐसी शालाओं की परस्पर दूरी शहरी क्षेत्र में 500 मीटर तथा दर्ज संख्या 30 से कम एवं ग्रामीण क्षेत्र में दूरी 1 किलोमीटर से कम तथा दर्ज संख्या 10 से कम हो, का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा।

### आईपीएल को मिला 14 साल का...

खिलाड़ी बने हैं। आईपीएल के इस सीजन में वैभव ने सिर्फ 3 मैच ही खेले और 3 मैच में सबसे ज्यादा 16 छक्के लगाकर यह रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

**वैभव ने की चौके-छक्के की बरसात** : वैभव ने जीटी के खिलाफ 38 गेंदों पर 101 रन की पारी खेली। वैभव ने 7 चौके और 11 छक्के जड़े। इस दौरान उन्होंने शतक तक पहुंचने के लिए सिर्फ 35 गेंदें ही खेलीं। उनसे पहले मुरली विजय ने साल 2010 में एक पारी में 11 छक्के लगाए थे। वहीं, ब्रैंडन मैक्कुलम ने अपने आईपीएल करियर के शुरुआत 3 मैचों में 15 छक्के लगाए थे। अब वैभव सूर्यवंशी इस लिस्ट में भी सबसे आगे निकल गए हैं।

### सात समंदर पार से आई...

टाटा से जुड़ा है, जो पातालकोट की जड़ी-बूटियों से रोगियों का इलाज करते हैं। प्रकाश टाटा ने बताया कि 6 महीने पहले वे यूरोप के दौरे पर थे, जहां मैक्स इन द वर्ल्ड कंपनी ने उन्हें छह देशों में आयुर्वेद और योग के शिविर लगाने के लिए आमंत्रित किया था।

**छोटा महादेव में खो गई थी अंगूठी** : प्रकाश टाटा ने जित्का को मध्य प्रदेश महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल दिखाए। छोटा महादेव में प्राकृतिक झरने में जब वे पहुंचीं तो वहां झरने में मस्ती करने लगीं और पानी व रेत उछालने लगीं। इसी दौरान उनकी शादी की हीरे जड़ी अंगूठी कहीं गिर गई, जिसकी कीमत 22 लाख रुपए थी। मौजूद पर्यटकों ने करीब आठ घंटे तक अंगूठी खोजने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद जित्का ने अंगूठी खोजने वाले को 5 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की और छिंदवाड़ा वापस आ गईं।

**आदिवासियों ने कण-कण में खोजी अंगूठी** : अगले दिन 18 अप्रैल को छोटा महादेव में छोटी-छोटी दुकानें लगाने वाले स्थानीय आदिवासियों ने अंगूठी की खोज शुरू की। उन्होंने पहले पेड़ों के पत्तों को हटाकर और झाड़ू लगाकर मैदान को साफ किया, लेकिन अंगूठी नहीं मिली। फिर उन्होंने झरने के पास रेत में खोज शुरू की, जहां जित्का मस्ती कर रही थीं। काफी मेहनत के बाद आखिरकार उन्हें वह हीरे की अंगूठी मिल गई।

**जित्का को पहले नहीं हुआ विश्वास** : आदिवासी युवकों ने तुरंत इसकी जानकारी प्रकाश टाटा को दी। प्रकाश टाटा ने जित्का को फोन कर बताया कि उनकी अंगूठी मिल गई है। जित्का को पहले विश्वास नहीं हुआ। उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए अंगूठी देखने की इच्छा जताई। मनोज विश्वकर्मा नाम के व्यक्ति ने वीडियो कॉल पर अंगूठी दिखाई, जिसे देखकर जित्का की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
(जीएसयू/एनजीपी)
ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र.सीपीएम-जीएसयू-03-एनजीपी-2025-26

अनु.क्र. 1, कार्य का नामः नागपुर डिवीजन में टीएमआर-टीआरडीआई मार्ग पर किमी 1055/2 पर मानवयुक्त नियंत्रण रेखा संख्या टीटी-4 को हटाने के लिए एलआरओबी का निर्माण।

अनुमानित निविदा मूल्य:45,77,47,127.21/-
बोली सुरक्षा : 24,38,700.00/-

बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां 19.05.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य अभियंता (GSU)
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
AAA/4/18
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**न्यायालय तहसीलदार कुकरेल जिला धमतरी**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202501132400022 अ 6
वर्ष 2024-25
ग्राम मोहलाई, प.ह.नं. 04, तहसील कुकरेल
जिला धमतरी
//0//

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुमित्रा पिता पुरानिक निवासी मोहलाई द्वारा ग्राम मोहलाई, प.ह.नं. 04, तहसील कुकरेल, जिला धमतरी स्थित भूमि ख.नं. 9, 67, 126, 228, 261 रकबा क्रमशः 0.02, 0.55, 0.12, 0.09, 0.20 हे. कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 0.98 हे. भूमिस्वामी हक से आवेदिका के पिता पुरानिक के नाम दर्ज एवं स्थित था पूर्व भूमिस्वामी पुरानिक की मृत्यु होने से फौती नामांतरण के समय आवेदिकागण सुमित्रा पिता पुरानिक, दुलारी पिता पुरानिक, महेश पिता भुनेश्वर, सुनेती पिता पुरानिक का नाम दर्ज होने से छूट गया था जिसे उक्त वाद भूमि में जोड़ने का आवेदन पेश किया है।

उक्त राजस्व अभिलेख में आवेदिकागण सुमित्रा पिता पुरानिक, दुलारी पिता पुरानिक, महेश पिता भुनेश्वर, सुनेती पिता पुरानिक का नाम दर्ज करने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 08.05.25 तक पेश कर सकते हैं बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
तहसील कुकरेल
जिला-धमतरी (छ.ग.)



**कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डी जिला - बालोद (छ.ग.)**
फोन नं. 07748-282265, 282259 ई-मेल-dondibmo@gmail.com

क्र./ एनएचएम / 2025-26 / 740 डौण्डी दिनांक 24/04/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड डौण्डी अतंर्गत विकासखंड स्तर पर आयोजित किये जाने वाले जननी शिशु सुरक्षा एवं सामान्य भर्ती मरीजों हेतु चाय नाश्ता एवं भोजन व्यवस्था हेतु किया जाना है जिस हेतु महिला स्व-सहायता समूह भोजनालय किराया भण्डार एवं केटरर्स से मोहरबंद निविदायें आंमत्रित की जाती हैं।

निविदा आमंत्रण संबंधित विवरण निम्नानुसार है :-
1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 15.05.2025
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16.05.2025
3. निविदा खोलने की तिथि 19.05.2025 समय 2.00 बजे।
4. निविदा प्रपत्र हेतु एनएचएम शाखा से मूल्य 500 रुपये नगद देकर प्राप्त कर सकते है।
निविदा आमंत्रण संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय डौण्डी से संम्पर्क कर प्राप्त करें।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी,
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौंडी
जिला - बालोद (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिका परिषद अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
Phone No. Fax- 0771-2774809 Email-cmoabhanpur@gmail.com

क्रमांक / 120/न.पा.प./ लो.नि.वि./2025 अभनपुर, दिनांक 28/04/2025

**प्रथम मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद् अभनपुर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से वित्तीय वर्ष 2025 - 26 हेतु विधायक निधि अंतर्गत निम्न विभिन्न कार्यो हेतु PWD SOR 2015 भवन / सड़क से प्रभावशील दर अनुसूची पर (समस्त संसाधनों के साथ) व आईटम दरों पर कम / अधिक या समान दरों पर प्रपत्र "ए" में तीन लिफाफा पद्धति से शासकीय पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। समयावधि पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

01. निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 28/04/2025
02. आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि - दिनांक 08/05/2025
03. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि - दिनांक 13/05/2025 समय 3.00 बजे तक
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 20/05/2025 समय 4.00 बजे तक
05. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - दिनांक 20/05/2025 समय 5.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रंगमंच निर्माण कार्य। (स्वामी आत्मानंद विद्यालय अभनपुर) | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 04 माह |
| 2 | कारीगारों के लिए शेड निर्माण कार्य। (वार्ड क्र. 13 स्थित उद्यान में) | 4.94 | 5000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 3 | प्रार्थना शेड निर्माण कार्य। (सरस्वती शिशु मंदिर के पास) | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 03 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उपरोक्त कार्यों की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अभनपुर
जिला-रायपुर (छ.ग.)


## राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए वदेिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।


## शब्द पहेली - 5851



**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5850 का हल**




## सूडोकु नवताल - 5861

सरल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 5860 का हल**



## खबर संक्षेप

### डीसीबी बैंक के लाभ में 14 प्रतिशत की वृद्धि



**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के ऋणदाता डीसीबी बैंक का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 177 करोड़ रुपये हो गया। समान अवधि में 155.68 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। 2024-25 की मार्च तिमाही में इसकी कुल आय सालाना आधार पर 1,581 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,961 करोड़ रुपये हो गई।

# रेस्तरां को बताना होगा, व्यंजन में बिना दूध के पनीर का इस्तेमाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

होटल और रेस्तरां को जल्द ही यह बताना पड़ सकता है कि वे ग्राहकों को परोसे जाने वाले किन व्यंजनों में दूध से बने पनीर की जगह गैर-डेयरी उत्पादों से तैयार पनीर का उपयोग करते हैं। उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय इस संबंध में दिशानिर्देश जारी करने पर विचार कर रहा है।

- एफएसएसएआई ने उपभोक्ताओं को धोखा देने से रोकने नियम अनिवार्य किया

एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने उपभोक्ताओं को धोखा देने से रोकने के लिए पनीर बनाने वालों के लिए एनालॉग पनीर को 'गैर-डेयरी' के रूप में लेबल करना पहले ही अनिवार्य कर दिया है।

## उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने जारी किया दिशानिर्देश

### पनीर के नाम पर नकली पनीर न बेचे

खरे ने कहा कि प्रतिष्ठानों को ग्राहकों को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि व्यंजनों में पारंपरिक पनीर है या गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनी (एनालॉग) पनीर है और उसी के अनुसार उनकी कीमत तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''पारंपरिक पनीर के नाम पर वनस्पति तेल जैसे गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनीर नहीं बेचना चाहिए।'



### एनालॉग पनीर अधिक लोकप्रिय

गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनीर काफी लोकप्रिय हुआ है, क्योंकि इसकी कीमत दूध से बने पनीर से लगभग आधी है, जबकि इसका स्वाद और बनावट समान है। पारंपरिक पनीर नींबू के रस या सिरके जैसे एसिड को ताजा दूध में डालकर बनाया जाता है, जबकि एनालॉग पनीर आमतौर पर इमल्सिफायर, स्टार्च और वनस्पति तेल से बनता है।

### नियम रेस्तरां में तैयार भोजन पर लागू नहीं होते

ये नियम वर्तमान में रेस्तरां में परोसे जाने वाले तैयार भोजन पर लागू नहीं होते हैं। एफएसएसएआई के नियमों के अनुसार, एनालॉग पनीर एक ऐसा उत्पाद है जिसमें दूध के घटकों को या तो पूरी तरह या आंशिक रूप से गैर-डेयरी सामग्री से बदल दिया जाता है, हालांकि, अंतिम उत्पाद पारंपरिक डेयरी आधारित पनीर की तरह ही लगता है।

*एनालॉग पनीर सस्ता है : उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया, ''एनालॉग पनीर दिखने और स्वाद में पारंपरिक पनीर जैसा होता है, लेकिन यह पनीर नहीं है। एनालॉग पनीर सस्ता है। होटल और रेस्तरां उपभोक्ताओं को इसके बारे में क्यों नहीं बताते हैं।'*

## रिलायंस एवं निजी बैंकों के शेयरों में तेज उछाल

# शेयर बाजार में तूफानी तेजी, सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा उछला, निफ्टी 24,300 के पार

एजेंसी ⏭ मुंबई

विश्लेषकों के मुताबिक, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुआ तनाव भी बाजार की सकारात्मक धारणा पर कोई असर नहीं डाल पाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,005.84 अंक उछलकर 80,218.37 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 289.15 अंक बढ़कर 24,328.50 पर बंद हुआ।

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की जम कर खरीदी → दो दिनों की गिरावट से बाजार उबरने में सफल रहा → भारत व पाक का तनाव बाजार की धारणा पर प्रभाव नहीं डाल पाया

*रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं निजी बैंकों के शेयरों में तेज उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 1,006 अंक और निफ्टी में 289 अंकों की जोरदार तेजी दर्ज की गई।*

### रिलायंस में 5.27 फीसदी की जोरदार तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल 23 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) को छोड़कर बाकी सभी प्रमुख क्षेत्रों ने इस तेजी में शिरकत की। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज 5.27 प्रतिशत की जोरदार बढ़त के साथ सेंसेक्स शेयरों में सबसे अधिक लाभ में रही।

### अधिग्रहण की खबर से महिंद्रा में तेजी

इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में भी 2.29 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एसएमएल इसुजु का 555 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा से महिंद्रा के शेयरों में लिवाली का जोर रहा जबकि एसएमएल इसुजु लिमिटेड के शेयरों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई।

### रिलायंस के नतीजों से बदली धारणा

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार ने पिछले सप्ताह के आखिरी दो दिनों में हुए नुकसान की भरपाई कर ली है, जो सीमा पर तनाव के कारण हुआ था। एफआईआई की ओर से लगातार खरीदारी और रिलायंस के बेहतर नतीजों ने भी निवेशकों की धारणा को बढ़ावा दिया।



### एफआईआई ने किया जमकर निवेश

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 2,952.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी। विदेशी निवेशकों ने पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में 17,425 करोड़ रुपये का निवेश किया। आंकड़ों के साथ एफआईआई का निवेश बढ़ा है।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सन फार्मा, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

## चीन ने अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी शुल्क को नकारा

**बीजिंग।** चीन के नेताओं ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध के संभावित प्रभाव को कमतर आंकते हुए कहा कि उनके पास नौकरियों की रक्षा करने और चीनी निर्यात पर उच्च शुल्क से होने वाले नुकसान को सीमित करने की क्षमता है। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन किए। इनमें की गईं बातों से प्रतीत होता है कि सरकार का मकसद कंपनियों तथा बेरोजगारों का समर्थन करना, आसान ऋण शर्तों और चीन से अमेरिकी आयात पर 145 प्रतिशत तक के शुल्क के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अन्य नीतियों के वादों के साथ विश्वास को बढ़ाना है। पिछले सप्ताह चीन के शक्तिशाली पोलित ब्यूरो की बैठक हुई थी।

# सोना 1,000 रुपए टूटकर 98,400 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,000 रुपये घटकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये घटकर 97,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछला बंद भाव 98,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा,



- अमेरिका-चीन के बीच तनाव कम होने का असर

अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने से निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ी है, जिससे सराफा जैसी सुरक्षित-संपत्तियों की मांग कम हुई है। शुक्रवार को चीन ने घोषणा की कि वह अपने 125 प्रतिशत शुल्क से कुछ अमेरिकी आयातों को छूट देगा।

## कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ

Phone No. -0771-2263708,
www.tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cgnirman@gmail.com

क्रमांक/निर्माण/768-69/2025-26/908 नवा रायपुर, दिनांक 25/04/2025

**निविदा निरस्त करने की सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय निविदा क्रमांक / 292,295, 298 एवं 301 दिनांक 04.04.2025 को अपिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है निविदा प्रकाशन पुनः पृथक से जारी किया जावेगा।

(टी. चक्रवर्ती)
कार्यपालन अभियंता
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति
विकास, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

G-252600523/2

## कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)
Email-bmonawagarh-bmt.cg@gov.in Phone No-9753557035

क्रमांक / एनएचएम / लेखा / निविदा / 2025-26 / 266 नवागढ, दिनांक 24/04/2025

**निविदा (आमंत्रण सूचना)**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ जिला बेमेतरा (छ.ग.) में निम्नानुसार निविदा दिनाँक 14/05/2025 तक रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रण किया जाता है।

01. जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत (प्रसूता महिला) हितग्राहियों एंव अंतः रोगियों हेतु भोजन की आहार तालिका अनुसार नाश्ता- चाय, भोजन, फल, दुध, अण्डा इत्यादी हेतु निविदा।02. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ, मारो एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संम्बलपुर, कटई, नांदघाट एवं टेमरी में साफ- सफाई कर्मचारी आपूर्ति हेतु निविदा। 03. मितानिन प्रशिक्षण 29 वॉ चरण हेतु भोजन, नाश्ता, आवास, गद्दा, चादर तकिया हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र विक्रय कि अंतिम तिथि :- 14/05/2025 कार्यालिन समय तक
निविदा पत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 14/05/2025 समय शाम 5.00 बजे तक
निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी :- कक्ष 30
निविदा खोले जाने की तिथि :- 15/05/2025 समय दोपहर 12.00 बजे

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामु.स्वा.केंद्र-नवागढ़, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

**( ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना )**
**(प्रथम आमंत्रण)**

दुर्ग, दिनांक 22.04.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 13.05.2025 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 18/दुर्ग (दुर्ग.)/2025 | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) पावर हाउस भिलाई में कार्यशाला भवन शीट प्रुफिंग, प्रशासनिक भवन में फर्श बदलने कार्य एवं प्रशासनिक भवन का विशेष मरम्मत कार्य | 59.50 |
| 19/ दुर्ग (दुर्ग.)/2025 | उपसंभाग क्रं. 02 दुर्ग के अंतर्गत सी.ओ.ई. भवन नवीनीकरण मुख्य भवन के लिए फर्श निर्माण और मजबुतीकरण शास. आई.टी.आई. पुलगांव दुर्ग में मुख्य भवन के लिए नवीवीकरण कार्य और सी.ओ.ई. भवन के लिए फर्श मरम्मत एवं मजबूतीकरण कार्य | 122.56 |
| 20/दुर्ग (दुर्ग.)/2025 | उपसंभाग क्रं. 03 दुर्ग अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्ग, मुख्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्ग में बी. टी. पेंच रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 21/दुर्ग (राजनांदगांव ) / 2025 | शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर (वि.ख. डोंगरगढ) जिला राजनांदगांव में गर्ल्स टॉयलेट भवन का निर्माण कार्य | 28.48 |
| 22/दुर्ग (दुर्ग.)/2025 | उपसंभाग पाटन के अंतर्गत विभिन्न उपखण्डों में बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 49.96 |
| 23/दुर्ग (राजनांदगांव ) / 2025 | शासकीय नेहरू पी.जी. महाविद्यालय डोंगरगढ जिला राजनांदगांव में गर्ल्स टॉयलेट भवन का निर्माण कार्य | 28.47 |

टीपः-
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष- 0788-2210876

G-252600522/4

## सुमीत ज्वेलर्स में अक्षय तृतीया व 20वीं वर्षगांठ पर स्पेशल ऑफर और शानदार कलेक्शन



**रायपुर।** अक्षय तृतीया और अपनी 20वीं वर्षगांठ के खास मौके पर मालवीय रोड स्थित सुमीत ज्वेलर्स ने ग्राहकों के लिए विशेष ज्वेलरी कलेक्शन और आकर्षक छूट की पेशकश की है। शोरूम में स्वर्ण, डायमंड, सिल्वर, जड़ाऊ, कुंदन और मॉडर्न फ्यूजन ज्वेलरी का बेहतरीन कलेक्शन उपलब्ध है जो भारतीय संस्कृति, समृद्धि और आधुनिकता का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करता है।

सुमीत ज्वेलर्स के संचालक अर्पित कांकरिया ने बताया कि इस खास अवसर पर ग्राहकों के लिए 555 रुपये प्रति ग्राम की दर से विशेष छूट दी जा रही है। यह ऑफर सभी कैरेट के गोल्ड ज्वेलरी पर लागू है। छूट वर्तमान दरों पर दी जा रही है। शोरूम में मेंस ज्वेलरी से लेकर किड्स ज्वेलरी तक की व्यापक रेंज उपलब्ध है। ब्राइडल ज्वेलरी में डायमंड, कलर स्टोन और फ्यूजन डिज़ाइनों की शानदार वैरायटी मौजूद है। खास तौर पर रियल कलर स्टोन के साथ फ्यूजन डायमंड ज्वेलरी का नया कलेक्शन पेश किया गया है, जो पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइनों का सुंदर मिश्रण है।शोरूम में मेंस ज्वेलरी से लेकर किड्स ज्वेलरी तक की व्यापक रेंज उपलब्ध है। ब्राइडल ज्वेलरी में डायमंड, कलर स्टोन और फ्यूजन डिज़ाइनों की शानदार वैरायटी मौजूद है। खास तौर पर रियल कलर स्टोन के साथ फ्यूजन डायमंड ज्वेलरी का नया कलेक्शन पेश किया गया है, जो पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइनों का सुंदर मिश्रण है।


### सभी ज्वेलरी बजट फेंडली

गोल्ड में फ्यूजन और टेंपल ज्वेलरी, कुंदन जड़ित ज्वेलरी और नई शुरू की गई मोजोनाइट ज्वेलरी भी कलेक्शन में शामिल है, जो पोलकी का लुक एंड फील देती है। सभी ज्वेलरी बजट फ्रेंडली हैं। अर्पित कांकरिया ने ग्राहकों से अपील की है कि अक्षय तृतीया पर किया गया निवेश समृद्धि लाता है।

## स्मार्ट बाजार की 'फुल पैसा वसूल' सेल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

रिलायंस रिटेल के स्मार्ट बाज़ार ने एक बार फिर अपने ग्राहकों के लिए जबरदस्त शॉपिंग ऑफ़र्स




के साथ 'फुल पैसा वसूल सेल' की शुरुआत कर दी है। 30 अप्रैल से 4 मई तक चलने वाली यह धमाकेदार सेल देशभर के 930 से अधिक स्टोर्स पर उपलब्ध होगी। इस सेल का उद्देश्य ग्राहकों को अधिकतम बचत और शानदार खरीदारी अनुभव प्रदान करना है। स्मार्ट बाज़ार में इस बार किराना, फ़ैशन, होमकेयर, अप्लायंस और कई अन्य कैटेगरी में विशेष छूट और आकर्षक ऑफर्स दिए जा रहे हैं। रिलायंस रिटेल के वैल्यू फॉर्मेट के सीईओ दामोदर मॉल ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि हर ग्राहक अधिक मूल्य, बड़ी बचत और चेहरे पर मुस्कान लेकर जाए। 'फुल पैसा वसूल सेल' हमारे खरीदारों के लिए साल की सबसे बड़ी शॉपिंग घटना है।

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

NIT No: 9/W&D-SWB/EEC-III/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Date: 25/04/2025
**Name of Work:** "Widening & Deepening for Water Conservation of Sendh Water Body at Nava Raipur Atal Nagar (CG)"
**Estimated cost:** INR 29.74 Cr., EMD: INR 30.74 Lakh, Period of Completion: 06 Months

NIT No:10/W&D-KWB/EEC-III/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Date: 25/04/2025
**Name of Work:** "Widening & Deepening for Water Conservation of Khandwa Water Body at Nava Raipur Atal Nagar (CG)"
**Estimated cost:** INR 9.97 Cr., EMD: INR 10.97 Lakh, Period of Completion: 06 Months

**Last Time & Date of Online Submission:** 15:00 hrs on 08.05.2025

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**Chief Engineer, NRANVP**

S-43665/2

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 25.04.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें **http://eproc.cgstate.gov.in**
02. संबंधित संभाग- स.क्र. 1 अम्बिकापुर संभाग
03. स.क्रं. 01 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि 15.05.2025

| सरल क्र. | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 04 | जिला शासकीय राजमोहनी देवी कन्या स्नात्कोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर जिला सरगुजा में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण) | 130.92 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

G-252600541/2

## GOVT. OF JHARKHAND CABINET SECRETARIAT AND VIGILANCE DEPARTMENT (CIVIL AVIATION DIVISION)

STATE HANGAR, AIRPORT ROAD, HINOO, RANCHI-834002
email:- civilaviation.jhr@gmail.com; govtflyops@gmail.com Telefax:- 0651-2250319, 2251090

**CORRIGENDUM-I**

**Ref. No.-262, Date:-28.04.2025**

Please refer to Tender reference no.-CADsec1/01-PLAN-18/2022Cabinet/232, Dtd.-11.04.2025 and Ref. PR no.-350137, regarding hiring one air ambulance on wet lease. In light of the discussion during the pre bid meeting held on 26/04/2025, The schedule of events related to the above tender is hereby extending as per the following schedule:-

| | |
|---|---|
| Start of submission of e-bids :- | 30/04/2025; 10:00 AM |
| Last date of Bid submission:- | 10/05/2025; 06:00 PM |
| Technical bid opening :- | 14/05/2025; 12:30 PM |

**The following terms and conditions of the tender are modified as mentioned below :-**

| Para | Old Condition | Modified/ New Condition |
|---|---|---|
| Chapter I, 1(b) | Vintage - 2003 or later | Bidder should have valid ARC issued by DGCA, Govt. of India. |
| Chapter I, 10 | Bidder should not have been blacklisted by any State Govt./ Central Govt./PSU anytime in the past. An affidavit regarding the same to be submitted. | Bidder should not have been Blacklisted or Terminated by any State Govt./Central Govt./PSU anytime in the past. An affidavit regarding the same to be submitted. |
| Chapter I, 11 | - | Company's Aircraft should have accident free record in past 02 years. |
| Chapter III, 1(xiii) | The service provider should provide the aircraft with all the basic medical equipments like stretcher, Oxygen cylinder, etc. Only the onboard medical attendant/ doctor will be provided by the state govt. | The service provider should provide the aircraft with all the required onboard medical equipments, paramedical staffs and doctors etc. The service provider is solely responsible for any kind of deficiency and negligence regarding medical care on aircraft. |

Rest all terms and conditions remain unchanged. In case, any other condition of the tender seem contradictory to the above new/ modified conditions, then above condition(s) shall be treated as final. All other Terms & Conditions shall however remain same as thereof published earlier.

***Note:- Please visit the website jharkhandtenders.gov.in for further updates***

Sd/-
(Capt. S. P. Sinha) Director (Ops)s

PR.NO.351297 Civil Aviation(25-26):D

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

**( केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 167245 द्वितीय आमंत्रण 21.04.2025 | जिला कोण्डागांव के ग्राम चौगड़ा से चलका मार्ग लंबाई 6.00 कि. मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 697.21 |
| 2 | 167273 द्वितीय आमंत्रण 21.04.2025 | जिला बीजापुर ब्लॉक-भैरमगढ़ के अंतर्गत फुलगट्टा से पेदापारा (शेष कार्य) तक पहुंच मार्ग लंबाई 0.00 से 6.00 = 6.00 कि.मी. निर्माण कार्य । | 854.35 |
| 3 | 167279 द्वितीय आमंत्रण 21.04.2025 | जिला बीजापुर के बेदरे लंका नुगूर मार्ग के कि.मी. 2 / 2 से 2/10 इन्द्रावती नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का शेष कार्य। | 2841.86 |
| 4 | 167290 द्वितीय आमंत्रण 22.04.2025 | जिला गरियाबंद के देवभोग में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग्स, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। | 612.83 |
| 5 | 167300 प्रथम आमंत्रण 22.04.2025 | जिला कोरिया के बैकुंठपुर से बिलासपुर मार्ग पर धनुहर नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 603.96 |
| 6 | 167308 प्रथम आमंत्रण 22.04.2025 | जिला बालोद के जगन्नाथपुर दरबारी नवागांव डेंगरापारा मार्ग लंबाई 6.00 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 698.79 |
| 7 | 167309 प्रथम आमंत्रण 22.04.2025 | जिला बीजापुर के बीजापुर-आवापल्ली- चिंतलनार-इंजाराम मार्ग के कि.मी. 39 / 2 ( बासागुड़ा) तालपेरू नदी पर उच्चस्तरीय पुलमय पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 774.85 |
| 8 | 167340 प्रथम आमंत्रण 23.04.2025 | जिला बालोद के बालोद में शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय भवन का रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सेप्टिक टैंक, बोरवेल एवं विद्युतीकरण सहित अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 287.15 |
| 9 | 167379 प्रथम आमंत्रण 23.04.2025 | जिला महासमुंद के NH 53 में सिनोधा मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, पुल पुलिया सहित। संभाग महासमुंद। | 466.23 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 से सं.क्र. 04 दिनांक 08.05.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 16.05.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है ।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G-252600514/4

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho. no. 0771-2535780,90, Fax. 07717222395,
E-mail- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 179/भ.नि.अ.प्र./ न.पा.नि/ 2025 रायपुर दिनांक 28/04/2025

**प्रथम आम सूचना**

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम डूडा प.ह.न. 118 में मेसर्स संजय बाजपेयी बिल्डर्स प्रा.लि. डायरेक्टर डॉ. सरिता बाजपेयी एवं अन्य कृष्णा काम्पलेक्स तृतीय तल रायपुर छ.ग द्वारा कपटपूर्ण तरीके से शासकीय भूमि को शामिल करते हुए, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, शारदा चौक, रायपुर से जारी विकास अनुज्ञा स्वीकृत कराकर भूखण्डों का विक्रय किये जाने का तथ्य शासन के संज्ञान में आने के पश्चात संचालक नगर तथा ग्राम निवेश छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा परीक्षण / विवेचना के आधार पर संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 16 एवं छत्तीसगढ़ भूमि विकास निगम 1984 के नियम 25 के तहत प्रतिसंहृत (**revoke**) किया गया है। जिसके प्रबंधन अधिग्रहित करने हेतु पूर्व में दिनांक 05.07.2024 15.07.2024 एवं 01.08.2024 को आम सूचना प्रकाशित की गयी थी। उक्त प्रकाशन में दिये गये खसरों के अतिरिक्त न्यू स्वागत विहार के निम्न खसरों की भूमि का प्रबंधन अधिग्रहित किया जाना है। **जो कि निम्नानुसार हैः-**

| क्र | भूमि खसरा क्र. |
|---|---|
| 1 | 508/8, 519/2क, 536/2, 537/1, 538/3, 538/4, 538/5, 538/6, 538/7, 538/8, 538/9, 539/1,539/2, 540, 541/2, 541/3, 542/1, 542/2, 542/3, 543/1, 543/2, 543/3, 545, 546/1, 546/3, 546/4, 546/5, 548/1, 548/2, 549, 550/2, 550/3, 564/4, 564/7, 564/9, 566/1, 566/2, 566/3, 567, 568/1, 568/2, 570, 573 |

आवास एवं पर्यावरण विभाग छ.ग. शासन के पत्र क्र एफ 3-7 /2013 / 32 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 04.10.2023 के अनुसार मंत्री परिषद दिनांक 26.09.2023 में लिये गये निर्णय के परिपालन में न्यू स्वागत विहार कालोनी को अनाधिकृत मानते हुये छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम तथा नगर पालिका (कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निबंधन तथा शर्तें) नियम 2013 के नियम 15 एवं नगर पालिक निगम, अधिनियम 1956 की धारा 292 (**292ङ**) के तहत् शहरी क्षेत्र में स्थित भूमि पर कालोनी के प्रबंधन का अधिकार आयुक्त (सक्षम प्राधिकारी), नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा ग्रहण करने का प्रस्ताव है।

उक्त कालोनी में उपरोक्तानुसार खसरों की भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्ति **दिनांक 19.05.2025 से 21.05.2025 तक** लिखित रूप में निर्धारित प्रारूप में जोन कार्यालय जोन क्रमांक 10 नगर पालिक निगम, रायपुर के पास में दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें की "सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त कालोनी की उक्त भूमि का प्रबंधन उसके द्वारा अधिकार में क्यों न ले लिया जाए? दावा आपत्ति हेतु निर्धारित प्रारूप जोन क्रमांक 10 नगर पालिक निगम, रायपुर के अमलीडीह स्थित कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में अथवा नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाइट **https://nagarnigamraipur.nic.in/** से डाउनलोड किया जा सकता है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रायपुर छ.ग



# लिवरपूल ने 20वीं बार जीता प्रीमियर लीग का खिताब, रिकॉर्ड की बराबरी



**लाल रंग की जर्सी से पटा स्टेडियम**

टीम ने 2020 में जब 30 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था तब कोविड महामारी के कारण स्टेडियम में प्रशंसक मौजूद नहीं थे लेकिन इस बार बड़ी संख्या में दर्शक टीम की लाल रंग की जर्सी में मौजूद थे। प्रशंसकों ने 20 अंक लिखा हुए बड़े-बड़े झंझे लिए थे, जो टीम के 20वें खिताब को दर्शा रहा था। अन्य मैचों में रासमस होजलंड ने अतिरिक्त समय में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बौर्नमाउथ के खिलाफ 1-1 से बराबरी दिला दी।

## एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 रौंदा

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में रविवार को यहां एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 हराकर 20वीं बार इस खिताब को अपने नाम कर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड की बराबरी की।

डोमिनिक सोलंके के 12वें मिनट में किए गोल से पिछड़ने के बावजूद लिवरपूल ने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और मध्यांतर तक 3-1 की बढ़त कायम कर उन्हें जश्न मनाने का मौका दे दिया। लुइस डियाज ने मैच के 16वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जबकि एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने इसके आठ मिनट बाद टीम को बढ़त दिला दी। कोडी गोपिको ने 34वें मिनट में लिवरपूल को 3-1 से आगे कर दिया। टीम का दबदबा मध्यांतर के बाद भी जारी रहा। दिग्गज मोहम्मद सालाह ने 63वें मिनट में गोल कर 4-1 की बढ़त बना दी। डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लिवरपूल को 5-1 से आगे करने के साथ टोटेनहैम के लिए वापसी के दरवाजे भी बंद कर दिए।

**2 मैच पहले हुआ चैंपियन का फैसला**

### 34 मैचों में 84 अंक

जीत से लिवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गए जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक है। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लिवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने 2020 के बाद प्रीमियर लीग के अपने पहले खिताब का कोच आर्ने स्लॉट के साथ गाना गा कर मनाया। इस दौरान सालाह ने प्रशंसकों के साथ सेल्फी (फोटो) खिंची।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| राजस्थान | 10 | 3 | 7 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

**ऑरेंज कैप**



साई सुदर्शन
456 रन
गुजरात

**पर्पल कैप**



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

### खबर संक्षेप



**तैजुल के पांच विकेट जिम्बाब्वे लड़खड़ाया**

**चटगांव।** बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए जिसके दम पर बांग्लादेश ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन जिम्बाब्वे को नौ विकेट पर 227 रन पर रोक दिया। बांग्लादेश ने सात विकेट 55 रन के भीतर गंवा दिए। जिम्बाब्वे के लिए सीन विलियम्स ने 67 और निक वेल्क ने 54 रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। विलियम्स ने 166 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। वहीं निक ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के जड़े।

**द.अफ्रीका के खिलाफ भारत की भिड़ंत आज**

**कोलंबो।** श्रीलंका के खिलाफ एकतरफा जीत से अपने अभियान का आगाज करने वाली भारतीय महिला टीम मंगलवार को यहां अपने दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय बनाये रखने की होगी। भारतीय टीम ने रविवार को मेजबान श्रीलंका पर नौ विकेट की बड़ी जीत के साथ एकदिवसीय मैचों में लगातार सातवीं सफलता हासिल की। टीम ने इस मैच के दौरान तीनों विभागो में अपना दबदबा कायम किया।

## आईपीएल : वैभव-यशस्वी ने की 166 रन की ऐतिहासिक साझेदारी

# वैभव में सूर्यवंशी ओज, रॉयल्स जीत से उम्मीदें बाकी, गुजरात को हराया

एजेंसी ▶▶| जयपुर

14 बरस 32 दिन के 'वंडर ब्वॉय' वैभव सूर्यवंशी आक्रामक बल्लेबाजी की नई परिभाषा गढ़ते हुए आईपीएल के साथ साथ पुरुष टी20 में शतक जमाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। वैभव ने एक ऐसी पारी खेली जो क्रिकेटप्रेमियों को बरसों याद रहेगी और जिसके आगे मैच का नतीजा बेमानी हो गया। उनकी इस पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हराकर आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखी है। जीत के लिए 210 रन का लक्ष्य रॉयल्स ने 25 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया।

आईपीएल शुरू होने के तीन साल बाद 2011 में पैदा हुए बिहार के समस्तीपुर के सूर्यवंशी ने 35 गेंद में शतक जमाया जो क्रिस गेल की 30 गेंद की पारी के बाद आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक है। उसकी उम्र के बाकी बच्चे जहां स्कूलों के होमवर्क करने या प्ले स्टेशन पर खेलने में व्यस्त होंगे, वहीं बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी 141 टेस्ट का कुल अनुभव रखने वाले मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा की गेंदों की जमकर धुनाई कर रहे थे।



### सूर्यवंशी परिवार की मेहनत सफल

सूर्यवंशी ने अपनी 37 गेंद की पारी में 11 छक्के और सात चौके लगाए। वहीं यशस्वी जायसवाल ने 40 गेंद में 70 रन की पारी खेली लेकिन सूर्यवंशी के बल्ले से ऐसा जलजला निकल रहा था कि उनकी पारी बेनूर हो गई। दस बरस की उम्र से पटना में रोज 600 गेंद खेलने वाले सूर्यवंशी 16-17 वर्ष के नेट गेंदबाजों का सामना करते थे जिनके लिए उनके पिता संजीव सूर्यवंशी 10 अतिरिक्त टिफिन लाया करते थे। लेकिन उनकी सारी मेहनत आज सफल हो गई। अपने बच्चे के क्रिकेट खेलने के सपने को पूरा करने के लिए अपनी जमीन बेचने वाले सूर्यवंशी परिवार के संघर्ष से सफलता की कहानी अब आने वाले समय में क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा होगी।

### सिराज-ईशांत के गेंद पर खेला दर्शनीय शॉट

सिराज को लांग आन के ऊपर और ईशांत को स्क्वेयर लेग पर जिस तरह से उसने शॉट लगाए, इससे साबित होता है कि इतनी कम उम्र में वह कितना परिपक्व है। अफगानिस्तान के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर करीम जनत के एकमात्र ओवर में उसने 30 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का पराग बो तीक्षणा | 39 | 30 | 4 | 1 |
| गिल का पराग बो तीक्षणा | 84 | 50 | 5 | 4 |
| जोस बटलर नाबाद | 50 | 26 | 3 | 4 |
| सुंदर का हेटमायेर बो संदीप | 13 | 08 | 0 | 1 |
| तेवतिया का पगबाधा ओ आर्चर | 09 | 04 | 0 | 1 |
| शाहरुख खान नाबाद | 05 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 209 /5
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-49-1, तीक्षणा 4-0-35-2, युधवीर 3-0-38-0, संदीप 4-0-33-1, रियान 1-0-14-0, हसरंगा 4-0-39-0.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 70 | 40 | 9 | 2 |
| वैभव सूर्यवंशी बो प्रसिद्ध | 101 | 38 | 7 | 11 |
| राणा पगबाधा बो राशिद | 04 | 02 | 1 | 0 |
| रियान पराग नाबाद | 32 | 15 | 2 | 2 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 15.5 ओवर में 212/2
गेंदबाजी : सिराज 2-0-24-0, ईशांत 2-0-36-0, वॉशिंगटन 1.5-0-34-0, प्रसिद्ध 4-0-47-1, राशिद 4-0-24-1, करीम 1-0-30-0, साइ किशोर 1-0-16-0.

**फुटबॉल**

## मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप फाइनल में बनाई जगह

**लंदन।** कोच पेप गार्डियोला की देखरेख में मैनचेस्टर सिटी का सबसे खराब सत्र भी ट्रॉफी के साथ समाप्त हो सकता है क्योंकि टीम ने रविवार को यहां वेम्बली स्टेडियम में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष एफए कप फाइनल में प्रवेश किया। रिको लुईस ने मैच के दूसरे मिनट में गोल कर के टीम को बढ़त दिला दी जबकि रक्षापंक्ति के खिलाड़ी जोस्को ग्वारडिओल ने 51वें मिनट में कॉर्नर से हेडर के जरिए गोल में बदल कर बढ़त दोगुनी कर दी। फॉरेस्ट की टीम ने इसके बाद तीन बार गोल करने के मौके बनाए लेकिन टीम एक को भी भुनानो में सफल नहीं रही। एफए कप के फाइनल मे उसके सामने क्रिस्टल



पैलेस की चुनौती होगी। यह मैच 17 मई को खेला जाएगा।

### एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप डी में भारत शामिल

**नई दिल्ली।** भारत को सोमवार को कुआलालंपुर में निकाले गए ड्रॉ के बाद एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के ग्रुप डी में म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान के साथ रखा गया। म्यांमार छह से 10 अगस्त के बीच



एकल राउंड रोबिन प्रारूप में क्वालीफायर के ग्रुप डी की मेजबानी करेगा। कुल 33 टीम को आठ समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में पांच टीम हैं जबकि बाकी सात में चार-चार टीम को जगह मिली है। ग्रुप विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता के साथ अंतिम दौर का मेजबान थाईलैंड एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के 12वें टूर्नामेंट की 12 टीम की सूची को पूरा करेंगे। एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप से शीर्ष चार टीम 2026 फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2024 तक आठ टीम का टूर्नामेंट था जिसे 2026 से 12 टीम की प्रतियोगिता कर दिया गया है।

## भारत को दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 13 स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

भारत ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। इस साल की युवा एशियाई चैंपियनशिप इस की क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता में रविवार को विभिन्न श्रेणियों में भारतीय खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया। भारतीय टीम ने अंडर-19 लड़कियों, अंडर-15 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने अंडर-19 और अंडर-15 युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं सहित सभी छह स्वर्ण भी पदक जीते। इसके अलावा भारत ने अंडर-19 लड़कों और लड़कियों के एकल मुकाबलों में चार स्वर्ण पदक हासिल




किए। टीम स्पर्धाओं में पृथा वर्तिकार, अनन्या चंदे, हार्डी पटेल और दीया ब्रम्हचारी ने नेपाल को 3-1 से हराकर अंडर-19 लड़कियों का स्वर्ण पदक जीता। प्रतीति पॉल, आरुषि नंदी, अद्विका अरवल और तन्मयी साहा ने अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में श्रीलंका को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में कुशाल चोपड़ा ने साथी भारतीय आर बालामुरुगन को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जिससे भारतीयों ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। अंडर-19 लड़कियों के एकल में भी शीर्ष दो स्थान भारतीयों के नाम रहे जब अनन्या चंदे ने पृथा वर्तिकार को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### बीसीसीआई सीओई में स्पिन कोच के लिए जोशी सबसे बड़े दावेदार

**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में स्पिन गेंदबाजी कोच के पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। यह पद इस साल की शुरुआत में साईराज बहुतुले के इस्तीफे के बाद खाली हो गया था। बहुतुले आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स से जुड़ गए थे। सीओई को पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रूप में जाना जाता था। यह पहले बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थित था। आधुनिक सुविधाओं से लैस सीओई का संचालन हालांकि बेंगलुरु शहर के बाहरी इलाके बने बेहद बड़े परिसर में हो रहा है। भारत के लिए 1996 से 2002 के बीच 15 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैच खेलने वाले 54 साल के जोशी मौजूदा समय में पंजाब किंग्स आईपीएल टीम में रिकी पोंटिंग के साथ काम कर रहे हैं।

## भारत के सामने आज इंडोनेशिया की कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| शियामेन

प्रतियोगिता में बने रहने के लिए इंडोनेशिया जैसी मजबूत टीम को हराने की चुनौती का सामना कर रही भारतीय टीम को मंगलवार को यहां बीडब्लूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स के ग्रुप डी में अपने स्टार एकल खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारत के अभियान की शुरुआत रविवार को डेनमार्क के खिलाफ 1-4 से हार के साथ हुई जिससे नॉकआउट के



लिए क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है।

ग्रुप डी से केवल दो टीम आगे बढ़ेंगी और ऐसे में भारत को अपनी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए इंडोनेशिया के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। भारत अगर इंडोनेशिया से हार जाता है तो इंग्लैंड के खिलाफ उसका तीसरा और अंतिम ग्रुप मैच महज औपचारिकता बनकर रह जाएगा। स्टार एकल खिलाड़ियों लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू की खराब फॉर्म के कारण भारत की परेशानियां बढ़ी हैं। हालांकि भारत के लिए कुछ उम्मीद है। लक्ष्य ने अपने पिछले दो मुकाबलों- पेरिस ओलंपिक और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में इंडोनेशिया के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराया है।

**SBI भारतीय स्टेट बैंक**
एच.एल.सी- अंचल कार्यालय, बैरन बाजार, रायपुर छ.ग. फोन- 0771-4040349, फैक्स- 0771-4040334

**नियम 8(1) कब्जा संबंधी नोटिस (अचल संपत्तियों हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणी / जमानतदारों को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे दर्शायी गयी है , उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया। ऋणी द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा ऋणी / जमानतदारों को एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त् अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पतियों का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से ऋणी / जमानतदारों और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित सम्पतियों से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये भारतीय स्टेट बैंक की संबधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा।

*ऋणी / जमानतदारों का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचन (redeem) कराने के संबंध में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।*

| क्र. | उधारकर्ता(ओ) / जमानतदार(ओ) का नाम | मांग सूचना / कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ता- श्रीमती कोथुरी वामसिलता** पति श्री कोथुरी विश्वनाथ, **सह-उधारकर्ता- श्री कोथुरी विश्वनाथ** पिता श्री वेंकट राम शर्मा कोथुरी | (1) 16.10.2024 (2) 23.04.2025 | रू. 7,29,900.00/- +ब्याज एवं अन्य शुल्क | खसरा नंबर 250/2, 251/2 का भाग, क्षेत्रफल-1200 वर्गफीट, मौजा- मोवा (दुबे कॉलोनी), प.ह नं. -109, आर.आई.सी.- रायपुर-1, वार्ड नं.-26, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग) पर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश। सीमाएं: उत्तर-उपाध्याय की भूमि, पूर्व-सड़क, दक्षिण-शरण सिंह की भूमि, पश्चिम- पुलिस वाले का मकान. |
| 2. | **उधारकर्ता- श्री देवांशु शुक्ला** पिता श्री हरीश कुमार शुक्ला | (1) 12.11.2024 (2) 25.04.2025 | रू. 23,85,640.00/- +ब्याज एवं अन्य शुल्क | मकान नं-140, खसरा नं 15001/1, प.ह नं-90, नया नंबर-20, क्षेत्रफल-1000 वर्ग फीट, आर.आई.सी.-धरसीवा-1, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग) पर स्थित आवासीय प्लॉट एवं मकान का समस्त भाग तथा अंश. (ई-स्टाम्प दिनांक- 03/09/2022 प्रमाण पत्र संख्या-IN-CG33296627845136U के अनुसार)। सीमाएँ: उत्तर-मकान नं-139, पूर्व-रोड, दक्षिण-रोड, पश्चिम- मकान नं-141. |
| 3. | **उधारकर्ता- श्रीमती संगीता लाल** पति श्री कुलदीप भूषण लाल **एवं श्री कुलदीप भूषण लाल** पिता श्री रुबिन बिहारी लाल | (1) 29.01.2025 (2) 25.04.2025 | रू. 24,38,396.00 /- +ब्याज एवं अन्य शुल्क | फ्लैट नं- सी-402, 5वीं मंजिल, क्षेत्रफल- 906 वर्गफीट, खसरा नंबर- 728/1-2-3 एवं 731/3-4 का भाग, पी.एच. नंबर-109, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नंबर-26, ग्राम- दलदल सिवनी, आर.आई.सी.- रायपुर-1, तहसील एवं जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़ पर स्थित आवासीय प्लॉट एवं मकान का समस्त भाग तथा अंश.(बिक्री विलेख दिनांक 26/11/2013 के अनुसार, खंड संख्या-60903, क्रमांक- 5214, पृष्ठ संख्या 10 से 26 तक)। सीमाएं: उत्तर- गलियारा, पूर्व- फ्लैट नंबर- सी-401, दक्षिण- सीढ़ियां, पश्चिम- खुली जगह। |
| 4. | **उधारकर्ता- श्री लोमेंद्र कुमार नारंग** पिता श्री अनूप कुमार नारंग | (1) 30.01.2025 (2) 23.04.2025 | रू.14,02,193.00 /- +ब्याज एवं अन्य शुल्क | फ्लैट नं एलआईजी-302(3BHK), तीसरी मंजिल, ब्लॉक संख्या- बी, कमल विहार, रायपुर विकास प्राधिकरण की प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर विकास योजना-04 (कमल विहार) सेक्टर-10, तहसील+जिला- रायपुर (छ.ग.) पर स्थित निर्मित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश. |
| 5. | **उधारकर्ता- श्री मनोज कुमार हरदाहा** पिता श्री राधे लाल हरदाहा | (1) 28.01.2025 (2) 28.04.2025 | रू. 5,07,634.00 /- +ब्याज एवं अन्य शुल्क | प्लॉट नं एम.आई.जी.-120, आवासीय भवन एवं निमृत मकान, सेट फाइनेंसिंग योजना के तहत निर्मित है, कबीर नगर कुशा भाऊ ठाकरे आवास,तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग), क्षेत्रफल-1162.08 वर्ग फीट पर स्थित संपत्ति. (बिक्री विलेख दिनांक 03/04/2007 के अनुसार, पुस्तक संख्या- ए-1, खंड संख्या- 36524, क्रमांक- 46(क), पृष्ठ संख्या 46 से 56 तक। सीमाएँ:-उत्तर- एम.आई.जी.-119, पूर्व- एम.आई.जी.-148, दक्षिण- एम.आई.जी.-121, पश्चिम-18 मीटर चौड़ी सड़क। |

**यह सूचना अंग्रेजी भाषा में भी प्रकाशित की जा रही है। व्याख्या के किसी भी मामले में अंग्रेजी संस्करण अंतिम होगा।**

दिनांक: 29.04.2025, स्थान- रायपुर | प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

## भारत के 21 मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए पेश करेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारत ने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है जिसमें छह महिलाओं सहित सात और मुक्केबाजों ने अंडर-17 फाइनल में जगह पक्की कर ली।

भारत ने अब तक 43 पदक पक्के कर लिए हैं जिसमें से अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में 21 मुक्केबाज स्वर्ण के लिए मुकाबला करेंगे। अंडर-17 महिला मुक्केबाज अहाना शर्मा (50 किग्रा) ने रविवार को किर्गिस्तान की अकमारल



अमांतायेवा पर शुरुआती दौर में ही नॉकआउट जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। खुशी चंद (44-46 किग्रा) ने यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा चेरेवाटा को 3-2 से हराया, जबकि जन्नत (54 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), हर्सिका (63 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने भी शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। पुरुषों के अंडर-17 वर्ग में देवांश (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वियतनाम के गुयेन ट्रोंग तिएन को 4-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहला आयोजन है, जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन प्राप्त है।

**इंडियन बैंक Indian Bank** इलाहाबाद ALLAHABAD
**शाखा- रायपुर मुख्य**

**कब्जा नोटिस** (अचल संपत्तियों हेतु)
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-8(1) अंतर्गत)

यतः अधोहस्ताक्षरी ने **इंडियन बैंक, रायपुर मुख्य शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पूर्णगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12), सपठित नियम 3 के तहत प्रदुत अधिकारों का प्रयोग करते हुए **रायपुर मुख्य शाखा** के निम्नलिखित **उधारकर्ता/बंधककर्ता- श्रीमती उषा डहरिया** पति श्री बेद प्रकाश डहरिया **एवं जमानतदार - श्री बेद प्रकाश डहरिया** पिता श्री चैतू राम डहरिया, दोनों का सामान्य पता:- 1) एमआईजी 62, गौतम विहार, आलोक नगर के पीछे, देवपुरी, रायपुर, तहसील एवं जिला - रायपुर (छ.ग), 2) एलआईजी-1133, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेजबहरा, रायपुर, (छ.ग), **दिनांक 06.01.2025 को डिमांड नोटिस जारी किया,** जिसमें ऋणि को देय नोटिस में उल्लेखित **ऋण खाता बकाया राशि - रु. 8,53,881/- (रुपये आठ लाख तिरपन हज़ार आठ सौ इक्यासी मात्र)** से 60 दिनों के भीतर जमा करने के लिए कहा गया था। ऋणि द्वारा राशि के भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणि एवं आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने उसको प्रदुत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति को **दिनांक 23.04.2025** को अपने कब्जे में लिया है।

ऋणि को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस संपत्ति बाबत् कोई व्यवहार न करें और इस संपत्ति के बाबत् किये गये व्यवहार पर **इंडियन बैंक** को देय राशि **रु. 8,53,881/- (रुपये आठ लाख तिरपन हज़ार आठ सौ इक्यासी मात्र)** तथा उस पर ब्याज के अध्यधीन होगें। देनदारों का ध्यान रक्षित संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

मकान नंबर एलआईजी 1133, प. ह.नं 50, रायपुर, आर.एन.एम. 1, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) में क्षेत्रफल - 899.75 वर्गफीट पर स्थित आवासीय भूमि एवं भवन, मालिकाना हक - श्रीमती उषा डहरिया पति श्री बेद प्रकाश डहरिया सीमाएं डीड के अनुसार- उत्तर: एलआईजी 1134, पूर्व: निजी भूमि, दक्षिण: 7.50 मीटर रोड, पश्चिम: एलआईजी 1133ए.

**दिनांक: 29.04.2025, स्थान- रायपुर** | प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक



बीजापुर के उसूर ब्लाक स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सबसे बड़े अभियान के बीच 28.50 लाख रूपए के ईनामी 24 माओवादी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में पूर्वी बस्तर डिवीजन परतापुर एरिया कमेटी व पश्चिम बस्तर डिवीजन में सक्रिय एसीएम, एओबी डिवीजन व पीएलजीए मेंबर, माड़ डिवीजन प्लाटून नम्बर 32 के 3 पीपीसीएम, 2 केएएमएस अध्यक्ष, 3 पार्टी मेंबर, 1 सेक्शन डिप्टी कमाण्डर व 1 सीएनएम मेंबर समेत 24 नक्सली शामिल है।

## नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ा अभियान

# 28.50 लाख के ईनामी 24 ने डाला हथियार

## बस्तर डिवीजन, एरिया कमेटी सदस्य शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/ बीजापुर

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि अंदरूनी क्षेत्रों में नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना के साथ शासन की विकासोन्मुखी कार्य सड़कों का विस्तार, परिवहन की सुविधा, पानी, बिजली व शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजना ग्रामीणों तक पहुंचने लगी है। सुरक्षा बलों का ग्रामीणों के साथ हो रहे सकारात्मक संवाद, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत दी जा रही जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी व छग शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के व्यापक प्रचार प्रसार से संगठन में शामिल माओवादियों का मोहभंग हुआ है। संगठन के विचारों से हुए मोहभंग और मिली निराशा एवं संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद, समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सुरक्षित पारिवारिक जीवन जीने की चाह के चलते सभी ने आत्मसमर्पण किया है।



**समर्पित नक्सलियों में यह शामिल:** समर्पित नक्सलियों में 5-5 लाख के ईनामी सुदरू हेमला उर्फ राजेश, कमली मोड़ियम उर्फ उर्मिला, 3 लाख की ईनामी जयमोती पूनेम, 2 लाख का ईनामी सामनाथ कुंजाम उर्फ मनेष, चैतु कुरसम ऊर्फ कल्लू, बुच्ची माड़वी ऊर्फ रोशनी, सुखमति उरसा, सोमली हेमला, एक लाख की ईनामी बुज्जी पदम, सुक्को पुनेम उर्फ मंजूला, हिड़मे वेको उर्फ जुगनी, सोनी कोरसा उर्फ ललिता, लच्छा ताती उर्फ पोटका, मंगू पुनेम, आयतू कोरसा उर्फ आदि शामिल है।

### 203 माओवादी कर चुके हैं समर्पण

1 जनवरी 2025 से अब तक माओवादी घटना में शामिल 213 माओवादियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं 203 माओवादियो ने आत्मसमर्पण कर चुके हैं। बीजापुर जिले में अलग-अलग मुठभेड़ में अब तक 90 माओवादी मारे जा चुके है। आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी माओवादियों को 50-50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया।

### इनके समक्ष किया समर्पण

सभी नक्सलियों ने सोमवार को डीआईजी सीआरपीएफ देवेन्द्र सिंह नेगी, एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 85 वीं बटालियन सीआरपीएफ सुनील कुमार राही, कमांडेंट 153 बटालियन अमित कुमार, कमांडेंट 170 बटालियन सरकार राजारमन, कमांडेंट 199 बटालियन आनंद कुमार, कमांडेंट 222 बटालियन विजेंद्र सिंह, कमांडेंट 214 बटालियन केडी जोशी, कमांडेंट 202 कोबरा अमित कुमार, कमांडेंट 210 कोबरा अशोक कुमार, एएसपी बीजापुर मयंक गुर्जर, डीएसपी घनश्याम कामड़े, एसडीओपी तिलेश्वर यादव, डीएसपी डीआरजी विनीत साहू, डीएसपी नक्सल ऑप्स सुदीप सरकार, डीएसपी बस्तर फाईटर चन्द्रहास के समक्ष समर्पण किया।

## खबर संक्षेप

### नशे के आदी पुत्र की पिता ने टंगिया से मारकर की हत्या

**महासमुंद।** पिता ने धारदार हथियार से अपने ही पुत्र की हत्या कर दी। पुत्र के नशे की आदत से परेशान था पिता। धारदार हथियार से किए गए कई वार से हुई मौत के बाद युवक का शव उसकी खाट में पड़ा मिला। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम टेमरी (पर्रापाट) का है। 20 वर्षीय कमलदास मानिकपुरी के हत्या मामले में पुलिस आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम टेमरी (पर्रापाट) निवासी कमलदास मानिकपुरी (19) नशे का आदी था। उनके पिता धरमदास मानिकपुरी (45) के साथ पैसों को लेकर उनका अक्सर विवाद होता रहता था। रविवार रात करीब 11 बजे एक बार पिता-पुत्र में जमकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि धरमदास ने गुस्से में टंगिया से पुत्र के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### मुआवजा राशि में गड़बड़ी पिथौरा बीईओ निलंबित

**पिथौरा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार ठाकुर



को शासन से प्राप्त मुआवजा राशि में वित्तीय अनियमितता और पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के गंभीर आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ की अवर सचिव तरुणा साहू द्वारा निलंबन आदेश जारी किया गया। गौरतलब है कि कमलेश कुमार ठाकुर इसी माह 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन रिटायरमेंट से महज दो दिन पहले यह बड़ी कार्रवाई की गई है। कमलेश कुमार ठाकुर पर आरोप है कि उन्होंने शासकीय मिडिल स्कूल भगतदेवरी के फोरलेन निर्माण से प्राप्त मुआवजा राशि 16,61,163 रुपए को बिना उच्चाधिकारियों की लिखित स्वीकृति और मार्गदर्शन के लगभग दो वर्षों तक अपने पास रखा। यह कार्य छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता का उल्लंघन है। इतना ही नहीं बीईओ पिथौरा का गजब खेल सामने आया है। उन्होंने बिना किसी अधिकृत स्वीकृति या प्रक्रिया के उक्त मुआवजा राशि ग्राम पंचायत भगतदेवरी के सरपंच को 1 जुलाई 2020 को हस्तांतरित कर दी। जबकि, ग्राम पंचायत न तो इस निर्माण कार्य की एजेंसी थी, न ही किसी विभागीय स्तर पर कार्य की स्वीकृति, इस्टीमेट रिपोर्ट अथवा मूल्यांकन कराया गया था।

### चिटफंड कंपनी के नाम पर 50 लाख की ठगी

**भिलाई।** चिटफंड कंपनी में लाभ का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि प्लाट 583/27 सडक 10 आशीष नगर पूर्व रिसाली निवासी योगेश कुमार साहू को ओडिशा निवासी संतोष आचार्य और प्रकाश चन्द्र पाढी ने एमसीएक्स कंपनी के नाम पर प्रतिमाह 3 से 07 प्रतिशत लाभ देने का झांसा देकर राशि इन्वेस्ट कराकर फर्जी बॉंड पेपर तैयार किया। उसके बाद पीड़ित से अपने खाते में छलपूर्वक 49 लाख 50 हजार रुपए जमा कराया। वर्ष 2014 में रायगढ जिंदल ग्रुप में पीड़ित काम करता था। तभी प्रकाश चन्द्र पाढी से परिचय हुआ था।

### यूडी मिंज ने कहा था- पाकिस्तान से भारत की हार निश्चित, बीजेपी का पलटवार

# मिंज की पोस्ट पर सियासत, साव ने कहा- जुबां पर आई दिल की बात, सिंहदेव बोले-यह स्वीकार नहीं

## संवेदनशील विषयों पर ऐसी बात नहीं कहनी चाहिए- अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**कांग्रेस के पूर्व विधायक यूडी मिंज के एक सोशल मीडिया पोस्ट से सियासत शुरू हो गई है। पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की स्थिति में भारत की हार की बात कहकर उन्होंने विवाद खड़ा कर दिया है। यूडी मिंज ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, यदि भारत पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध करता है, तो भारत की हार सुनिश्चित है। उनके इस बयान को लेकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और कांग्रेस से अपने नेता के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।**

खास खबर

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने यूडी मिंज के बयान को देशद्रोही करार देते हुए कहा, कांग्रेस नेताओं की जुबान से उनके दिल की बात सामने आ गई है। यह बयान देश के नागरिकों का मनोबल तोड़ने वाला है। कांग्रेस को तत्काल यूडी मिंज के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, मिंज का बयान राष्ट्रीय हितों के खिलाफ है और यह देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से सवाल किया कि क्या वे अपने नेता के इस बयान का समर्थन करते हैं।







### बयान की देशभर में चर्चा

कांग्रेस के पूर्व विधायक के बयान की चर्चा पूरे देश में हो रही है। हालांकि मिंज ने सफाई देते हुए कहा था कि उनका एकांउट हैक हो गया था। वह उनका बयान नहीं है। लेकिन लोग इसे मानने के लिए तैयार नहीं हैं। देशभर में मिंज के बयान की निंदा की जा रही है। सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि ऐसे लोगों की वजह से ही देश कमजोर होता है। यह बयान मनोबल गिराने वाला है।

### बयान निंदनीय है

श्री साव ने कहा, हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद वैश्विक समुदाय भारत के समर्थन में खड़ा है। पाकिस्तान के खिलाफ पूरी दुनिया भारत के साथ है। ऐसे समय में देश के भीतर से इस तरह के बयान निंदनीय हैं।

### ऐसे बयानों की वजह से कांग्रेस विपक्ष में रहती है: चंद्राकर

यूडी मिंज के बयान को लेकर बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, अकांउट हैक होने की बात केवल एक बहाना है। संवेदनशील विषयों पर ऐसी बातचीत नहीं करनी चाहिए। ऐसे बयानों की वजह से ही कांग्रेस विपक्ष में रहती है।

### यूडी ने ऐसा कहा तो यह अस्वीकार है- सिंहदेव

पहलगाम हमले को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने



कहा, कायराना कृत्य। कहीं न कहीं चूक हुई होगी, लेकिन वहां से आगे जाना है। जवाब मिलना ही चाहिए ऐसे लोगों को जिन्होंने ये हरकत की है। आतंकियों के नापाक इरादे कभी पूरे नहीं होंगे, पूरा देश आज एक साथ खड़ा है। मामले में बोलना कम और करना ज्यादा चाहिए। कांग्रेस के पूर्व विधायक यूडी मिंज के विवादित सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर टीएस सिंहदेव ने कहा, अगर उन्होंने ऐसा कहा है तो ये अस्वीकार है, हम न्यूक्लियर पॉवर वाले देश हैं। हमारा देश सक्षम है। चीन साथ नहीं भी दिया, तो दूसरे देश हैं साथ देने को।

### दो सड़क हादसों में मौत

## रेलवे कर्मी, नर्सिंग छात्रा सहित तीन की गई जान



**भिलाई।** दो अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्ध, युवक और युवती की मौके पर मौत हो गई। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार से कार सीजी 07 एमए 2307 में सवार नंदिनी रोड छावनी निवासी आलोक साहू और भिलाई नगर पूजा प्रसाद सवार थे। हादसा सोमवार तड़के सुबह 4.30 बजे की है। दोनों कहीं से लौट रहे थे कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि जैसे ही आवंती बाई चौक के पास कार पहुंची अनियंत्रित होकर सामने लगे पोल से टकरा गई। मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। आलोक का कुरुद रोड पर स्थित लक्स होटल संचालक का बेटा है। पूजा नर्सिंग की छात्रा है। दूसरा हादसा भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है जहां रेलवे कर्मी काम से अपने घर लौट रहा था। ग्राम जंजगिरी चरोदा निवासी चंद्रशेखर मानिक 60 वर्ष अपने बाइक से घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान जंजगिरी मोड पर तेज रफ्तार से आ रही ट्रक सीजी 07 डीजी 8855 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्राम जंजगिरी चरोदा निवासी चंद्रशेखर मानिक को चपेट में लिया। ट्रैफिक पुलिस पेट्रोलिंग वाहन से सुपेला लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### दो माह बाद सेवानिवृत्त होने वाला था कर्मी



कर्मियों के मुताबिक मृतक चंद्रशेखर मानिक के एक बेटा और बेटी है। रेलवे के एसएससी विभाग में कार्यरत थे। ड्यूटी से घर लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। चंद्रशेखर का माह जून में रेलवे से सेवानिवृत्त होने वाले थे। चंद्रशेखर हमेशा अपने वाहन को काफी धीरे चलाया करते थे। फिलहाल कुम्हारी पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### कोर्ट ने पूछा-व्यवस्था सुधारने क्या कर रहे

## कैंसर पीड़ित महिला को एंबुलेंस नहीं मिली, हाईकोर्ट ने तीन लाख का मुआवजा देने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग और रेलवे की लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताई है। साथ ही कोर्ट ने फैसला देते हुए कैंसर पीड़ित महिला को 3 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया है। इसमें एक लाख रुपए रेलवे और 2 लाख रुपए राज्य शासन को देना होगा। ध्यान रहे कि बुढ़ार (मप्र) निवासी महिला की एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण मौत हो गई थी। कोर्ट ने सख्त लहजे में यह भी पूछा है कि व्यवस्था सुधार के लिए क्या किया जा रहा है, इसकी पूरी जानकारी कोर्ट में पेश करें। साथ ही यह बताने कहा है कि इमरजेंसी में एंबुलेंस सुविधा आखिर उपलब्ध क्यों नहीं हो पाती। कोर्ट ने गंभीर टिप्पणी करते हुए यह भी कहा है कि राज्य सरकार की मुफ्त की योजनाएं हैं, फिर भी लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव और बिलासपुर रेलवे के डीआरएम से जवाब भी मांगा था। दरअसल, दंतेवाड़ा में एंबुलेंस नहीं मिलने से मरीज की मौत और बिलासपुर रेलवे स्टेशन में कैंसर पीड़ति महिला का शव ले जाने एंबुलेंस सुविधा नहीं मिलने को लेकर हाईकोर्ट ने सुनवाई शुरू की है। याचिका के मुताबिक रायपुर से बिलासपुर आकर यहां से बुढ़ार जाने के लिए ट्रेन में सफर कर रही एक कैंसर पीड़ित महिला रानी बाई (62) की मौत हो गई।



### रेलवे अस्पताल प्रबंधन क्या कर रहा

हाईकोर्ट ने मीडिया रिपोर्ट पर जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार कैंसर पेसेंट को एंबुलेंस नहीं दिला पा रही है। रेलवे में भी अस्पताल है। इसके बाद भी महिला को एंबुलेंस नहीं मिली। राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि राज्य सरकार लोगों को फ्री एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करा रही है, जिस पर कोर्ट ने कहा कि डिवीजन बेंच ने कहा कि यह तो स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही है। मरीज को एंबुलेंस नहीं मिला तो उसकी जान ही चली गई।

### ड्राइवर ने बॉडी ले जाने से कर दिया था मना

ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने पर शव को उतारकर कुली की मदद से उन्हें स्ट्रेचर से गेट नंबर एक के बाहर तक लाया। वहां पर एंबुलेंस का ड्राइवर गायब था। थोड़ी देर बाद वह आया, लेकिन बॉडी ले जाने से मना कर दिया। महिला के परिजनों के परिचितों के जरिए दूसरे एंबुलेंस का इंतजाम किया और वहां से एक घंटे बाद रवाना हो गए। उन्हें बिलासपुर से शाम वाली ट्रेन पकड़कर बुढ़ार जाना था। वहीं, दंतेवाड़ा जिले गीदम में 11 घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंचने के कारण इलाज में देरी हुई, जिससे मरीज की मौत हो गई। इस दौरान परिजन बार-बार 108 को कॉल करते रहे लेकिन, सुबह के बजाए एंबुलेंस रात में आई। इसके चलते मरीज की जान चली गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया।

# 35 आईएफएस अधिकारियों के तबादले

## शेखर संचालक सह डीएफओ जंगल सफारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन ने वन विभाग के 35 आईएफएस अफसरों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। डीएफओ स्तर के इन अधिकारियों के तबादले के आदेश वन विभाग ने जारी कर दिए हैं। जो अधिकारी इसमें प्रभावित हुए हैं उनमें आलोक कुमार डीएफओ खैरागढ़ को उप वन संरक्षक अरण्य भवन नया रायपुर, विवेकानंद झा डीएफओ बलरामपुर को वन संरक्षक अरण्य भवन नया रायपुर, सतोविशा समाजदार, उप वन संरक्षक वन प्रबंधन सूचना प्रणाली अरण्य भवन नया रायपुर को प्रभारी मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी, एवं क्षेत्र संचालक उदंती-सीतानंदी टायगर रिजर्व रायपुर तथा अतिरिक्त प्रभार उप वन संरक्षक वन प्रबंधन सूचना प्रणाली नया रायपुर, स्टायलो मंडावी डीएफओ रायगढ़ को प्रभारी मुख्य वन संरक्षक वनय प्राणी एवं क्षेत्र संचालक इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर, गुरुनाथन एन डीएफओ केशकाल को प्रभारी वन संरक्षक भू-प्रबंध अरण्य भवन नया रायपुर, प्रियंका पांडेय डीएफओ जांजगीर-चांपा को उप वन संरक्षक पीसीसीएफ कार्यालय अरण्य भवन नया रायपुर, प्रणव मिश्रा उप वन संरक्षक अरण्य भवन नया रायपुर को प्रतिनियुक्ति पर संयुक्त सचिव वन विभाग मंत्रालय, गणवीर धम्मशील संचालक-सह- डीएफओ जंगल सफारी रायपुर को डीएफओ बलौदाबाजार, रमेश कुमार जांगड़े डीएफओ कोंडागांव को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित नया रायपुर, पंकज राजपूत डीएफओ महासमुंद को डीएफओ खैरागढ़, प्रभाकर खलखो डीएफओ कोरिया को प्रभारी वन संरक्षक कार्य आयोजना सरगुजा वनमंडल, मयंक पांडेय संयुक्त सचिव वन विभाग मंत्रालय रायपुर को डीएफओ महासमुंद, सत्यदेव शर्मा डीउफओ बिलासपुर को राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, नया रायपुर, जितेंद्र कुमार उपाध्याय डीएफओ जशपुर को डीएफओ धरमजयगढ़, संजय कुमार यादव डीएफओ मुंगेली को राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, नया रायपुर, शमा फारूकी डीएफओ अनुसंधान एवं विस्तार जगदलपुर को उप वन संरक्षक अरण्य भवन नया रायपुर, प्रेमलता यादव मंडल प्रबंधक वन विकास निगम कोटा परियोजना मंडल बिलासपुर को उप वन संरक्षक अरण्य भवन नया रायपुर, दिव्या गौतम संचालक वन विद्यालय जगदलपुर को डीएफओ केशकाल, मयंक अग्रवाल डीएफओ बलौदाबाजार को डीएफओ कोरबा, चूड़ामणि सिंह संचालक कांगेर घाटी उद्यान जगदलपुर को डीएफओ दक्षिण कोंडागांव वनमंडल, अभिषेक जोगावत डीएफओ धरमजगढ़ को डीएफओ सरगुजा, आलोक कुमार बाजपेयी डीएफओ कांकेर को डीएफओ बलरामपुर, थेजस शेखर डीएफओ सरगुजा को संचालक सह वन मंडलाधिकारी जंगल सफारी रायपुर, शशि कुमार डीएफओ कवर्धा को डीएफओ जशपुर, रौनक गोयल डीएफओ मरवाही को डीएफओ कांकेर, ग्रीष्मी चांद उप वन संरक्षक अरण्य भवन नया रायपुर, चंद्रशेखर शंकर सिंह डीएफओ दुर्ग से कोरिया वनमंडल बैकुंठपुर, अभिनव कुमार उप डीएफओ बिलासपुर को डीएफओ मुंगेली, हिमांशु डोंगरे उप वनमंडलाधिकारी राजिम को डीएफओ जांजगीर-चांपा, निखिल अग्रवाल डीएफओ कवर्धा, नीरज को डीएफओ बिलासपुर, अक्षय दिनकर भोसले को डीएफओ सुकमा, दीपेश कपिल को डीएफओ दुर्ग और एस नवीन कुमार को संचालक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर पदस्थ किया गया है।



## संबलपुर यार्ड रिमाडलिंग से डायवर्ट होकर चलेंगी एसईसीआर की 10 ट्रेनें

**बिलासपुर।** संबलपुर रेल मंडल के संबलपुर रेलवे स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 10 ट्रेनों का परिचालन 30 जून तक डायवर्ट रूट से किया जा रहा है। यह सारी ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से रवाना की जाएगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल में रिमाडलिंग का कार्य होगा। संबलपुर और संबलपुर शहर की दूरी लगभग 6 किलोमीटर की है। इस कार्य के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 10 ट्रेनों को डायवर्ट रूट से चलाने का आर्डर जारी किया गया है। इसमें 3, 7, 10, 14, 17, 21, 24, 28 और 31 मई एवं 4, 7, 11, 14, 18, 21, 25 और 28 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली गाड़ी 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, 1, 5, 8, 12, 15, 19, 22, 26, 29 मई, 2, 5, 9, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 जून को चलाई जाएगी। इसी प्रकार अन्य ट्रेनों के परिचालन भी प्रभावित हुए है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com